ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 1 जून 2024
वर्ष 2, अंक 281, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



होम रन नहीं, चौके-छक्कों की होगी बारिश 15

केडी द डेविल्स की शूटिंग शिल्पा ने की पूरी 16



## ध्यान-साधना में लीन प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ध्यान साधना के दूसरे दिन तमिलनाडु के कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल में सूर्योदय के दौरान सूर्य अर्घ्य दिया। भगवा कुर्ता, शॉल और धोती पहने हुए ध्यान मंडपम में ध्यान में वह लीन दिखाई दिए। प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को ध्यान लगाना शुरू किया और एक जून की शाम तक ध्यान करेंगे। प्रधानमंत्री ने वर्षी 2019 में लोकसभा चुनाव में प्रचार के बाद केदारनाथ गुफा में भी इसी तरह ध्यान लगाया था। एजेंसी

## देश को तानाशाही से बचाने के लिए जा रहा हूं जेल : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत 1 जून को खत्म हो रही है। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार को वीडियो जारी कर केंद्र सरकार और जेल अधिकारियों पर खुद को प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा- देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। मैं रविवार को 3 बजे बजे सरेंडर करूंगा। इस बार मेरे प्राण चले जाएं तो गम मत करना। जेल में मुझे प्रताड़ित करने की फिर कोशिश होगी।

# दुनिया को पछाड़ तेजी से दौड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश की अर्थव्यवस्था के अच्छे प्रदर्शन की बदौलत वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई।

इसके साथ ही भारत ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा। मौजूदा चुनाव प्रक्रिया के अंतिम चरण में पहुंचने के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से संबंधित आंकड़ा शुक्रवार को सामने आया। 4 जून को लोकसभा चुनावों के नतीजे घोषित होंगे। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जीडीपी से संबंधित आंकड़े जारी करते हुए



- देश की जीडीपी वृद्धि 8.2 प्रतिशत के साथ दुनिया में सबसे ऊपर

कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही जो पिछली चार तिमाहियों में सबसे कम है। एनएसओ ने कहा समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में वास्तविक जीडीपी में वृद्धि की दर 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि 2022-23 में यह सात प्रतिशत थी। इस तेजी के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था मार्च, 2024 के अंत में 3.5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गई और अगले कुछ वर्षों में इसके 5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का मंच तैयार हो चुका है।

### भारत ने चीन की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ा

इस तेजी के साथ भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। चीन की अर्थव्यवस्था इस साल जनवरी-मार्च के दौरान 5 .3 प्रतिशत की दर से बढ़ी। एनएसओ ने फरवरी में जारी अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि 7 .7 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक, वास्तविक जीडीपी यानी स्थिर कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद 2023-24 में 173 .82 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी का पहला संशोधित अनुमान 160 .71 लाख करोड़ रुपये है। एनएसओ के मुताबिक, मौजूदा कीमतों पर जीडीपी वित्त वर्ष 2023-24 में 295 .36 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाने का अनुमान है जबकि वर्ष 2022-23 में यह 269 .50 लाख करोड़ रुपये थी। यह 9 .6 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाती है। बीती मार्च तिमाही में देश की वास्तविक जीडीपी 47 .24 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 43 .84 लाख करोड़ रुपये थी। यह 7 .8 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाता है। वहीं मार्च तिमाही में देश की मौजूदा कीमतों पर जीडीपी 9 .9 प्रतिशत बढ़कर 78 .28 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि एक साल पहले यह 71 .23 लाख करोड़ थी।




# 16 मतदान कर्मी समेत 86 की मौत

## प्रचंड गर्मी का कहर : जनजीवन अस्त-व्यस्त, मुख्यमंत्री ने दिए सुरक्षा प्रबंध करने के निर्देश

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** जानलेवा गर्मी लगातार कहर बरपा रही है। नौतपा का उग्र रूप जनजीवन अस्त-व्यस्त करने पर अमादा दिख रहा है। शुक्रवार को मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव के लिए डयूटी पर तैनात 13, सोनभद्र में तैनात 2 व रायबरेली में तैनात सब इंस्पेक्टर समेत अलग-अलग जिलों में 86 लोगों की गर्मी से मृत्यु हो गई है।

मिर्जापुर में लोस. चुनाव के लिए डयूटी पर तैनात 13 चुनाव कर्मियों की शुक्रवार को तेज बुखार और उच्च रक्तचाप की शिकायत के बाद मेडिकल कॉलेज में मौत हो गयी। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य के मुताबिक, इन सभी कर्मियों की मौत के सटीक कारण का पता अभी नहीं चल सका है। मिर्जापुर स्थित मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजबहादुर कमल ने न्यूज एजेंसी को बताया कि मृतकों में सात होमगार्ड जवान (गोंडा के 2, प्रयागराज, बस्ती, प्रतागढ़, कौशांबी व मीरजापुर के एक-एक), तीन सफाई कर्मचारी, सीएमओ कार्यालय में तैनात एक लिपिक, एक चकबंदी अधिकारी व होमगार्ड टीम का एक चपरासी शामिल है। उप निरीक्षक हरिशंकर तो रायबरेली में इवीएम की सुरक्षा डयूटी में थे। वहीं, हमीरपुर में 12, प्रतापगढ़ में दस, बांदा में सात, महोबा में सात, लखनऊ व बाराबंकी में 4- 4, प्रयागराज में चित्रकूट में एक, फतेहपुर में दो, कन्नौज में एक की मौत हो गई। राजस्थान निवासी 45 वर्षीय ट्रक चालक तेजा राम की इटावा के इकदिल के पास हाईवे पर लू लगने से मौत हो गई। कानपुर नगर में शुक्रवार को नौ शव अलग-अलग स्थानों पर मिले। इनमें से एक भी शिनाख्त नहीं हो सकी। कानपुर देहात में एक व्यक्ति की मौत हुई। बहराइच में चार, अमेठी में दो, अयोध्या में तीन, रायबरेली में एक, हरदोई में एक, अंबेडकरनगर में एक मौतें हुई है।



वाराणसी में लू के बीच एक मतदान अधिकारी वितरण केंद्र पर बेहोश हो गया। ● एजेंसी

- मिर्जापुर में लोस चुनाव को ड्यूटी पर तैनात 13, सोनभद्र में तैनात 2 व रायबरेली में एक कार्मिक की मौत

### इंसान हों या जानवर, हर स्तर पर हों बचाव के प्रबंध

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** गर्मी के जानलेवा मिजाज का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंसानों के साथ-साथ जीव-जन्तुओं की भी सुरक्षा किए जाने को हर स्तर पर आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने राहत आयुक्त कार्यालय से भी उम्मीद की है कि, मौसम पूर्वानुमान का दैनिक बुलेटिन वहां से जारी हो। यहां तक कि गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती न हो।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जारी एक संदेश में कहा कि, आम जनजीवन और पशुधन, वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर मजबूत प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि तेज गर्मी, लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में जरूरत हो तो अतिरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था हो। योगी के मुताबिक, सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। पानी की कमी से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए।



- हीट वेव (लू) की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश
- गांव हो या शहर, न हो अनावश्यक बिजली कटौती

# मतदान आज, मोदी व योगी की अग्निपरीक्षा

**नई दिल्ली/ लखनऊ**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण मोदी और योगी की भी अग्निपरीक्षा का होगा। हालांकि देशभर के एनडीए प्रत्याशियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी तो वहीं उप्र. के उम्मीदवारों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साख जुड़ी है। लेकिन चुनाव के इस आखिरी पड़ाव में वाराणसी सीट से खड़े नरेन्द्र मोदी के सामने इस बार जीत की हैट्रिक लगाने का लक्ष्य है तो वहीं योगी आदित्यनाथ के घर की सीट गोरखपुर से भाजपा ने अभिनेता से नेता बने रवि किशन शुक्ला को फिर से मैदान में उतारा है। जहां योगी की भी प्रतिष्ठा मायने रखती है।

शनिवार को आखिरी चरण के मतदान में देश की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों के साथ सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी होगा। इस दौरान 144 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला मतदाता करेंगे। इस चरण में उप्र. की महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व रॉबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है। सातवें चरण के चुनाव में भाजपा नीत राजग के दो घटक दलों अपना दल (एस) और सुभासपा के तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मिर्जापुर से अपना दल (एस) प्रमुख व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और राबर्ट्सगंज (सुरक्षित) सीट से रिंकी कोल मैदान में हैं।



मतदान केंद्र जाती पोलिंग पार्टी।

- देश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदाता आज डालेंगे वोट
- उप्र. की 13 सीटों पर 144 उम्मीदवार मैदान में

## एक नजर

### निमहांस को डब्ल्यूएचओ का पुरस्कार


**नई दिल्ली।** डब्ल्यूएचओ ने वर्ष 2024 के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बेंगलुरु में राष्ट्रीय महत्व के संस्थान राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहांस) को स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं की श्रेणी में नेल्सन मंडेला पुरस्कार से सम्मानित किया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि डब्ल्यूएचओ का यह पुरस्कार स्वास्थ्य सेवा और सुविधा के संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थानों और सरकारी या गैर-सरकारी संगठनों को प्रदान किया जाता है।

### डीजीसीए ने एयर इंडिया को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने उड़ानों में अत्यधिक देरी और यात्रियों को हुई असुविधा के लिए शुक्रवार को एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## गुप्त तरीके से धन देने के मामले में ट्रंप दोषी करार

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में डोनाल्ड ट्रंप को रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों के तहत बृहस्पतिवार को दोषी पाया गया। इसी के साथ वह किसी गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराए गए अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ऐसे में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों में शामिल हो एक बार फिर से व्हाइट हाउस पहुंचने की उनकी उम्मीदों की राह में कानूनी चुनौतियां बढ़ती दिख रही हैं। मैनहट्टन के 12 जूरी सदस्यों के एक समूह ने बृहस्पतिवार को एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि वे सर्वसम्मति से इस बात पर सहमत हैं कि 77 वर्षीय ट्रंप ने वयस्क फिल्म स्टार डेनियल्स को 130,000 अमेरिकी डॉलर की राशि का भुगतान छिपाने के लिए व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की।



- दोषी ठहराए जाने वाले अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति

# प्रज्वल 7 दिन की हिरासत में

**बेंगलुरु, एजेंसी**

बेंगलुरु की एक अदालत ने शुक्रवार को जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता एवं सांसद प्रज्वल रेवन्ना को 6 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते 33 वर्षीय प्रज्वल को शुक्रवार तड़के जर्मनी के म्यूनिख से लौटने के बाद गिरफ्तार किया गया था। कई महिलाओं के कथित यौन शोषण के वीडियो सामने आने के बाद हासन से सांसद प्रज्वल जर्मनी चले गए थे।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के.एन. शिवकुमार ने रिमांड अर्जी और प्रज्वल के वकील की आपत्ति पर सुनवाई के बाद उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया है।



**यौन उत्पीड़न मामला**

- जर्मनी से भारत लौटते ही एयरपोर्ट से किया गया था गिरफ्तार

### जमानत रद करने का अनुरोध

एसआईटी ने हाईकोर्ट में प्रज्वल के पिता एवं जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना की अपहरण मामले में जमानत रद करने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति कृष्ण दीक्षित की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। सत्र अदालत ने एचडी रेवन्ना को जमानत दी थी।

### भवानी की जमानत अर्जी खारिज

सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी की अग्रिम जमानत अर्जी एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को खारिज कर दी। भवानी ने मैसुरु जिले के केआर नगर में एक महिला के अपहरण से जुड़े मामले में बुधवार को विशेष अदालत में अग्रिम जमानत अर्जी दायर की थी।

## बिभव कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली कोर्ट ने केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को यह कहते हुए 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और इसे पूरा करने में समय लगेगा। केजरीवाल के निजी सहायक कुमार ने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने कहा दोनों पक्षों की दलीलों सुनने के बाद उन्हें हिरासत में भेजने का फैसला किया। उन्हें 14 जून को पेश किया जाए।

# आंधी-तूफान ने ली 10 की जान

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी/शाहजहांपुर**

**अमृत विचारः** नौतपा की तपिश से बेहाल लोगों के लिए गुरुवार को उठा आंधी तूफान आफत बन गया। तूफान से लखीमपुर में जहां पांच लोगों की मौत हो गई, वहीं शाहजहांपुर में दो बच्चों समेत पांच की गई जान चली गई।

लखीमपुर के थाना निघासन के गांव दरेरी निवासी घनश्याम गिरि पत्नी और बच्चों के साथ रिश्तेदारी में गए थे। वह गुरवार देर शाम वापस घर जा रहे थे। फूलबेहड़ थाना क्षेत्र में तूफान के दौरान उनकी कार पर विशालकाय पेड़ गिर गया, जिससे कार चला रहे घनश्याम गिरि की मौत हो गई, जबकि पत्नी व दो बच्चे घायल हो गए। फरधान थाना क्षेत्र के गांव लोन पुरवा में पक्की दीवार गिरने से उसके मलबे के नीचे दबकर इंद्रपाल (60) की मौत हुई है। थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव इमलिया में ट्रक पर नीम का पेड़ गिर गया, जिससे उसके नीचे दबने से गांव निवासी विनोद कुमार (35) की मौत हो गई। कोतवाली गोला गोकर्णनाथ के गांव विलासपुर में तूफान के दौरान पक्की दीवार भरभराकर ढह गई, जिसके उसके नीचे दबकर फूलमती (75) पत्नी शिवराम की मौत हो गई। हैदराबाद क्षेत्र के गांव बेलवा में दीवार में दबकर 36 वर्षीय विकास कुमार की जान चली गई। थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव रोशन नगर में एक मकान गिरने से उसके मलबे में दबकर फखरुद्दीन (35), उनकी पत्नी नसीम बानो (30), पुत्र सलमान (5) और छह माह का अरमान गंभीर रूप से घायल हो दया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



लखीमपुर की शास्त्रीनगर कालोनी में कार पर गिरा खंबा।

- लखीमपुर में पांच की मौत तो शाहजहांपुर में दो बच्चों समेत पांच की गई जान

# आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि ए ++ ग्रेड पाने वाला देश का पहला कृषि विवि

**संवाददाता, अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचारः** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज ने नया इतिहास रच दिया। नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक) के मूल्यांकन में ए ++ ग्रेड पाने वाला यह देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय बन गया है। ग्रेड की जानकारी के बाद विश्वविद्यालय और इससे जुड़े महाविद्यालयों में जश्न का माहौल शुरू हो गया। ग्रेड मूल्यांकन के लिए आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवम प्रौद्योगिक विवि कुमारगंज ने कड़ी मेहनत की। हर पहलू को बेहतर किया गया। ग्रेड के लिए मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की छह सदस्यीय टीम ने दो चरणों में यहां का दौरा किया। 22-24 अप्रैल और 27 से 29 मई को कृषि विवि और कृषि महाविद्यालयों में परीक्षण किया। हर स्तर पर इसका मूल्यांकन किया। टीम कृषि महाविद्यालय कोटवा आजमगढ तक पहुंची थी। इसके बाद शुक्रवार को कृषि विश्वविद्यालय को ए ++ ग्रेड मिलने की घोषणा की गई। इसकी सूचना मिलने के बाद विश्वविद्यायालय में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रदेश की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने कृषि विवि के कुलपति को बधाई दी। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने इस सफलता का श्रेय कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य अफसरों को दिया है। कहा कि नैक की तैयारी में प्रदेश की कुलाधिपति के मार्गदर्शन से यह अवसर आया है। सफलता में पूरे विश्वविद्यालय परिवार की परिश्रम और मेहनत शामिल है।

- ग्रेड की जानकारी के बाद विश्वविद्यालय और इससे जुड़े महाविद्यालयों में जश्न का माहौल

# अब ऑनलाइन गवाही, न्यायालय जाने की जरूरत नहीं

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार :** एक जुलाई से न्यायिक प्रक्रिया में देशभर में नई व्यवस्था लागू होने जा रही है जिसके तहत अब गवाहों को बयान दर्ज कराने के लिए कोर्ट जाने की आवश्यकता नहीं होगी।


गवाह किसी भी शहर, जिले, प्रदेश में हो, वह वहीं से वीडियो कांफ्रेसिंग बूथ के जरिये गवाही दे सकेगा। इसके लिए प्रत्येक जिले में वीडियो कांफ्रेंसिग बूथ बनाए जाएंगे। हालांकि कानपुर में यह सुविधा पहले से ही शुरू हो चुकी है। अभी तक यह व्यवस्था नियमावली के तहत हो रही थी, अब नई संहिता में इसको विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया है, जो एक जुलाई लागू होगा। अभी तक साक्षियों को कोर्ट में हाजिर होना पड़ता है। कई बार गवाह, वादकारी मजबूरीवश पेश नहीं हो पाते। इसके अलावा बयान देने के लिए लोग काम-धंधा छोड़ कर एक शहर से दूसरे शहर के चक्कर काटते थे, जिस कारण न्यायिक प्रक्रिया में भी देरी होती थी। एक जुलाई से लागू होने वाली भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में यह व्यवस्था की गई है कि आप अपने शहर में वीडियो कांफ्रेंसिग बूथ में बैठकर ही गवाही दे सकते हैं। प्रत्येक जिले में वीडियो कांफ्रेसिंग बूथ बनाए जाएंगे। हालांकि कानपुर में वर्ष 2021-22 में ही ऑनलाइन गवाही शुरु करा दी गई थी। कानपुर में एडीसीपी मनीष सोनकर को इस व्यवस्था का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में इसे विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया

**एक जुलाई से न्यायिक प्रक्रिया में देशभर में नई व्यवस्था लागू होने जा रही**

### इस तरह उठाएं सुविधा का लाभ

संयुक्त निदेशक (अभियोजन) कुंवर विक्रम सिंह ने बताया कि वीडियो कांफ्रेंसिंग नियमावली 2020 के अनुसार हर जिले में वीडियो कांफ्रेंसिंग बूथ गठित किए जाएंगे, जो न्यायालय परिसर में भी होंगे और जिला मजिस्ट्रेट अथवा जनपदीय पुलिस कार्यालय में भी। बूथ पर कोआर्डिनेटर लेवल का एक अधिकारी होगा, जो यह तय करेगा कि गवाही देने वाला व्यक्ति वही है जिसके लिए समन जारी किया गया है। इसी अधिकारी के माध्यम से साक्षी अन्य जनपद की न्यायालय को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गवाही देने की सूचना भेजेगा।



कोरोना महामारी के दौरान वर्ष 2020 में वीडियो कांफ्रेंसिंग से बयान या पेशी की नियमावली लाई गई थी। अब नई संहिता में इसको विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया है, जो एक जुलाई लागू होगा। – **कुंवर विक्रम सिंह**, संयुक्त निदेशक (अभियोजन)


### कुछ इस तरह होगी गवाही

संयुक्त निदेशक (अभियोजन) ने बताया कि गवाह अपने बूथ कोआर्डिनेटर से संपर्क कर वीडियो कांफ्रेंसिंग के संबंध में नियमावली में दिया गया फार्म भरेगा। जिसमें मोबाइल, ईमेल आईडी आदि देगा। यह सब कार्यवाही करने के बाद बूथ कोआर्डिनेटर के माध्यम से कोर्ट को भेजा जाएगा। इसके बाद कोर्ट बयान के लिए तिथि व स्लॉट निर्धारित करेगी। यह सब चीजें गवाह को निर्धारित तिथि से पहले उपलब्ध करा दी जाएंगी।

# बच्चों की आर्थिक स्थिति जांचने के लिए घर पहुंच रहे निजी स्कूल

## अधिकार नहीं फिर भी स्कूलों ने बच्चों के घरों में जाकर भौतिक सत्यापन कराया

**स्कूलों की मनमानी**




कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में निजी स्कूलों की हरकत का खुलासा

**अमृत विचार।** दाखिले से बचने के लिए निजी स्कूलों के प्रतिनिधि बच्चों के घरों तक पहुंच गए। प्रवेश खारिज कराने के लिए उन लोगों ने आर्थिक स्थिति तक का सर्वे कर दिया था। सर्वे के दौरान स्कूलों के प्रतिनिधियों ने मोटरसाइकिल, टीवी व फ्रिज तक की जानकारी हासिल की थी। शिक्षा विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा के दौरान निजी स्कूलों के इस कारनामे का खुलासा हुआ। शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि इस कार्य के लिए निजी स्कूलों को नोटिस जारी की गई है। उनकी ओर से इस तरह का कार्य करना गैरकानूनी है।

शहर में निजी स्कूल आरटीई के तहत प्रवेश न लेने के लिए हर दांवपेंच अपना रहे हैं। इसके लिए वे सूची में शामिल बच्चों के घर तक पहुंचने में गुरेज नहीं कर रहे हैं। शिक्षा विभाग की ओर से हुई समीक्षा के दौरान जब इस बाबत सूचना हुई तो अधिकारियों की ओर से इस प्रकरण को प्रशासन के संज्ञान में भी लाया गया।

अब यह निर्देश जारी हुआ कि निजी स्कूल इस तरह की हरकत को दोबारा नहीं करेंगे। यदि वे ऐसा करते हैं तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि आरटीई के तहत पहले ही बच्चों का सत्यापन हो चुका है। इसके बाद किसी भी तरह का सत्यापन गलत है। निजी स्कूलों को आरटीई के तहत सत्यापन का अधिकार ही नहीं है।

### ये स्कूल पहुंचे घर तक

- डॉ वीरेंद्र स्वरूप एजूकेशन सेंटर श्याम नगर, डॉ वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल कैंट, डॉ वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल, गोविन्द नगर, डॉ वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल, सिविल लाइंस, एनएलके पब्लिक स्कूल लिटिल स्टेप अशोक नगर, एनएलके वेंडी पब्लिक स्कूल, खलासी लाइन, एनएलके पब्लिक विष्णुपुरी, वेंडी हाईस्कूल नारामऊ कल्याणपुर, दिल्ली पब्लिक स्कूल कल्यानपुर, दिल्ली पब्लिक स्कूल किदवई नगर, दिल्ली पब्लिक स्कूल बर्रा, दिल्ली पब्लिक स्कूल सर्वोदय नगर, दिल्ली पब्लिक स्कूल आजाद नगर, सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल, कैंट, युनाइटेड पब्लिक स्कूल सिविल लाइन।

### वार्ड की भी जांच

- निजी स्कूलों की ओर से भौतिक सत्यापन करते हुए वार्ड की जांच भी की जा रही है। वार्ड की जांच इसलिए की जा रही है कि यदि बच्चे का घर वार्ड के बाहर होता है तो स्कूल उसके प्रवेश पर रोक लगा सकता है। इसलिए कुछ स्कूलों के प्रतिनिधियों की ओर से क्षेत्र के पार्षदों से भी संपर्क किया गया था।

### नहीं मिला कोई बहाना

- स्कूलों की ओर से की गई इस जांच के बाद भी उन्हें किसी तरह का कोई बहाना नहीं मिला। इसके बाद स्कूलों की ओर से अभिभावकों को अभिलेखों की कमी का बहाना बनाकर टरकाया गया। यही वजह है कि तीन सूची जारी होने के बाद भी शहर के निजी स्कूलों की ओर से सिर्फ बीस फीसदी ही प्रवेश लिए गए। पूर्व में हुई जांच में यह सामने आया कि 19 ऐसे स्कूल सामने आए थे जिन्होंने एक भी प्रवेश नहीं लिया था।

# फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के सफीपुर इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव फांसी के फंदे से लटकता पाया गया। मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है।

उन्नाव के गंगाघाट पीपरखेड़ा के रहने वाले भूपाल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बेटी 35 वर्षीय कलावती उर्फ खुशी का विवाह छह वर्ष पहले सफीपुर निवासी पिंटू से किया था। शादी के कुछ माह बाद से ही आरोपी पति पिंटू, ससुर शिवनारायण उर्फ सोनेलाल, सास जमुना देवी, देवर राहुल, सरवन, ननद कोमल, शिल्पी, खुशबू और सोनम दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित करने लगे थे। आरोप लगाया कि गुरुवार को आरोपियों ने बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी और फिर शव को आत्महत्या का रूप देने के लिए फांसी के फंदे पर लटका दिया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# छोटे रेलवे स्टेशनों पर भी लगेंगे कैमरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते एडीजी (जीआरपी) जय नारायण सिंह। अमृत विचार

- अपर पुलिस महानिदेशक (जीआरपी) ने सेंट्रल की सुरक्षा व्यवस्था देखी
- कहा कि सेंट्रल स्टेशन पर कैमरों की संख्या बढ़ाने पर हो रहा है विचार

अमृत विचार। सेंट्रल के अलावा छोटे रेलवे स्टेशनों पर ऑपरेशन त्रिनेत्र के जरिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। रिपोर्ट के आधार पर यह सामने आया है कि सीसीटीवी लगने के बाद स्टेशनों में वारदातों में कमी आई है। जल्द ही सेंट्रल के डार्क जोन को कवर करते हुए आस-पास के स्टेशनों जैसे अनवरगंज, रावतपुर, गोविंदपुरी सहित अन्य स्टेशनों को पूरी तरह से सीसीटीवी से कवर किया जाएगा।

यह कहना है अपर पुलिस महानिदेशक (जीआरपी) जय नारायण सिंह का। उन्होंने शुक्रवार को सेंट्रल स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सबसे पहले जीआरपी थाने में बने महिला सहायता केंद्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अंतिम शिकायत 3 मई की मिलने पर उन्होंने महिला यात्रियों के बीच इस सुविधा की जागरुकता के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने थाने का शस्त्रागार और अभिलेखागार का भी निरीक्षण किया। जीआरपी थाने के निरीक्षण के बाद वे आरपीएफ कंट्रोल रूम गए। वहां पर जाकर उन्होंने कैमरों की संख्या की जानकारी हासिल की। कंट्रोल रूम से सेंट्रल की पार्किंग, प्लेटफॉर्म और रास्ते भी देखे। कहाकि जहरखुरानी की घटनाओं को कम करने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

### 23 बॉडी वॉर्न कैमरे हैं अभी

- अपर पुलिस महानिदेशक जीआरपी जय नारायण सिंह ने बताया कि फिलहाल 23 सिपाहियों के जरिए ही बॉडी वॉर्न कैमरे की सुविधाएं ली जा रही है। इसका परिणाम काफी बेहतर तरह से सामने आया है। इसे बढ़ाकर 6 महीने के भीतर 70 सिपाहियों को यह सुविधा दी जाएगी। योजना है कि कुंभ मेले से पहले सभी सिपाहियों को बॉडी वॉर्न कैमरों से लैस कर दिया जाए।

### लगेज स्कैनर पर फोकस

- अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि स्टेशन की सुरक्षा बढ़ाने के लिए जल्द ही लगेज स्कैनर को अत्याधुनिक व बेहतर किए जाने की योजना है। इसके लिए रेलवे अधिकारियों के साथ भी बातचीत चल रही है। जल्द ही यह योजना धरातल में आएगी। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी यात्रियों के लगेज स्केनर से होकर गुजारे जाएं।

# मारपीट में घायल हुए सब्जी विक्रेता की मौत



घटना की जानकारी देता घायल भाई सोनू व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फजलगंज का मामला, 25 मई की रात हुई थी घटना
- पुलिस पर आरोपियों की मदद करने का आरोप

**अमृत विचार।** फजलगंज थानाक्षेत्र में लेनदेन के विवाद को लेकर गुमटी बंबा रोड पर आरोपियों ने एक सब्जी विक्रेता पर धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। इस दौरान बचाने में एक भाई को भी नहीं छोड़ा। परिजनों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान एक भाई ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने पुलिस पर हमलवारों की मदद करने का आरोप लगाया है।



संजय बाथम।

गुमटी बंबा रोड सब्जी मंडी निवासी 50 वर्षीय संजय बाथम गैस एजेंसी के पास सब्जी का काम करते थे। भाई संतोष और सोनू ने बताया कि 25 मई को वह दुकान पर बैठे थे, इसी दौरान क्षेत्र का रहने वाला गोलू आया और पुराने लेनदेन के विवाद को लेकर गालीगलौज करने लगा। गोलू ने अपने साथी सुधीर, बेटू, लल्ला के साथ मिलकर उसने धारदार हथियार से एक के बाद एक सिर पर कई वार कर दिए। भाई सोनू ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें भी लहूलुहान कर दिया। संजय को निराला नगर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार देर रात डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है, कि पुलिस पिछले छह दिन से हाथ पर हाथ धरकर बैठी है, उसने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कोई कदम नहीं उठाया और घटनास्थल से हमले के लाइव वीडियो फुटेज डिलीट करा दिए हैं। इस संबंध में फजलगंज इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला हत्या में तरमीम किया जाएगा। वहीं डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि इस मामले में चारों नामित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है व अन्य कार्रवाई की जा रही है।

# आत्महत्या को दुष्प्रेरित करने में पति को सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सचेंडी थाने में साले ने दर्ज कराया था मुकदमा

**अमृत विचार।** दहेज प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता के आत्महत्या करने के मामले में एडीजे 26 की कोर्ट ने पति को दोषी करार देते हुए पांच साल के कारावास की सजा सुनाई। मृतका के भाई ने वर्ष 2020 में पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना व आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की धाराओं में सचेंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



साढ़ थानाक्षेत्र के रातेपुर गांव निवासी विकास कुमार के मुताबिक उनकी बहन सुषमा की शादी 28 जून 2012 में सचेंडी थानाक्षेत्र के चकरपुर गांव निवासी घनश्याम कुमार के साथ हुई थी। विकास ने बताया कि दो दिसंबर 2020 की सुबह सुषमा के देवर मुकेश ने फोन कर बताया कि उसकी बहन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंचे परिजनों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। मृतका के परिजनों ने बताया था कि ससुरालीजन काफी समय से दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे, जो पूरी न होने पर आए दिन बहन को प्रताड़ित कर रहे थे। विकास ने सचेंडी थाने में घनश्याम समेत ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मामला एडीजे 26 प्रमोद कुमार की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि मामले अभियोजन की ओर से छह गवाह पेश किए गए थे। अभियोजन की ओर से मृतका व उसके भाई विकास के बीच मृत्यु के पूर्व बातचीत का विवरण मुख्य सबूत साबित हुआ। कोर्ट ने उसको महत्वपूर्ण साक्ष्य मानते हुए आरोपी पति घनश्याम को दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोषी को पांच साल का कारवास व 14 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# नौकरी के नाम पर ठगी के आरोपी को जमानत नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एडीजे 26 की कोर्ट ने सुनाया आदेश, वर्ष 2019 में दर्ज हुआ था मुकदमा

**अमृत विचार।** रेलवे में नौकरी के नाम पर 15 लाख की धोखाधड़ी करने वाले जालसाज की एडीजे 26 की कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। धोखेबाज ने नौकरी के नाम पर कई युवकों को अपने जाल में फंसाया था। पीड़ित ने वर्ष 2019 में किदवई नगर थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

राजनारायण ने बताया कि उसके मित्र आशीष कनौजिया के पिता राजेंद्र रेलवे में उच्च श्रेणी के ड्राइवर हैं। आशीष ने उसे व अन्य साथियो चेतन, गोविंद कुमार, सौरभ सिंह गौड़, आवेद अख्तर, अजय सिंह भदौरिया, अखिलेश कुमार व आलोक पाल को पिता से रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर मिलाया था। राजेंद्र ने घाटमपुर, पचखुरा निवासी सर्वेश सिंह से उनकी मुलाकात कराई। सभी ने राजेंद्र को कई बार में करीब 15 लाख रुपये दे दिए। बताया कि इस दौरान उनके पास गोरखपुर व हावड़ा रेलवे से रजिस्टर्ड डाक आए।

सभी युवकों का मेडिकल कराया गया और 40 दिन की ट्रेनिंग भी दी गई। कुछ माह बाद हावड़ा व गोरखपुर में ज्वाइनिंग के नाम पर भेजा गया, लेकिन गड़बड़ी बता कर वापस भेज दिया गया। काफी दिन बीतने के बाद वह सर्वेश सिंह के साकेत नगर स्थित आवास में गए, जहां से आरोपी फरार हो गया। ठगी को अहसास होने पर पीड़ित ने किदवई नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# लक्ष्य हासिल कर लेने तक बढ़ते रहें निरंतर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एनसीसी के कैडेट्स का सम्मान समारोह
- एनसीसी से मिलता है अनुशासन और दृढ़ता

**अमृत विचार।** एनसीसी कैडेट्स देश की शक्ति और भविष्य हैं। उनकी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण हमें गर्वित करता है। यह बात छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक ने कही। उन्होंने कहा कि लक्ष्य हासिल करने तक एनसीसी कैडेट्स निरंतर आगे बढ़ते रहें।

कैंट ऑडिटोरियम में कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का युवा जीवन जीना भूल गया है और जीवन किस प्रकार जीना चाहिए। इसके बारे मे एनसीसी हमको सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों का किस प्रकार सामना करना चाहिए। ऑडिटोरियम में 17 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी के 'ए' एवं 'बी' सर्टिफिकेट परीक्षा पास करने वाले कैडेट्स के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। कैडेट्स के उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण को सराहा गया। समारोह में कैडेट्स को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि एनसीसी के डिप्टी ग्रुप कमांडर कर्नल एस के यादव ने कैडेट्स के प्रयासों की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित किया। 17 यू पी के कमान अधिकारी कर्नल नीरज नैथानी ने कहा कि यूथ के विकास के लिए एनसीसी अति आवश्यक है क्योंकि एनसीसी अनुशासन सिखाती है और अनुशासन ही जीवन को सफलता की ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायता करता है।

मेजर भावना लोहानी ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स की मेहनत और समर्पण हमें प्रेरित करता है। संचालन सीनियर जीसीआई प्रतिमा यादव ने किया। समारोह में विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों के शिक्षकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में जूनियर एवं सीनियर विंग की टॉप पांच-पांच कैडेट्स को पदक मिला। कार्यक्रम मे मयूरी सिंह, नीतू गौर, कनक, प्रीति यादव, दीपाली, रंजना आदि मौजूद रहे।

### इन्हें मिला पदक

मेडल प्राप्त करने वालों में जूनियर विंग में प्रथम स्थान पर श्वेता प्रजापति केके इंटर कॉलेज की छात्रा हैं और सीनियर विंग में सृष्टि पाल रहीं जो विश्वविद्यालय की छात्रा हैं।

# सरिया चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**कानपुर।** सीसामऊ पुलिस ने तांगा समेत सरिया चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।

सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी ने बताया कि कौशलपुरी निवासी विकास मोदी जैन का सरिया लदा तांगा चोरी हो गया था। अफीमकोठी चौराहे पर पुलिस ने सरिया लदे तांगे के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोरों में बाबूपुरवा खटिकाना का प्रदीप, पीयूष और किदवई नगर दस दुकान का इरशाद खां है।

# छात्रा की आत्महत्या में शोहदे पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छावनी थानाक्षेत्र का मामला शादी का बना रहा था दबाव

**अमृत विचार।** छावनी थानाक्षेत्र में शोहदे की छेड़खानी से तंग आकर एक छात्रा के आत्महत्या मामले में पुलिस कमिश्नर के आदेश पर छावनी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। परिजनों ने आरोप लगाया था कि घटना के बाद छावनी पुलिस से शिकायत के बावजूद आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर से की।

छावनी निवासी युवक ने बताया कि उसकी 22 वर्षीय बहन बीए तृतीय वर्ष की छात्रा थी। आरोप था कि छह माह से इलाके में रहने वाला कुनाल बहन से आते-जाते रास्ते में छेड़खानी करता था। वह बहन पर जबरन शादी का दबाव बना रहा था। मना करने पर आत्महत्या कर पूरे परिवार को झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी देता था। 22 मई को आरोपी ने परिवार से मिलकर बहन से शादी करने की इच्छा जाहिर की। जिसका बहन ने विरोध किया तो आरोपी आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। आरोपी की हरकतों से तंग आकर बहन ने 23 मई को फांसी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। शिकायत छावनी पुलिस से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि पीड़ित परिवार ने पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी थी। उनके आरोप झूठे हैं।

**हेल्थ जोन**

## शरीर में खून की कमी के साथ थी बांझपन की समस्या, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष ने किया ऑपरेशन

# 41 फाइब्रॉइड निकालकर महिला की बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एक साल से गर्भाशय में फाइब्रॉइड की समस्या लेकर इलाज के लिए दर-दर भटक रही महिला को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में संजीवनी मिली। जांच कराने पर महिला के गर्भाशय में कई फाइब्रॉइड की पुष्टि हुई। विभागाध्यक्ष डॉ.नीना गुप्ता ने टीम के साथ ऑपरेशन कर न सिर्फ महिला की जान बचाई बल्कि उसकी बच्चेदानी भी सुरक्षित बचा ली।



टीम के साथ महिला का ऑपरेशन करतीं विभागाध्यक्ष डॉ.नीना गुप्ता।

यशोदा नगर निवासी 24 वर्षीय महिला मल्टीपल फाइब्रॉइड की समस्या से करीब एक साल से पीड़ित थी, जिस कारण महिला के पेट में तेज दर्द और भारी मासिक रक्तस्राव हो रहा था। महिला को शरीर में खून की काफी कमी होने के साथ ही बांझपन की समस्या से भी जूझना पड़ रहा था।

बीमारी के कारण महिला की दिनचर्या और जीवनशैली भी प्रभावित हो गई थी। परिजन के मुताबिक उन्होंने कई अस्पतालों में महिला का इलाज कराया, लेकिन आराम नहीं मिला। एक डॉक्टर ने तो बच्चेदानी निकालने तक की भी बात बोल दी थी।

करीब 15 दिन पहले परिजन बीमार महिला को लेकर हैलट अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति विभाग लेकर पहुंचे।

स्त्री एवं प्रसूति विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.नीना गुप्ता ने महिला को ओपीडी में देखने के साथ ही उसकी पूरी केस हिस्ट्री की जानकारी ली। छह दिन पहले डॉ.रश्मि यादव, डॉ.दीप्ति, डॉ.अंजलि समेत टीम के साथ मिलकर महिला को फाइब्रॉइड के लिए मायोमेक्टमी किया गया। करीब डेढ़ घंटे चले ऑपरेशन के दौरान छोटे व बड़े 41 फाइब्रॉइड निकाले।

विभागाध्यक्ष डॉ.नीना गुप्ता ने बताया कि यह ऑपरेशन काफी उच्च जोखिम का था। ऑपरेशन के दौरान ज्यादा रक्तस्त्राव होने से हाइस्टेरेक्टमी का भी खतरा था। सुविधापूर्वक व कठिनाइयों को पार करते हुए महिला की जान बचाई गई है। साथ ही उसकी बच्चेदानी भी नहीं निकाली पड़ी। मायोमेक्टोमी गर्भाशय फाइब्रॉइड को हटाने के लिए की जाने वाली सर्जरी है। मायोमेक्टोमी गर्भाशय को बरकरार रखती है। इसलिए प्रक्रिया के बाद भी महिला गर्भवती हो सकती है।

### फाइब्रॉइड गर्भाशय में होने वाले कैंसर रहित ट्यूमर

फाइब्रॉइड गर्भाशय में होने वाले कैंसर रहित ट्यूमर हैं, इनमें 99 प्रतिशत मामले नॉन कैंसर के होते हैं। इसे यूटेराइन फाइब्रॉइड या गर्भाशय की गांठ के नाम से भी जाना जाता है। फाइब्रॉइड का आकार एक छोटे बीज से लेकर तरबूज जितना हो सकता है। ये क्यों होते हैं, इसका कारण स्पष्ट नहीं है। हां, हार्मोन का प्रभाव और अनुवांशिकता प्रमुख कारण माना जाता है। वर्तमान में फाइब्रॉइड की समस्या महिलाओं में बढ़ी है। इसमे माहवारी के दौरान अधिक रक्तस्राव, पेट में दर्द, पेशाब की थैली पर दबाव के कारण बार-बार पेशाब आना, बांझपन और गर्भपात की समस्या होती है।

### जीएसवीएम में होगी रीनल बायोप्सी की जांच

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कालेज में शुक्रवार को पैथोलॉजी विभाग में रीनल बायोप्सी विषय पर एसजीपीजीआई के प्रो. राम नवल राव ने अहम जानकारी दी। उन्होंने पीजी छात्र-छात्राओं को किडनी बायोप्सी की जांच और बिमारियों की पहचान करने के गुरुमंत्र दिए। पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.महेंद्र सिंह ने बताया कि शीघ्र ही पैथोलाजी विभाग में एसजीपीजीआई के सहयोग से रीनल बायोप्सी की जांच शुरू की जाएगी, जिससे रोगियों को लखनऊ नहीं जाना पडे़गा। इसके साथ ही जल्द विभाग में इम्यूनो फ्लोरेंस की सुविधा शुरू की जाएगी। इस दौरान कालेज की उप प्रधानाचार्य प्रो. रिचा गिरी, जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अलीगंढ़ के डॉ. कफील अख्तर, डॉ. सुमन लता वर्मा, डॉ. लुबना खॉन, डॉ. नीलिमा वर्मा, डॉ.चयनिका काला, डॉ.योगेन्द्र नारायन वर्मा समेत आदि डॉक्टर रहे।

# दो घरों से लाखों की नकदी और जेवरात पार

**कानपुर।** बिधनू थानाक्षेत्र में गुरुवार रात चोरों ने दो घरों से लाखों रुपये की नगदी और जेवरात पार कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

डहरीपुरवा गांव निवासी किसान जितेंद्र यादव के घर गुरुवार रात चोर बगल के खाली प्लॉट में जमा ईंट के जरिए पहले छत पर पहुंचे। इसके बाद जीने के रास्ते घर में घुसे। चोर कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे पांच लाख के जेवर व 13 हजार रुपये की नगदी समेट ले गए। इसके बाद चोरों ने कुछ दूरी पर स्थित सुरक्षा गार्ड शिवबरन के घर में चोरी की। चोर अनाज की कोठी में रखे 3.50 लाख के जेवर व 40 हजार रुपये नगदी समेट कर भाग निकले। सुबह दोनों परिवारों की नींद खुली तो जानकारी हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा हाई स्कूल अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 2725645 वर्ष 2020 यूपी बोर्ड वास्तव में कहीं खो गया है। **प्रीति यादव पुत्री रमेश यादव निवासी एलो पोस्ट एलो पयागपुर बहराइच**

**सूचना**
मेरा हाई स्कूल अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 2725615 वर्ष 2020 यूपी बोर्ड वास्तव में कहीं खो गया है। **लक्ष्मी यादव पुत्री रमेश यादव निवासी एलो पोस्ट एलो पयागपुर बहराइच।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा बीएड वर्ष 2006 रोल नं0 6311089 का अंकपत्र कहीं गिर गया है। **सुनीता पुत्री मुलायम सिंह पता- नगला विहारी, पोस्ट सलेमपुर सौरिख, कन्नौज**

**शीघ्र चाहिए**
कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर-नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना-खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 **दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0- 8896030769 / 9554377000**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सच्चिदानंद पाठक पुत्र आदित्य प्रसाद पाठक निवासी गायत्रीपुरम सिविल लाइन्स, गोंडा, उत्तरप्रदेश 271001 है। मेरे आधार में मेरा नाम सच्चिदानंद पाठक और शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम सच्चिदानंद है। सच्चिदानंद व सच्चिदानंद पाठक दोनों एक ही व्यक्ति हैं और भविष्य में मुझे सच्चिदानंद पाठक के नाम से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्र आकर्ष कुमार के विद्यालय दस्तावेजों में उसका नाम त्रुटिवश आकर्ष कुमार मौर्या एवं मेरा नाम प्रेम नारायण मौर्या दर्ज हो गया है जो गलत है। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम आकर्ष कुमार तथा मेरा सही नाम प्रेम नारायण है जो कि मेरे व मेरे पुत्र के आधार कार्ड पर भी दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के विद्यालय दस्तावेजों में उसका व मेरा सही नाम दर्ज किया जाये। **प्रेम नारायण पुत्र भगौती प्रसाद निवासी ग्राम परसेहरा खुर्द पोस्ट मजलिसपुर थाना खैराबाद तहसील व जिला सीतापुर।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे माता जी शशिबाला यादव पत्नी स्व. श्याम नारायण यादव के नाम एक प्लाट के बैनामा स्टाम्प जो की सब रजिस्ट्रार कार्यालय सदर बलरामपुर मे बही संख्या 1 जिल्द संख्या 810 पृष्ठ संख्या 130 से 131 पर क्रमांक 1285 दिनांक 26.07.1971 पर दर्ज है, जो कि कहीं खो गया है। **अनुराग यादव पुत्र स्व. श्याम नारायण यादव, मो. तुलसीपार्क, तहसील व जनपद बलरामपुर**

आज का मौसम
तेज धूप रहेगी उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

46.2° अधिकतम तापमान | 27.8° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 06:57

# 29 साल की सबसे गर्म रही 31 मई, शहर में नौ और मौतें

❍ 5.5 डि.से. ऊपर चढ़कर 46.2 डि.से. पर पहुंचा अधिकतम तापमान ❍ 2 से 5 जून के मध्य आंधी आने और हल्की वर्षा होने की संभावना है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर नगर में पारा शुक्रवार को सामान्य से 5.5 डिग्री ऊपर चढ़कर 46.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार 29 वर्षों में सबसे ज्यादा गर्म 31 मई का रिकार्ड शुक्रवार को दर्ज हो गया। शुक्रवार को नौ और लोगों ने लू व हीटस्ट्रोक से दम तोड़ दिया। तीन दिन में अब तक सड़कों पर 30 शव मिल चुके हैं। अब 2-5 जून के मध्य तेज हवाओं, आंधी एवं हल्की वर्षा होने की संभावना है।

31 मई के आंकड़ों पर नजर डालें तो 1995 में 31 मई को अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। उसके बाद से अब 31 मई सबसे गर्म रही है।

बीते तीन दिनों से सुबह 7 बजे ही पारा 31 डिग्री सेल्सियस के ऊपर जा रहा है। लू के थपेड़ों एवं भीषण गर्मी के चलते 2 जून तक रेड अलर्ट जारी किया गया है। आगामी तीन दिनों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की आशंका है। सूरज की रोशनी के सीधे संपर्क में आने से बचें, खासकर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री ऊपर चढ़कर 27.8 डि.से. दर्ज हुआ। आर्द्रता अधिकतम 35 एवं न्यूनतम 16 फीसदी दर्ज हुई जिससे हवा नहीं चलने पर उमस ने लोगों को परेशान किया। यह जानकारी देते हुए चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि लू के थपेड़े औसत 6 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चले। जिससे शुक्रवार को अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



गर्मी में तपती ट्रेनों में सफर से हलकान यात्री स्टेशन पर पानी पर टूट पड़े। अमृत विचार

### पांच दिनों तक रहेंगे हल्के बादल, उमस बढ़ेगी

पूर्वानुमान के बारे में डा. पांडेय ने बताया कि अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण उमस हो सकती है। 2-5 जून के मध्य तेज हवाओं, धूल भरी आंधी एवं स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

### रहें सतर्क

अगर किसी भी व्यक्ति को घुटन महसूस हो या अचानक तबियत खराब हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। रूम के अंदर दरवाजा खोल कर रखें ताकि वेंटीलेशन रहे। उच्च तापमान में मोबाइल फटने की आशंका रहती है। इसलिए सतर्क रहें और दही, मट्ठा, बेल का जूस आदि ठंडे पेय पदार्थ का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करें।

### बरतें सावधानी

डा. पांडेय ने बताया कि भीषण गर्मी में गैस सामग्री, लाइटर, कार्बोनेटेड पेय पदार्थ, बैटरियां आदि का प्रयोग कार में सावधानी से करें। कार की खिड़कियां थोड़ी खुली होनी चाहिए। कार के फ्यूल टैंक को पूरा न भरें।

## सभी अस्पताल-स्वास्थ्य केंद्र हाई अलर्ट पर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● अपर निदेशक के निर्देश पर सभी अस्पतालों में बनाए गए ओआरएस सेंटर

**अमृत विचार।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ. संजू अग्रवाल ने बताया कि कानपुर मंडल में सभी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, 66 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 314 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व 1495 सब सेंटर पर ओआरएस सेंटर बनाए गए हैं। सभी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक, डायरिया व अन्य बीमारियों से ग्रस्त आने वाले मरीजों का डाटा एकत्र किया जा रहा है, साथ ही उनको कितने देर में आराम मिल रहा है, यह व्यवस्था भी मुख्यालय स्तर से परखी जा रही है।


अपर निदेशक डॉ. संजू अग्रवाल।

सभी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। मिले आंकड़ों के मुताबिक अस्पतालों में कई प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त मरीजों की संख्या बढ़ी है।

### ये बचाव हैं बेहद जरूरी

- तेज धूप और गर्म हवा से बचें
- बहुत जरूरी हो तभी घर से बाहर निकलें
- थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहें
- हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़े पहनें
- धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, चश्मा लगाएं
- सफर के दौरान अपने साथ पानी व ग्लूकोज जरूर रखें
- शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें
- लस्सी, नमक, चीनी का घोल, नींबू पानी, छाछ, आम का पना आदि का सेवन करें
- दिन में घर को ठंडा रखें और रात में खिड़कियां खुली रखें
- तबियत ठीक न लगने या चक्कर आने पर तुरंत इलाज को जाएं

### जानलेवा साबित हो सकता हीट स्ट्रोक

- अपर निदेशक के मुताबिक गर्मी के इस मौसम में हीट स्ट्रोक, डायरिया, उल्टी, पीलिया, टाइफाइड, वायरल फीवर, आंखों का लाल होना, त्वचा में जलन होना आदि तरह के बीमारियां होती हैं। इसका प्रतिकूल प्रभाव शरीर पर पड़ता है, जो कभी-कभी जानलेवा भी साबित हो सकता है।

### इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

- किसी भी व्यक्ति को घमौरियां, मरोड़ व ऐंठन के मुख्य लक्षणों के साथ शरीर में कमजोरी, चक्कर आना, सिर में तेज दर्द, उबकाई का आना व बेहोशी महसूस होने पर सावधान हो जाना चाहिए। अगर बाइक, कार या अन्य वाहन चला रहे हैं तो बिना देरी करे वाहन को छांव में लगाकर थोड़ी देर रुकना चाहिए और पानी पीने के बाद पास के अस्पताल में तुरंत जाना चाहिए।

### ये सावधानियां भी हैं जरूरी

- धूप में खड़े वाहनों में बच्चों व बुजुर्गों को न छोड़ें।
- खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे व खिड़की खुले रखें।
- नशीले पदार्थ, शराब और अल्कोहल के सेवन से बचें।
- उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें।
- खिड़की को ढक कर रखें ताकि लू अंदर न आए।
- संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। बासी से बचें।

## एक नजर

### बच्चों को दिया गया प्रशिक्षण

**कानपुर।** प्राथमिक विद्यालय बंसथी प्रथम में समर कैंप के दौरान बच्चों को हुनरमंद बनाने के गुर सिखाए गए। स्कूल के समर कैंप में बच्चों ने मॉडल बनाए। अनुराधा मौर्या ने बच्चों को कैंडल, धूपबत्ती और जूट के बैग बनाने का भी प्रशिक्षण दिया। महिला सशक्तिकरण की ब्लॉक अध्यक्ष गुड़िया शर्मा ने बच्चों को सिलाई-कढ़ाई करना सिखाया। शिक्षक राजन लाल ने बच्चों को आर्ट और क्राफ्ट के जरिए लिफाफे बनाना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के पोस्टर, बाल अखबार बनाना सिखाया।

### नहर में मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में स्थित मर्दनपुर नहर में शुक्रवार दोपहर 40 वर्षीय युवक का शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने आसपास रहने वाले लोगों और दुकानदारों से शिनाख्त करने की कोशिश की लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को मार्चुरी भिजवा दिया है।

### तीन माह में 907 विवेचनाओं का निस्तारण

कानपुर। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने 11 दिनों में अभियान चलाकर 106 विवेचनाओं का निस्तारण कराया। विवेचनाओं के निस्तारण में थाना चकेरी, थाना कोतवाली, थाना छावनी व थाना फीलखाना ने अच्छे प्रयास किए। मार्च में 303 विवेचना, अप्रैल में 378 व मई में 226 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया। 3 माह में कुल 907 विवेचनाओं निस्तारण किया गया।

### डॉक्टर और कर्मचारियों को धमकाने का आरोप

**कानपुर।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में स्थित हेल्थ लाइन अस्पताल के मालिक डॉ वीके सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि कई दिनों से देवेश मोटवानी नाम का व्यक्ति उनके अस्पताल के गेट पर आता है और कर्मचारियों के साथ अभद्रता और धमकियां देता है। घटना के पूरे वीडियो उनके सीसीटीवी में हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सड़कों पर पड़े मिले लू के मारे लोगों के शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौतपा में गर्मी कहर बनकर लोगों पर टूट रही है। शुक्रवार को भी नौ पुरुषों के शव सड़क पर पड़े पाए गए हैं। जिससे जिला प्रशासन में हड़कंप मचा है। कुलमिलाकर तीन दिन में कुल 30 शव मिले हैं। सभी की मौत लू से होने की आशंका है। शहर में बुधवार को अलग-अलग थानाक्षेत्रों में आठ और गुरुवार को 13 शव मिले थे।

शुक्रवार को रायपुरवा थानाक्षेत्र में जूही ढाल के पास 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव पड़ा मिला। पुलिस ने लोगों से जानकारी की लेकिन कोई पहचान नहीं हो सकी। कलक्टरगंज थानाक्षेत्र में नयागंज रोड टिप टॉप यूनिफॉर्म की दुकान के बाहर रोड के किनारे 22 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। सचेंडी थानाक्षेत्र में पावरग्रिड की बाउंड्री के पास 40 वर्षीय युवक का शव मिला। तेज धूप के कारण युवक का शव झुलस गया था। इसी तरह फीलखाना थानाक्षेत्र में केपीएम अस्पताल के बाहर सीढ़ी के पास एक 36 वर्षीय अज्ञात पुरुष का शव लावारिस हालत में पड़ा मिला। ग्वालटोली थानाक्षेत्र में अंगूठी चौराहा वीआईपी रोड के डिवाइडर पर 45 वर्षीय अधेड़ का शव पड़ा मिला। शव की पहचान नहीं हो सकी। कोतवाली थानाक्षेत्र के कचहरी के गेट नंबर दो पर 42 वर्षीय अधेड़ का शव पड़ा मिला। उधर दक्षिण जोन के बर्रा थानाक्षेत्र में पाल टावर के पास एक 45 वर्षीय अधेड़ का शव पड़ा मिला। अर्मापुर थानाक्षेत्र में विजय नगर वाली रोड किनारे 45 वर्षीय अधेड़ का शव पड़ा मिला। पहचान न होने पर शवों को मार्चुरी भिजवा दिया।


प्यासी चिड़िया पानी मांगे।

### हाथ में वीगो लगा युवक का शव मिला

**बिल्हौर।** बिल्हौर थानाक्षेत्र में बस स्टॉप पर रेलवे की दुकानों में एमबीए चाय दुकान के बाहर एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। आस पड़ोस के दुकानदारों के अनुसार गुरुवार रात लगभग आठ बजे युवक को दुकान के बाहर देखा गया था। युवक के हाथ में वीगो लगा हुआ है, जिससे प्रतीत होता है कि वह कहीं से इलाज करा कर लौटा था। लू लगने से मौत होने की आशंका जाहिर की।

### पोस्टमार्टम हाउस से जिला प्रशासन ने ली जानकारी

शुक्रवार सुबह जिला प्रशासन ने स्वरूप नगर पुलिस से अज्ञात शवों के आंकड़ों की जानकारी ली। स्वरूप नगर इंस्पेक्टर राजेश शर्मा हैलट चौकी इंचार्ज के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और रजिस्टर से एक-एक अज्ञात मौतों के आंकड़ों को नोट किया और अफसरों को जानकारी दे दी।


शरीर ढककर चलना बेहद जरूरी। अमृत विचार

### पोस्टमार्टम के लिए पांच डॉक्टरों की ड्यूटी

शवों के बढ़ने से पोस्टमार्टम हाउस में दिक्कत आ रही है। पोस्टमार्टम हाउस के प्रभारी डॉ नवनीत चौधरी ने बताया कि तीन दिनों से पांच अलग-अलग डॉक्टर और कर्मचारी मिलकर सुबह आठ बजे से रात 12.30 बजे तक अलग-अलग शिफ्ट में पोस्टमार्टम कर रहे हैं। शवों की सड़ांध के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। डॉक्टरों को रिजर्व में भी लेकर चल रहे हैं।

## सिग्नेचर सिटी से नए रूटों की बसें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिंग्नेचर सिटी बस अड्डे से जल्द ही यात्रियों को नए रूट की बसें भी मिल सकेंगी। रोडवेज प्रशासन की ओर से बस अड्डे में यात्रियों की संख्या को बढ़ाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। फिलहाल इस बस अड्डे से सिर्फ बिधूना के लिए 18 बसों का संचालन हो रहा है। इस बस अड्डे से लखनऊ के लिए भी बसें चलाई जाएंगी।

सेटेलाइट बस अड्डे के रूप में बने सिग्नेचर सिटी बस अड्डा से जल्द ही अन्य रूट की बसें मिल सकेंगी। चुनाव में गई बसों के वापस आते ही नए रूट का खाका खींच कर बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। चुनाव में रोडवेज की 211 बसें लगाई गईं थीं। इनमें से 189 बसें अभी वापस आनी हैं। इन बसों के वापस आते ही सबसे पहले लखनऊ के लिए बसों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा अन्य रूटों के लिए विभाग की ओर से सर्वे कार्य चल रहा है। योजना है कि जून के अंतिम सप्ताह से पांच नए रूटों पर बसों का संचालन किया जाएगा। आरएम रोडवेज अनिल कुमार ने बताया कि बस अड्डे से यात्रियों को और रूटों की बसों की सुविधा मिल सकेगी।


सिग्नेचर सिटी बस अड्डे में खड़ीं बसें। अमृत विचार

● लखनऊ के लिए सबसे पहले चलेंगी बसें

### ई-सिटी बसों की सुविधा भी

ई-सिटी बसें भी इस बस स्टेशन से जोड़ने की योजना है। अधिकारियों का मानना है कि इससे रोडवेज की बसों से आने व जाने वाले यात्रियों को शहर आने व बस अड्डे तक पहुंचने में भी सुविधा हो सकेगी। सर्वे रिपोर्ट के बाद इसकी योजना फाइनल की जाएगी।

## मंत्री के पूर्व प्रतिनिधि ने हड़पे रुपये, शिकायत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● मंत्री ने कुछ रुपये वापस करवाए पर चेक बाउंस

**अमृत विचार।** एक महिला मंत्री के पूर्व प्रतिनिधि पर रुपये लेकर काम न कराने के आरोप में गोविंद नगर निवासी युवक ने आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि मामला मंत्री के संज्ञान में आते ही उन्होंने कुछ रुपये वापस कराए और चेक भी दिलाई, लेकिन चेक बाउंस हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गोविंद नगर निवासी अर्जुन चड्ढा ने बताया कि बीते वर्ष बर्रा निवासी पूर्व पार्षद श्रवण बाजपेई महिला मंत्री का प्रतिनिधि था। श्रवण से उन्होंने एक संपत्ति के दाखिल खारिज कराने के लिये संपर्क किया था। आरोप है कि श्रवण ने काम कराने के एवज में 2.55 लाख रुपये की मांग की थी। जिसे उन्होंने दे दिया, लेकिन वह काम नहीं करा पाया। काफी समय से टालमटोल करने के बाद उन्होंने रुपये की मांग की। रुपये न देने पर मंत्री से शिकायत की तो उन्होंने उसे बुलाकर फटकार लगाई और 50 हजार रुपये वापस दिलाए। इसके साथ ही 2.05 लाख रुपये चेक दिला दिलाया था। एक महीने बाद उन्होंने चेक लगाया तो वह बाउंस हो गया। जिस पर उन्होंने फिर से आईजीआरएस पर शिकायत की है। एसीपी बाबूपुरवा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## बंगले की दूसरी मंजिल पर मिले दो सगी वृद्ध बहनों के शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र में इंद्रा पार्क के पास शुक्रवार दोपहर एक बंगले की दूसरी मंजिल पर फर्श पर दो सगी वृद्ध बहनों के शव पड़े पाए गए। रोज की तरह सब्जी विक्रेता सब्जी देने के लिए उन्हें बुलाने गया तो दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजे में लगे शीशे से अंदर झांका तो शव पड़े होने का पता चला। सब्जी विक्रेता ने घटना की सूचना प्रथम मंजिल में रहने वाले उनके भतीजे को दी। भतीजे के अनुसार एक बुआ का शव लॉबी में पड़ा था जिनके पैर तक कपड़े उठे थे, वहीं दूसरी बुआ का शव रसोईघर में पड़ा था। पुलिस अधिकारियों ने निरीक्षण किया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

पांडुनगर स्थित इंद्रा पार्क के पास बंगले की पहली मंजिल पर रहने वाले आलोक सिंह चंदेल ने पुलिस को बताया कि उनका कानपुर यूनिवर्सिटी से प्रकाशन का कारोबार है। ग्राउंड फ्लोर पर उनके भाई सपा नेता रहे स्व. पुष्कर सिंह चंदेल के परिवार में पत्नी अपर्णा और बेटे रोहन और नैंसी के साथ रहती हैं। प्रथम मंजिल पर वह अपनी पत्नी अर्पिता और बेटे हर्ष और समर के साथ रहते हैं। पिता चंद्रवीर सिंह चंदेल का इसी वर्ष फरवरी में निधन हो गया था। पिता की दो बहनें 73 वर्षीय प्रेमा चंदेल और 71 वर्षीय सुमन चंदेल अविवाहित थीं और दूसरी मंजिल पर रहती थीं। बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 11.30 बजे सब्जी विक्रेता सब्जी लेकर दूसरी मंजिल पर बुआ के फ्लोर पर देने के लिए गया तो दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजे पर लगे शीशे की पट्टी से अंदर झांककर देखा तो लॉबी में सुमन का शव पड़ा था। उसने उन लोगों को जानकारी दी। उन लोगों ने ऊपर जाकर दरवाजा तोड़ा। अंदर जाकर देखा तो बुआ सुमन सामने फर्श पर पड़ी थीं, वहीं प्रेमा बुआ का शव रसोईघर में पड़ा था। सूचना पर डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम, एडीसीपी संतोष कुमार मीणा, एसीपी शिखर ने फोरेंसिक टीम के प्रभारी डॉ प्रवीण श्रीवास्तव के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए। परिजनों ने बताया कि दोनों बुआ ने शादी नहीं की थी और दूसरी मंजिल में रह रही थी जिनका खर्च पूरा परिवार उठाता था। वह स्वयं खाना पीना बनाती थीं। शाम के वक्त सभी लोग बारी-बारी से हाल-चाल लेने बुआ के फ्लोर में जाते थे। इस संबंध में फोरेंसिक टीम का कहना था कि जांच में शरीर पर कहीं चोट के निशान नहीं पाए गए हैं, मौत का कारण पोस्टमार्टम से पता चलेगा।


बंगले में जांच करती पुलिस। अमृत विचार

- काकादेव थानाक्षेत्र में इंद्रा पार्क के पास की घटना, सब्जी विक्रेता ने देखा तो दी जानकारी
- ग्राउंड फ्लोर और पहली मंजिल पर रहते हैं परिजन, किसी को पता नहीं चला
- सपा नेता रहे स्व. पुष्कर सिंह चंदेल की बुआ थी दोनों, पुलिस कर रही है जांच

> सब्जी विक्रेता को सबसे पहले घटना की जानकारी हुई। परिजनों ने किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से कुछ स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।
>
> -आरएस गौतम, डीसीपी सेंट्रल

### रिजर्व नेचर की थीं दोनों

परिजनों का कहना है कि दोनों बुआ रिजर्व नेचर की थीं, अपने तक ही सीमित रहती थीं। वह मोहल्ले और रिश्तेदारी में ज्यादा दखलअंदाजी नहीं करती थीं। दोनों अविवाहित थीं, इस कारण अपना सारा काम खुद करती थीं।

### गर्मी का प्रकोप या जहर खाने की आशंका

परिजनों ने बताया कि वह लोग बहुत संपन्न हैं। किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। उनके हिसाब से गर्मी के कारण उन लोगों की मौत की आशंका है। वहीं कुछ लोगों ने जहर खाने की आशंका भी जताई।

समस्या | भीषण गर्मी और रात को हो रही बिजली कटौती से नहीं पूरी हो रही नींद

## नींद पूरी न होने से बिगड़ रही है लोगों की तबियत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नींद न पूरी होने से दिमाग में सिरोटोनीन हार्मोंस गड़बड़ाने लगता है
- सोचने-समझते की क्षमता घटती, चिड़चिड़ापन व घबराहट बढ़ रही

**अमृत विचार।** बेहतर स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक आहार और नियमित व्यायाम के साथ अच्छी नींद लेना भी बहुत जरूरी है। लेकिन वर्तमान समय में बिजली संकट के कारण लोगों की रातों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है। नींद न पूरी होने से दिमाग में सिरोटोनीन हार्मोंस गड़बड़ाने की वजह से लोगों में चिड़चिड़ापन, घबराहट, गुस्सा आदि समस्या हो रही है।

ट्रांसफार्मरों पर अधिक लोड बढ़ने से बिजली गुल हो रही है। जबकि ट्रिपिंग की समस्या से भी लोग काफी परेशान हैं। रात को बिजली संकट होने की लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है, जिस वजह से उनको अगले दिन नौकरी पर जाने में काफी परेशानी हो रही है। तनाव, चिंता, चिड़चिड़ापन, घबराहट जैसी समस्याएं लोगों में बढ़ रही हैं। लोगों में पूरे दिन ऊर्जा के स्तर में भी कमी बनी रहती है।

नींद न पूरी होने से दिमाग में सिरोटोनीन नामक हार्मोंस गड़बड़ा रहा है। हैलट और उर्सला अस्पताल के मेडिसिन व मानसिक रोग विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन ऐसे 25 से 30 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जिनको डॉक्टर किसी प्रकार कम से कम सात से आठ घंटे की नींद लेने की सलाह दे रहे हैं।


हैलट अस्पताल में लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

### नींद और दिमाग के बीच गहरा रिश्ता

- मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग के प्रो. जेएस कुशवाहा ने बताया कि नींद और दिमाग के बीच एक गहरा रिश्ता है। अगर हम कम सोते हैं तो हमें कई चीजों को समझने में दिक्कत आती है। याद रखने में भी परेशानी होती है। नींद न पूरे होने से सिरोटोनीन हार्मोंस भी गड़बड़ा रहा है। उर्सला अस्पताल के मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.चिरंजीव प्रसाद ने बताया कि बिजली न आने पर लोग देर रात तक मोबाइल और लैपटॉप पर समय बिता रहे हैं। इससे भी लोगों को अनिद्रा की समस्या हो रही है। इससे आंखों में सूजन और त्वचा में रूखापन भी हो सकता है।

# चौकी इंचार्ज व सिपाही की गिरफ्तारी पर रोक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- पुलिस ने रंगदारी की धाराओं में कर दिया खेल
- मृतक का अपराधियों से मेलजोल बताया

**अमृत विचार।** सचेंडी में सब्जी विक्रेता से रंगदारी और आत्महत्या को दुष्प्रेरित करने के मामले में पुलिस की लचर पैरोकारी व विभागीय संवेदना दिखाने के कारण आरोपी चौकी इंचार्ज व सिपाही को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। पुलिस ने आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ रंगदारी की धाराओं खेल कर दिया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए तीन सप्ताह के भीतर सचेंडी पुलिस को कांउटर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। बीते मंगलवार को जिलाजज प्रदीप कुमार सिंह की कोर्ट से आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी।

सचेंडी कस्बा निवासी बालकृष्ण राजपूत के पांच लड़कों में सबसे छोटा सुनील (26) चकरपुर मंडी कछियाने में सब्जी की दुकान लगाता था। बीते 13 मई को सुनील ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पूर्व सुनील ने एक वीडियो बना कर अपने वाट्सएप स्टेट्स में लगाया था। वीडियो में सुनील ने मंडी चौकी प्रभारी सतेंद्र कुमार यादव व सिपाही अजय यादव पर वसूली और प्रताड़ना का आरोप लगाया था। परिजनों ने चौकी इंचार्ज व सिपाही के खिलाफ रंगदारी व आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद से दोनों आरोपी पुलिसकर्मी फरार हैं। जिला जज की कोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद आरोपियों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने रंगदारी की धारा में खेल करते हुए उसमें बदलाव कर दिया है। धारा हल्की कर दी है। इसके साथ ही पुलिस ने लिखा कि मृतक का भाई अपराधी प्रवृत्ति का था, साथ ही उसका अपराधियों के साथ मेलजोल था। इससे साथियों को बचाने की पुलिस की मंशा सामने आ गई है। परिजनों ने एक पखवाड़ा बीतने के बाद गिरफ्तारी न होने पर भी सवाल उठाए हैं। आरोपियों के अधिवक्ता शकील अहमद बुंदेल ने बताया कि न्यायाधीश सिद्धार्थ वर्मा व विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने सचेंडी पुलिस से तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए। दो सप्ताह के भीतर आरोपी के अधिवक्ता को जवाब दाखिल करने के आदेश सुनाया। सुनवाई तक आरोपियों की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

## होटल में घुसकर दरोगा के बेटे ने की मारपीट

- पुलिस ने दोनों के खिलाफ शांतिभंग में की कार्रवाई

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में शराब के लिए रुपये देने से मना करने पर दरोगा का बेटा ट्रांसोपोर्टर को पीटने के लिए एक होटल में घुस गया। इस दौरान होटल के कर्मचारियों ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर दी। होटल के बाहर खड़ी ट्रांसपोर्टर की स्कार्पियो में तोड़फोड़ की। आरोपी ने खुद को बचाने के लिए ट्रांसपोर्टर के खिलाफ प्रार्थना पत्र दे दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों पर शांतिभंग में कार्रवाई की है।

सेन पश्चिम पारा के रहने वाले ट्रांसपोर्टर सोनू तिवारी ने पुलिस को बताया कि उनके परिचित उत्कर्ष यादव ने गुरुवार को उनसे शराब पीने के लिए रुपये की मांग की। मना किया तो दोनों में गालीगलौज हो गई। आरोप है, कि जिसके बाद गुरुवार रात को वह सनिगवां स्थित एक होटल में थे। तभी आरोपी उन्हें मारने के लिए होटल पहुंच गया। वह अपनी जान बचाने के लिए वहां से निकल गए। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर होटल में तोड़फोड़ की। इस बीच कर्मचारी बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी मारपीटा। उनकी स्कार्पियों तोड़ डाली। वहीं उत्कर्ष का आरोप है कि ट्रांसपोर्टर ने साथियों के साथ मिलकर उनसे मारपीट की। उनके लगाए गए आरोप गलत हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि दोनों पक्ष आपस में दोस्त हैं। दोनों पक्षों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

# दो बैग में 24 किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलबाजार पुलिस को ऑपरेशन सुदर्शन के तहत बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनकी दो ट्रॉली बैग में 24 किलो गांजा भरा हुआ था। गांजे की खेप उड़ीसा से लाने की बात कही, साथ ही ये भी बताया कि उन्नाव में गांजे का स्टॉक किया गया है। वहीं से वे इस खेप को लेकर आए थे। पुलिस ने दोनों के मोबाइल को ट्रेस करना शुरू कर दिया है।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम लखीमपुर के वेलवां फार्म थाना फरधान निवासी राजू और उन्नाव के भातू फार्म स्थित जोगा बोगा स्वीट हाउस वाली गली निवासी अंकित मिश्रा बताया।

तस्करों ने बताया कि एक ट्राली बैग कानपुर में सप्लाई करनी थी जबकि दूसरे ट्राली बैग में भरे गांजे की सप्लाई उन्नाव में करनी थी। डीसीपी ने बताया कि बाराबंकी की एएनटीएफ को जानकारी मिली थी कि गांजे की कानपुर और उन्नाव में सप्लाई होनी थी। टीम दोनों को ट्रेस कर रही थी। रेल बाजार इलाके में दोनों की लोकेशन मिलने पर टीम ने रेलबाजार पुलिस के साथ इस गुडवर्क को अंजाम दिया।



ट्रॉली बैग में भरे गांजे के साथ दोनों तस्कर। अमृत विचार

## एक नजर

### महिला से छेड़छाड़ व लूट की रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** रावतपुर थानाक्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला के अनुसार छह मई को अपने घर के बाहर गाय को चारा खिला रही थी। तभी पड़ोसी युवक अनुज कनौजिया उनके साथ अश्लील हरकते करने लगा। विरोध पर आरोपी ने उन्हें गिरा दिया और छेड़खानी करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपी अपनी पत्नी पूजा, भाई व पांच अज्ञात लोगों के साथ मिलकर घर में घुस आए और उनको व बीच बचाव करने आए पति को पीटना शुरू कर दिया। आरोपी उनका मंगलसूत्र, कान के टॉप्स लूट कर धमकी देते हुए भाग निकले। आरोप है कि शिकायत पुलिस से करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाई। रावतपुर पुलिस ने बताया कि पुलिस कमिश्नर के आदेश पर चार नामजद समेत नौ लोगों पर गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### चेक चोरी कर रुपये निकालने का आरोप

**कानपुर।** नजीराबाद थानाक्षेत्र के हर्ष नगर निवासी महिला निशा मिश्रा के अनुसार पति विमल की मौत के बाद वह अपने बेटे शिवम के साथ गुड़गांव में रहने लगी। मकान की देखभाल उन्होंने पति के मित्र दिनेश कुमार त्रिपाठी को दे रखी थी। जब वह दिसंबर 2023 में घर आई तो उनकी व बेटे की पास बुक, चेक इत्यादि अन्य सामान गायब था, पूछने पर दिनेश ने जानकारी होने से मना कर दिया। आरोप है कि दिनेश ने चेकों पर फर्जी हस्ताक्षर करके रुपये निकालने की कोशिश की। शिकायत नजीराबाद पुलिस से की मगर सुनवाई नहीं हुई। तब पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली।

# नवाबगंज में जल गया ट्रांसफार्मर शहर में बिजली संकट गंभीर

## रात को भी हो रही जमकर बिजली कटौती, फाल्ट भी, लोगों की नींद हुई हराम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण लोगों का बुरा हाल हो रहा है। गर्मी से बचाव के लिए लोग धड़ल्ले से एसी, कूलर और पंखे का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिस वजह से शहर के 60 फीसदी ट्रांसफार्मर ओवरलोड चल रहे हैं। शहर के कई क्षेत्रों में बिजली गुल होने के साथ ही ट्रिपिंग की भी समस्या काफी बनी हुई है। शुक्रवार को नवाबगंज स्थित ट्रांसफार्मर में आग लगने से बड़े इलाके की बिजली गुल हो गई।

नौबस्ता बसंत विहार, पटेल नगर, तुलसी नगर, फूलबाग, चकेरी, श्याम नगर, जरौली फेस दो, ट्रांसपोर्ट नगर, चकेरी कुलगांव, किदवई नगर, कर्नलगंल व अजीतगंज क्षेत्र में रहने वाले लोगों को गुरुवार रात में बिजली संकट से जूझना पड़ा। वहीं शुक्रवार को डीपीएस मार्केट, आनंद नगर, जवाहर नगर, पीरोड, विष्णुपुरी, सिद्धार्थ नगर, कृष्णा नगर, कैलाश नगर, ब्रहम नगर, रावतपुर गांव, पनकी, स्वराज नगर, शास्त्री नगर समेत 90 से अधिक क्षेत्रों में दिनभर बिजली संकट रहा। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट नगर, बर्रा विश्व बैंक, स्वरूप नगर, पनकी गंगागंज, दादामिया, बेकनगंज समेत 50 से अधिक क्षेत्रों में दिनभर ट्रिपिंग की समस्या रही। नवाबगंज में ट्रांसफार्मर में भीषण आग लग गई और कृष्णा नगर के ट्रांसफार्मर में फॉल्ट होने से क्षेत्र की बिजली गुल हो गई।

केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत ने बताया कि समस्याओं का निस्तारण किया गया। पेट्रोलिंग टीम को दिन के साथ ही रात में भी चौकन्ना रहने के निर्देश दिए गए हैं। देवीगंज, रूमा गांव, एयरपोर्ट गेट में इनकमर की ट्राली में फॉल्ट, अहिरवा फीडर का ब्रैकेट क्षतिग्रस्त होने, केशवपुर में पांच एमवीए की जगह 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने व झाड़ी बाबा फीडर के 10 एमवीए के पावर ट्रांसफार्मर में कार्य की वजह से शटडाउन लिया गया। कार्य पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल की गई।



नवाबगंज में जलता ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

आजाद नगर निवासी पारुल रजौरिया ने बताया कि इस साल काफी बिजली कटौती हो रही है, जिस कारण इनवर्टर भी जवाब दे रहे हैं। हेल्प लाइन नंबरों पर कॉल की जाती है तो वह मिलता नहीं।



आर्य नगर निवासी नितिन गुप्ता ने बताया कि रात भर बिजली संकट की वजह से नींद नहीं पूरी हो पाती है, जिस कारण अगले दिन चिड़चिड़ापन, घबराहट, सिर में दर्द व भारीपन की समस्या रहती है।



अशोक नगर निवासी अंकू ने बताया कि रात को कई बार बिजली गुल हो रही है। 10 से 15 मिनट आने के बाद बिजली दो से तीन घंटे तक गुल रहती है, जिस वजह से सिर में दर्द बना रहता है।



तिलक नगर निवासी कंचन गुप्ता ने बताया कि केस्को को गर्मी से पहले ही ओवरलोड ट्रांसफार्मर चिन्हित कर लोड बांटने आदि काम कर लेना चाहिए था, ऐसा करने पर इतनी दिक्कत न होती।



## ड्रग माफिया और गुर्गों की तलाश में तीन टीमें

- चकेरी थानाक्षेत्र की घटना, पुलिस की जांच में पुराना विवाद आया सामने

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में ड्रग माफिया बलराम राजपूत और उसके गिरोह के लोगों की युवक से मारपीट व उसके अपहरण के मामले में पुलिस ने तीन टीमें आरोपियों की तलाश में लगाई हैं। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। पुलिस की जांच में मामला पुराने विवाद का आया है।

काजीखेड़ा निवासी मंजू ने आरोप लगाया था कि उनकी सास कांशीराम अस्पताल में भर्ती थीं। बुधवार रात को उनका देवर छोटू दवा लेने गया था। तभी ड्रग्स माफिया बलराम राजपूत ने अपने साथी बनी बुढ़वा, राजा कारिया, यस राजपूत, गोला, नैन सिंह समेत अन्य के साथ मिलकर देवर के साथ मिलकर मारपीट की। साथ ही उसका कार से अपहरण कर ले गए। घटना के बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। जिसके बाद पुलिस को आरोपी राजा करिया के घर के पास छोटू गंभीर हालत में पड़ा मिला। पुलिस ने छोटू को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगाई गई हैं।

## सार-संक्षेप



समर कैंप में बच्चों को प्रमाण पत्र दिए गए। अमृत विचार

### समर कैंप में छात्र-छात्राओं ने सीखीं कलाएं

**कानपुर।** साकेत नगर स्थित कमला वधावन सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 10 दिवसीय समर कैंप 21 से 30 मई तक चला और शुक्रवार को स्कूल में समापन समारोह मनाया गया। इन 10 दिनों में छात्राओं ने योग, नृत्य, मेहंदी, ढोलक, क्राफ्ट इंग्लिश स्पीकिंग व कला जैसे रचनात्मक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं की विभिन्न प्रतिभाओं को निखारा। समापन समारोह के दौरान बच्चों ने ढोलक व नृत्य का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि नगर संघ चालक प्रबल प्रताप सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों की छिपी प्रतिभाएं निखरती हैं। इस दौरान विशाल वधावन, नीति कपूर, शैला, वंदना, मेघा, राहुल आदि मौजूद रहे।

### 184 पुस्तकों को किया दान

**कानपुर।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कानपुर विद्या मंदिर महाविद्यालय की बुक बैंक में लायंस इंटरनेशनल क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ज्ञान प्रकाश गुप्ता ने 184 पुस्तकों का दान किया। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य पूनम विज ने बताया कि इससे पहले भी क्लब द्वारा कालेज को 64 पुस्तकें प्रदान की गई थीं। क्लब के पदाधिकारी चित्र दयाल, विवेक श्रीवास्तव, दिनेश्वर दयाल, पवन तिवारी आदि लायन मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन वीना ऐरन ने की, इस मौके पर क्लब से विनोद बाजपेयी, सुधा यादव, मोनिका अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### कमिश्नर से शोषण की शिकायत करेंगे कारोबारी

**कानपुर।** कानपुर उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक शुक्रवार को राकेश सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में व्यापार मंडल के नए अध्यक्ष के मनोनयन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। इसके लिए मणिकांत जैन, विजय पांडे, टीकम चंद सेठिया एक सप्ताह के अंदर अपनी रिपोर्ट बनाकर देंगे। बैठक में जीएसटी और पान मसाला तंबाकू के मामले पर भी चर्चा की गई। संगठन ने जीएसटी नोटिस के नाम पर शोषण किए जाने का आरोप लगाया। पान मसाला और तंबाकू की बिक्री एक साथ करने के लिए फूड लाइसेंस की अनिवार्यता पर भी सवाल उठाए हैं। इसके संबंध में कमिश्नर से मिलकर शिकायत करने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन महामंत्री कृपाशंकर त्रिवेदी ने किया। बैठक में मुकुंद स्वरूप मिश्रा, राजेंद्र शुक्ला, रामकिशोर मिश्रा, प्रदीप गुप्ता, सुनील पांडे, गीता गुप्ता, संजीव पांडे आदि उपस्थित रहे।

### महिला से टप्पेबाजी करने वाले सगे भाई गिरफ्तार

**कानपुर।** एक सप्ताह पूर्व फजलगंज थानाक्षेत्र में एक महिला से टप्पेबाजी करके सोने की चेन पार करने वाले आरोपी दो सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से माल बरामद कर लिया है। दर्शनपुरवा की रहने वाली विमला सिंह से पिछले सप्ताह दो टप्पेबाजों ने उनकी चेन पार कर दी थी। पुलिस ने सजेती के निबियाखेड़ा निवासी मोहम्मद जावेद अख्तर उर्फ चिकना और बूढ़पुर मछरिया के मोहम्मद अकरम को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी सगे भाई हैं। जावेद पर सात मुकदमे दर्ज हैं। इस संबंध में इंस्पेक्टर सुनील सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।



आरोपी जावेद और अकरम।

### विधायक के गुर्गों-पूर्व पार्षद पर पीटने का आरोप

**कानपुर।** सपा विधायक के गुर्गों और पूर्व पार्षद पर बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगा है। एफआईआर दर्ज न होने पर शुक्रवार को सनातन मठ मंदिर रक्षा समिति ने धरना देकर विरोध दर्ज कराया। तीन मई को समिति के जिला अध्यक्ष उमेश तिवारी ने आरोप लगाया था कि सपा के पूर्व पार्षद और विधायक के गुर्गों ने उन्हें दो घंटे तक बंधक बनाकर मारपीट की। आरोप है कि उक्त लोगों ने मुख्यमंत्री व महापौर के खिलाफ असंवैधानिक शब्दों का प्रयोग किया गया। जिसका ऑडियो समिति के पास सुरक्षित है। जिसकी शिकायत थाना अनवरगंज में की गई। इसके बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसके विरोध में शुक्रवार को समिति ने महिला पार्क रिजवी रोड पर धरना दिया। समिति के लोगों ने कार्रवाई व सुरक्षा की मांग की। धरने में सनातन मठ मंदिर रक्षा समिति के अध्यक्ष अजय द्विवेदी, महामंत्री प्रेम कुमार दीक्षित, उपाध्यक्ष सुधीर द्विवेदी, जिला अध्यक्ष उमेश तिवारी, राजू दीक्षित, शुभम तिवारी, पीयूष तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

### फर्जी आईडी बनाकर की आपत्तिजनक पोस्ट

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में रहने वाले एक दिव्यांग युवक ने आरोप लगाया कि शातिरों ने उनके नाम से कई फर्जी आईडी बनाकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डाल दीं। उन शातिरों ने फोन कर खुद को पुलिस अधिकारी बताकर भी धमकाया। उसने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। सनिगवां के कांशीराम कॉलोनी निवासी उमेश पैंथर ने पुलिस को बताया कि वे दिव्यांग हैं। कुछ दिनों पहले उनके नाम का दुरुपयोग कर सोशल मीडिया पर दो फर्जी आईडी बनाई गईं। जिसमें उनकी फोटो लगाकर आपत्तिजनक पोस्ट डाली गईं। 25 मई को उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक वीडियो कॉल आई। जिसमे उन्हें अश्लील फोटो दिखाई गईं। इस पर उन्होंने नंबर को ब्लॉक कर दिया। इसके बाद 27 मई को उनके पास एक फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को पुलिस का अधिकारी बताया और कहा कि आईडी गलत चल रही है। जिसके लिए तीन साल की जेल हो सकती है। इससे बचने के लिए तीन लाख रुपये दो। उन्होंने चकेरी थाने में शिकायत की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## पोस्टमार्टम में गश खाकर गिरे डॉक्टर, प्रभारी भी बीमार

**कानपुर।** शुक्रवार को शहर में अलग-अलग स्थानों पर नौ अज्ञात शव मिले। तीन दिन में 30 शव मिल चुके हैं। पोस्टमार्टम जल्दी कराने के लिए शुक्रवार को तीन अतिरिक्त डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई थी। इस दौरान पतारा सीएचसी के डॉ अश्विनी कुमार बाघमारे गश खाकर गिर पड़े वहीं पोस्टमार्टम प्रभारी नवनीत चौधरी की हालत बिगड़ गई।

तीन दिनों से शहर में अलग-अलग स्थानों पर 30 शव मिले हैं पोस्टमार्टम हाउस में अब इन्हें रखने तक कि जगह नहीं बची है। नियामानुसार अज्ञात शव 72 घंटे तक रखना जरूरी है। इसलिए शवों की बाढ़ लगती जा रही है। इसके लिए पोस्टमार्टम प्रभारी डॉ नवनीत चौधरी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को इस समस्या को लेकर फोन किया और जिलाधिकारी से लावारिस शवों को रखने के लिए रैन बसेरा दिलाने की मांग की है।

# फर्जी मुकदमे का आरोप लगाकर घेरा थाना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दिव्यांगों ने किदवई नगर थाने में किया हंगामा

**अमृत विचार।** शुक्रवार को राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक दिव्यांग पर फर्जी मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाते हुए किदवई नगर थाने का घेराव किया। कार्यकर्ताओं ने पुलिस विरोधी नारेबाजी करते हुए मुकदमा खत्म करने की मांग की। इंस्पेक्टर ने निष्पक्ष कार्रवाई की आश्वासन देकर आक्रोशित लोगों को शांत कराया।

पार्टी के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कहा कि उनकी पार्टी के राजेश कुमार शुक्ला का बिल्डर गुरदीप सिंह ने विवाद चलता है। जिसके कारण गुरदीप ने राजेश व उनकी पत्नी रोली के खिलाफ किदवई नगर थाने में फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया। आरोप लगाया कि पुलिस ने मामले की जांच किए बिना ही कार्रवाई कर दी। राजेश पर फर्जी मुकदमा दर्ज करा कर पुलिस द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान राहुल कुमार, आनंद तिवारी, अल्पना कुमारी, अरविंद सिंह, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, राजेश शुक्ला मौजूद रहे।



किदवईनगर थाने के बाहर नारेबाजी करते लोग। अमृत विचार

**हादसा** बिधनू थानाक्षेत्र में शुक्रवार दोपहर हुई घटना

# चार झोपड़ियां जलीं, तीन मवेशी मरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिधनू थानाक्षेत्र के लुधौरी गांव के बाहर माहुटों के डेरे में कूड़े के ढेर में सुलग रही चिंगारी ने चार झोपड़ियों को चपेट में लेकर राख कर दिया। चार परिवारों की गृहस्थी के साथ तीन मवेशियों की जलकर मौत हो गई। दमकल ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया।

लुधौरी डेरा में घुमंतू जातियों के एक दर्जन परिवार झोपड़ी बनाकर रहते हैं। शुक्रवार दोपहर से कूड़ा सुलगने लगा। जिससे हवा में उड़ी चिंगारी कल्लू की झोपड़ी पर जा गिरी। देखते ही देखते आग ने बगल में स्थित भाइयों जाफरान, माखन, नऊआ की झोपड़ियों को चपेट में ले लिया। आग में चारों भाइयों की करीब दो लाख की गृहस्थी समेत दो बकरी और एक पड़वा जल गया।

सूचना के 45 मिनट बाद पहुंची दमकल सुलग रही गृहस्थी की राख बुझाकर लौट गई। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रेमचन्द्र कनौजिया ने बताया कि कूड़े में किसी ने चूल्हे की राख फेंक दी थी जिससे झोपड़ियों में आग लग गई।



आग से झोपड़ियां राख हो गईं। अमृत विचार

## ट्रक और आटो में भिड़ंत, लूट का आरोप

**कानपुर।** बर्रा चार स्थित हाईवे पर ट्रक और आटो में भिड़ंत हो गई। ऑटो चालक ने साथियों संग ट्रक चालक को घेर लिया। ट्रक चालक ने लूट का आरोप लगा पुलिस से शिकायत की। बुलंदशहर निवासी ट्रक चालक परमेंद्र भारद्वाज ने बताया कि वह बुलंदशहर से माल लाद कर दादा नगर स्थित तिरपाल फैक्ट्री जा रहा था। शुक्रवार तड़के वह बर्रा चार स्थित हाईवे के पास पहुंचा ही था तभी उल्टी दिशा से आ रहे आटो से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में आटो क्षतिग्रस्त होने से आसपास मौजूद चालकों ने ट्रक चालक को दौड़ा लिया। मौके से भाग कर चालक ने कुछ दूर पर खड़े पुलिसकर्मियों को लूट का आरोप लगा कर जानकारी दी। लूट की जानकारी पर बर्रा थाना प्रभारी टीबी सिंह मौके पर पहुंचे।

# फरार आरोपियों की तलाश में देहात पहुंची पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बुधवार देर रात बर्रा आठ में हुई थी फायरिंग व पथराव

**अमृत विचार।** बर्रा आठ में फायरिंग व पथराव के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने तीन आरोपियों को जेल भेज दिया। वहीं पुलिस की दो टीमें फरार अन्य आरोपियों की तलाश में कानपुर देहात पहुंचीं। सर्विलांस से पुलिस को आरोपियों के देहात में होने की जानकारी मिली है।

बर्रा आठ स्थित अंधा कुआं के पास बुधवार देर रात पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया था। युवती ने पड़ोसी शिक्षिका सरिका कटियार के बेटे जीशान समेत अन्य पर आरोप लगाया था कि जीशान ने उसके गेट पर आकर गाली गलौज कर जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए पथराव कर फायरिंग की थी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ छेड़छाड़ की थी। पथराव व फायरिंग के दौरान पीड़िता का घर क्षतिग्रस्त हो गया था। गुजैनी पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों समेत अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने शिवराजपुर गोपालपुर गांव के प्रधान शिवम कटियार, किशन कटियार व रविकांत दुबे को गिरफ्तार किया था। शुक्रवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया। एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान कुछ अन्य आरोपियों के नाम सामने आए हैं। आरोपियों के कानपुर देहात में होने की जानकारी मिली है। दो टीमों को रवाना किया गया है।

## एक नजर

### डॉ.अनीता गौतम बनीं सीएमएस

**कानपुर।** हैलट अस्पताल के अपर इंडिया शुगर एक्सचेंज जच्चा-बच्चा अस्पताल की सीएमएस डॉ.रीता गुप्ता 31 मई को सेवानिवृत्त हो गईं। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ.अनीता गौतम को सीएमएस बनाया गया। वह एक जून को पदभार ग्रहण करेंगी। डॉ.अनीता गौतम ने बताया कि अस्पताल में आने वाली मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो सके, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।


डॉ.अनीता गौतम।

### बस में लगी आग, पाया काबू

**कानपुर।** जूही थानाक्षेत्र के बारादेवी चौराहे के पास शुक्रवार देर रात झकरकटी बस अड्डे से जूही डिपो जा रही एसी जनरथ बस में आग लग गई। सूचना पर मौके पर पहुंची किदवई नगर फायर स्टेशन की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया। जूही इंस्पेक्टर संजय पांडे ने बताया कि किदवई नगर डिपो की बस जूही डिपो जा रही थी। बारादेवी चौराहे पर अचानक बस से लपटें निकलने लगी। उन्होंने बताया की क्लच प्लेट में तेज आवाज के साथ आग लगी थी। आग पर काबू पा लिया गया है।

### एसएआई में सहायक कोच बनीं रुखसार

**कानपुर।** शहर निवासी महिला मुक्केबाज रुखसार बानो को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एसएआई) ने सहायक कोच के पद पर चयनित किया है। कानपुर बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव संजीव दीक्षित के मुताबिक प्रदेश में लगातार सात साल बॉक्सिंग महिला वर्ग में चैंपियन और तीन साल लगातार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली रुखसार का चयन शुक्रवार को असिस्टेंट कोच पद पर हुआ। रुखसार को इस उपलब्धि पर अनिल कुमार मिश्रा, हसन रजा जैदी, जिला संघ के अध्यक्ष श्याम मिश्रा, एसपी माहेश्वरी, अरुण शर्मा, वीरेंद्र त्रिपाठी ने बधाई दी है।

### नशे में धुत कार सवार ने मारी टक्कर, हंगामा

**कानपुर।** शुक्रवार देर रात गोविंद नगर में नशे में धुत एक कार चालक करीब चार बाइक व कार को टक्कर मारते हुए भाग निकला। कार सवार एक दंपति ने चालक का पीछा कर साकेत नगर में पकड़ा, जिसके बाद दोनों पक्षो के बीच जमकर कहासुनी हुई। विवाद की सूचना पर मौके पर पहुँची किदवई नगर पुलिस ने दोनों पक्षो को थाने लेकर आई, जहाँ दोनों ने तहरीर देने से मना कर दिया। किदवई नगर थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि शुक्रवार देर रात गोविंद नगर स्थित दुर्गा मंदिर के पास से कार सवार युवक ने नशे की हालत ने तीन बाइक व एक कार में टक्कर मार दी। तेज रफ्तार कार चालक टक्कर मारते हुए साकेत नगर सब्जी मंडी के पास पंहुचा। जहाँ उसका पीछा करते हुए रतन लाल नगर निवासी अशोक सिंह पत्नी के साथ पहुँच गए। टक्कर मारने का विरोध करने पर आरोपी दंपति के साथ अभद्रता करने लगा।

# धूम्रपान से धमनियां होतीं कमजोर, हृदय रोग का खतरा

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर अस्पतालों में हुए जागरुकता कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** तंबाकू का सेवन जानलेवा हो सकता है। धूम्रपान मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही शारीरिक सेहत पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। कार्डियोलॉजी संस्थान के निदेशक डॉ.राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि धूम्रपान करने से धमनियां कमजोर होने लगती हैं और कोरोनरी हार्ट डिजीज और स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ जाता है। हार्ट अटैक के लिए धूम्रपान को भी एक संभावित कारक बताया गया है।


जेके कैंसर संस्थान में शपथ लेते जिला तंबाकू नियंत्रण सेल की प्रभारी निधि, निदेशक डॉ.एसएन प्रसाद, सीएसजेएमयू की डॉ. द्रौपती समेत अन्य। अमृत विचार

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शुक्रवार को हैलट, कॉर्डियोलॉजी, उर्सला, डफरिन, केपीएम, कांशीराम संयुक्त अस्पताल, सीएमओ कार्यालय, मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल और जेके कैंसर संस्थान समेत आदि अस्पतालों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए। जिला तंबाकू नियंत्रण सेल की प्रभारी निधि बाजपेई ने कहा कि धूम्रपान व तंबाकू के नकारात्मक प्रभाव को जानते हुए भी लाखों लोग किसी न किसी रूप से तंबाकू का सेवन करते हैं, जिसके कारण प्रतिवर्ष कई लोगों की मौत हो जाती है और संबंधित व्यक्ति का इलाज करने पर परिजनों के लाखों रुपये भी खर्च होते हैं। इसलिए इसे छोड़ देने या सेवन न करने में ही भलाई है।

मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल के विभागाध्यक्ष डॉ.संजय कुमार वर्मा ने बताया कि तंबाकू के सेवन से फेफड़ों से संबंधित बीमारी भी होती है। इससे फेफड़े में कैंसर भी हो सकता है। जेके कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ.एसएन प्रसाद ने बताया कि तंबाकू का शरीर पर गहरा और हानिकारक प्रभाव पड़ता है। तंबाकू पदार्थ में मौजूद निकोटीन बहुत ही हानिकारक पदार्थ है, जो ब्लड वेसेल्स को सुंकचित करता है और ब्लड प्रेशर बढ़ाता है। तब हार्ट अटैक व स्ट्रोक जैसे हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। डॉ.द्रौपती यादव, संस्थान के डॉ.सौरभ, डॉ.ज्योति, संजय कुमार मिश्रा, सतेंद्र सिंह पाल, मंजू मिश्रा, सुनील राठौर, अखिल बाजपेई, जय कुमार अवस्थी, रेनू चतुर्वेदी मौजूद रहीं।

## तंबाकू से दूर रहें, अपनों को भी सेवन न करने दें

जागरुकता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** तंबाकू पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। अतः तंबाकू पदार्थों का सेवन न करें। यह बात छत्रपित शाहू जी महाराज के कुलपित प्रो. विनय पाठक ने कही। उन्होंने कहा कि तंबाकू से खुद बचाव करना चाहिए तथा अपनों को भी इसका सेवन मत करने दें।

प्रोफेसर पाठक बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने मित्रों एवं परिवार जनों को भी तंबाकू पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित कर जनसामान्य को स्वस्थ बने रहने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दें।

शुक्रवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर में 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर स्थित सभी संस्थानों एवं विभागों के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने तंबाकू का सेवन न करने की शपथ ली। कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक ने शपथ दिलाई। सेंटर फॉर एकेडेमिक्स में कुलपति के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, कुलानुशासक डा. प्रवीन कटियार, उप-कुलसचिव डॉ सरस कपूर, राकेश मिश्रा, डॉ. पुष्पा ममोरिया, डॉ. बी.पी. सिंह, हिना, सोनाली धनवानी, एवं अन्य शिक्षक तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की पंचम इकाई के स्वयंसेवकों ने तंबाकू पदार्थों को दहन किया।


सीएसजेएमयू में तंबाकू पदार्थों का दहन करते कुलपति प्रो. विनय पाठक व अन्य। अमृत विचार

● सीएसजेएमयू में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने ली शपथ

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## छात्रों ने तंबाकू उत्पाद जलाकर किया जागरूक

**कानपुर।** काकादेव स्थित दि पनेशिया सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में शुक्रवार को दि पनेशिया पैरामेडिकल साइंसेज एंड नर्सिंग इंस्टिट्यूट के छात्र-छात्राओं ने लोगों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया। पोस्टर व श्लोगन के माध्यम से अस्पताल में मौजूद लोगों को तंबाकू से होने वाली बीमारियों व कैंसर की जानकारी दी। सांकेतिक रूप से तंबाकू और तंबाकू के उत्पादों को जलाया। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रीति शुक्ला ने बताया कि तंबाकू के सेवन से मुंह का कैंसर, गले का कैंसर व फेफड़ों का कैंसर समेत अन्स कैंसर की आशंका बढ़ जाती है। न्यूरो सर्जन डॉ. विकास शुक्ला ने बताया कि तंबाकू व सिगरेट के सेवन से स्ट्रोक का भी खतरा बढ़ जाता है। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ.अनिल दीक्षित, डॉ. योगेश मिश्रा समेत आदि डॉक्टर व छात्र-छात्राएं रहे।


तंबाकू उत्पाद जलाए गए। अमृत विचार

## स्पर्म काउंट व प्रजनन क्षमता होती प्रभावित

कानपुर। आईएमए ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू से बने पदार्थों का दहन किया। लोगों से तंबाकू का सेवन न करने की अपील की। आईएमए अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी व एंटी टोबैको सब कमेटी के चेयरमैन डॉ. एके मित्तल ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार करीब 1.3 अरब लोग तंबाकू का सेवन करते हैं। तंबाकू से विश्व भर में हर साल 80 लाख लोगों की मौत होती है। तंबाकू से कैंसर होता है। यह पुरुषों में स्पर्म काउंट घटाता व नपुंसकता को बढ़ाता है और स्त्रियों की प्रजनन क्षमता कम करता है। इस दौरान डॉ.रवि कुमार, डॉ. सौरभ लूथरा, डॉ. मधुकर कटियार, सचिव डॉ. कुणाल सहाय सचिव, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, डॉ. विपुल सिंह, डॉ.उन्नति कुमार रहे।


तंबाकू उत्पादों को जलाते आईएमए के पदाधिकारी। अमृत विचार

## पुलिस अधिकारियों व सिपाहियों ने भी ली शपथ

**कानपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिले के सभी थानों और पुलिस कार्यालयों में भी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस कमिश्नर कार्यालय में कमिश्नर अखिल कुमार ने एडिशनल सीपी कानून एवं व्यवस्था हरीश चंदर, एडिशनल सीपी अपराध एवं मुख्यालय विपिन मिश्रा व एडीसीपी लाइन मनोज कुमार पांडेय के साथ डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी, इंस्पेक्टरों व दरोगाओं को तंबाकू व धूम्रपान का सेवन न करने की शपथ दिलाई।


शपथ दिलाते पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार।


**गंगा नदी में पंप लगाकर पानी की आपूर्ति :** शहर में भीषण पेयजल संकट को बयां करती ये तस्वीर। सीसामऊ नाले से गिरते सीवर के पानी से दूषित गंगा जल को मोटर पम्प में पाइप लगा झोपड़ी में रहने वाले लोग घरों तक पानी ले रहे हैं। क्षेत्र में अधिकांश हैंडपम्प खराब हैं। लोगों की मजबूरी है गंगा नदी का प्रदूषित जल उपयोग करने की। फोटो-मनोज तिवारी

## आईआईटी में दीक्षांत समारोह की हलचल तेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में 57वें दीक्षांत समारोह की कवायद तेज है। आईआईटी ऑडीटोरियम में बैठने का मौका मेधावियों को लाटरी से मिलेगा। इसके लिए पात्र विद्यार्थी आनलाइन आवेदन में जुटे हैं। अमेरिका से प्रख्यात वैज्ञानिक दीक्षांत समारोह में अपनी सहभागिता दर्ज कराएंगी।

आईआईटी कानपुर ने घोषणा की है कि संस्थान का 57 वां दीक्षांत समारोह 29 जून को आयोजित किया जाएगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि ओरेगॉन स्टेट यूनिवर्सिटी, अमेरिका की अध्यक्ष प्रोफेसर जयति वाई. मूर्ति दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। प्रथम सत्र में दीक्षांत समारोह संस्थान के सभागार में आयोजित किया जाएगा तथा द्वितीय सत्र में डिग्रियों का वितरण विभिन्न व्याख्यान कक्षों में किया जाएगा। यूजी और पीजी डिग्री प्राप्तकर्ताओं को लॉटरी के माध्यम से ऑडिटोरियम में करीब 950 सीटें आवंटित की जाएंगी।



- 29 जून को आईआईटी का 57वां दीक्षांत समारोह
- लाटरी से होगा आडीटोरियम में बैठने के लिए चयन

### आनलाइन भरना होगा फार्म

- सभी डिग्री प्राप्तकर्ताओं से दीक्षांत समारोह के लिए ऑनलाइन सहमति फॉर्म भरने का अनुरोध किया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि दीक्षांत समारोह शुल्क 1800 रुपये ऑनलाइन भुगतान करना होगा।

### वैक्सीन ली होनी चाहिए

- दीक्षांत समारोह में व्यक्तिगत रूप से भाग लेने के लिए, स्नातक करने वाले छात्रों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें कोविड-19 वैक्सीन की दो खुराकें लग चुकी हैं और छात्र के साथ आने वाले परिवार के सदस्य (यदि कोई हो) को भी कोविड-19 वैक्सीन की दो खुराकें लग चुकी हैं।

## सार-संक्षेप


एडीसीपी शिवा सिंह को जानकारी देते अब्दुल सलाम जाफरी। अमृत विचार

### सिविल डिफेंस की मदद से यातायात संचालन

**कानपुर।** विजय नगर चौराहे पर सिविल डिफेंस के सदस्यों की मदद से यातायात संचालन के संबंध में एडीसीपी शिवा सिंह ने निरीक्षण किया। टीआई मनोज कुमार सिंह, टीएसआई रविंद्र प्रताप सिंह और सिविल डिफेंस के सदस्यों अब्दुल सलाम जाफरी, विकास कुमार, सलाउद्दीन अंसारी विवेक रावत आदि के साथ उन्होंने जाम के प्वाइंट देखे और मातहतों से समस्याएं दूर करने को कहा। उन्होंने चुनाव ड्यूटी से फोर्स के वापस आने तक यातायात संचालन में सिविल डिफेंस सदस्यों की मदद लेते रहने को कहा। सदस्यों ने ड्यूटी निभाने का संकल्प दोहराया।

### हनुमान चरित्र में भक्तों को दिया गया ज्ञान

**कानपुर।** धन, बल, यश, बुद्धि सब प्रभु की देन है। यदि जीवन में सफलता हासिल करनी है तो प्रभु के शरणागत होना ही होगा। प्रभु अपने भक्तों को सिर्फ संभालता ही नहीं है वे अपने भक्तों को संवारता भी है। यह संदेश शुक्रवार को चिन्मय मिशन की ओर से आयोजित हनुमान चरित्र में पूज्य स्वामी प्रबुद्धानंद जी महाराज ने व्यक्त किए। हनुमान चरित्र का पाठ करते हुए पूज्य स्वामी प्रबुद्धानंद जी महाराज ने कहा कि रावण ने हनुमान जी से जो सवाल पूछे उनमें ही भक्ति का सार है। उनके सवाल थे कि तुम कौन हो, तुमने किसकी आज्ञा से फलों व वृक्षों को तोड़ा, तुम मुझे जानते हो, तुमने रक्षकों को क्यों मारा है। इस पर हनुमान जी उत्तर देते हैं कि हे रावण मैं संपूर्ण ब्रह्मांड जिसकी शक्ति से चलता है उस ब्रह्म का दूत हूं, मैं भूखा था इसलिए भूख को मिटाने के लिए फलों को तोड़ा, जिन्होंने फल तोड़ने से रोका मैंने उन्हें मारा। आयोजन के दौरान स्वामी गंगेशा नंद, ब्रह्मचारिणी भगवती चैतन्य, वीरेंद्र परिक्रमादित्य, डॉ जीएस सहगल, डॉ श्याम बाबू गुप्त, विनय सानन, नरेंद्र पाल भान्डोह, ज्ञानेंद्र गुप्ता, मनोज अग्रवाल, अनंत अवस्थी सहित अन्य मौजूद रहे।


पथ संचलन करते बजरंग दल कार्यकर्ता। अमृत विचार

### भारत के समय-समय पर टुकड़े किए गए

**कानपुर।** विश्व हिंदू परिषद व कानपुर प्रांत की युवा शाखा बजरंग दल ने सेठ मोतीलाल खेड़िया सनातन धर्म इंटर कॉलेज में प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया। विहिप क्षेत्र के संगठन मंत्री गजेंद्र ने कहा कि कालांतर में देश के 24 हिस्से हुए। कभी 83 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला भारत आज मात्र 33 लाख वर्ग किलोमीटर का रह गया। ईरान से लेकर इंडोनेशिया तक फैले भारतवर्ष के समय-समय पर अनेक टुकड़े किए गए। अफगानिस्तान, तिब्बत, कैलास मानसरोवर, नेपाल, श्रीलंका, बर्मा, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इंडोनेशिया और सांस्कृतिक रूप से जावा सुमात्रा वियतनाम भारतवर्ष के ही अंग हैं। बजरंग दल के प्रांत संयोजक आचार्य अजीतराज के नेतृत्व में बजरंगियों ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन किया जो कमलेश्वरम गेस्ट हाउस से छपेड़ा पुलिया, हरी गर्ल्स हास्टल, भदौरिया चौराहा व बदनाम चाय होते हुए कमलेश्वरम गेस्ट हाउस आकर संपन्न हुआ। इस दौरान प्रांत सह संयोजक अमरनाथ, अवधेश शर्मा, शुभम कौशिक, यशवंत यदुवंश, आशीष त्रिपाठी, सूरज यादव, पीयूष, प्रशांत शुक्ला समेत आदि रहे।

## सपाइयों ने जयंती पर अहिल्याबाई होल्कर को नमन किया

**कानपुर।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में शुक्रवार को अहिल्याबाई होल्कर के 299वें जन्म दिवस पर संस्कार सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि संस्कारों की जननी अहिल्याबाई होल्कर का जन्म महाराष्ट्र के औरंगाबाद में हुआ था। उन्होंने संस्कारों को अपने जीवन में महत्व देकर संघर्ष किया और राज्य की जनता की सेवा। नई पीढ़ी को अहिल्याबाई के संस्कारों से सीख लेनी चाहिए। प्रदेश सचिव केके शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है। युवा पीढ़ी को संस्कार, धैर्य और आराधना के बल से समाज को मजबूत करने का संदेश देकर मजबूत बनाया जा सकता है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह मिंटू यादव, पूर्व विधायक रामकुमार एडवोकेट, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जायसवाल, आंनद शुक्ल, महेंद्र सिंह, रजत मिश्रा आदि रहे।

## चोर की पहचान के लिए पुराने शातिरों का सहारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र में स्तिथ पीपीएन मार्केट में ज्वैलर्स शोरूम समेत तीन जगह चोरी के मामले में पुलिस आरोपी तक पहुंचने के लिए पुराने शातिरों का सहारा ले रही है। पुलिस ने पूर्व में चोरी के मामलों में आरोपी रहे कुछ संदिग्धों को उठाया और उनसे सीसीटीवी में कैद शातिर की पहचान का प्रयास कर रही है।

परेड स्थित पीपीएन मार्केट में बैजनाथ ज्वैलर्स, जे गफ टेलर और टेलीकाम एंड आइसक्रीम शॉप में मंगलवार रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस दौरान चोरों ने ज्वैलर्स शॉप से 14 किलो चांदी, टेलर की दुकान से नगदी व कपड़े और टेलीकाम शाप से मोबाइल एससेरीज व नगदी चुराई थी। पुलिस ने ज्वैलर्स की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार के अनुसार इलाके के शातिरों को आरोपी का हुलिया दिखाया गया है। पुलिस को इस हुलिये के जैसे दिखने वाले युवकों के पते भी मिले हैं। मामले में सर्विलांस समेत पुलिस की छह टीमें लगी हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

घटना को लगभग 3 दिन बीतने वाले हैं लेकिन अभी तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है इस कारण कारोबारी और व्यापारियों में आक्रोश लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इस मामले को लेकर एक दिन पूर्व गुरुवार को कारोबारी खुलासे के लिए पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की थी।

### छत पर लगे कैमरे के फुटेज धुंधले

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी किधर भागा पुलिस अबतक यह पता नहीं लगा सकी है। कर्नलगंज इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया एक कैमरा कॉलेज की छत पर लगा है जो कि काम कर रहा था। लेकिन उसपर इतना जाला लगा हुआ है कि फुटेज से कुछ भी स्पष्ट नहीं हो सका है। इलाके में लगे अन्य कैमरों को खंगाला जा रहा है।

सेमिनार | एग्जाम पैटर्न का ठीक से पता कर लें, यूजीसी नेट परीक्षा में होते हैं दो पेपर

## यूजीसी नेट में सफलता पाने के लिए दिए टिप्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कई अभ्यर्थी हैं, जो सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त होने या कॉलेजों में पीएचडी में प्रवेश लेने के लिए आवश्यक नेट, जेआरएफ योग्यता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे अभ्यर्थियों को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विशेषज्ञों ने छात्रों को यूजीसी नेट में सफलता के गुरुमंत्र प्रदान किए।

सीएसजेएमयू के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को बताया कि अगर यह परीक्षा देने वाले हैं तो इसके एग्जाम पैटर्न का आपको पहले से ही पता होना जरूरी है ताकि इसकी तैयारी करने में आपको किसी प्रकार की समस्या न आए। बताया कि यूजीसी नेट की परीक्षा में दो पेपर देना होता है। पेपर 1 और पेपर 2 के अंदर आपको बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाते हैं। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि कौन से पेपर में कितने क्वेश्चन और कितने मार्क्स मिलते हैं और इसके लिए कितना समय आपको मिलता है। संकाय, यूजी छात्र, पीजी छात्र और विभिन्न कॉलेजों के छात्रों सहित 60 सदस्यों ने भाग लिया। डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यूजीसी नेट एवं जेआरएफ की तैयारी में जुटे अभ्यर्थियों को उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है। इसलिए यह कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को यूजीसी नेट परीक्षा के लिए तैयार करना था। इस मौके पर डॉ. श्वेता पांडे, डॉ. रवि शुक्ला, दीपमाला निगम और स्मिता गुप्ता आदि उपस्थित रहे।


सीएसजेएमयू में कार्यशाला में मौजूद प्रतिभागीऔर विशेषज्ञ। अमृत विचार

### मनोहारी प्रस्तुति से पाई सराहना

**कानपुर।** स्कूल ऑफ क्रिएटिव एंड परफार्मिंग आट्र्स के संगीत विभाग में आयोजित संगीत समर कैंप के समापन समारोह में मोहक प्रस्तुतियों से प्रतिभागियों ने सराहना पाई। शुक्रवार को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने मनोहारी प्रस्तुति ने दर्शकों को आनंदित कर दिया। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. वन्दना पाठक, विशिष्ट अतिथि डा. अनुराधा कालानी, अंजली मौर्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डा. रेनू निगम, डा. आदर्श त्रिपाठी एवं डा. राजेश्वरी ढौंडियाल को सम्मानित किया गया। संचालन डा. ऋचा मिश्रा ने किया। संगीत विभाग की प्रभारी डा. रश्मि गोरे ने धन्यवाद दिया। इस अवसर पर डा. शशिकिरण मिश्रा, डा. राज कुमार सिंह, डा. रत्नार्थु मिश्रा वा डा. प्रिया तिवारी, डा. पल्लवी तिवारी, तनीषा वधावन आदि मौजूद रहे।

# चौकी के पास दो घरों से जेवर ले गए चोर

## रहीमपुर विषधन में गुरुवार की रात हुई वारदात, दोनों परिवार छतों पर सोते रहे, सुबह लगी भनक

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** ककवन थाना क्षेत्र के रहीमपुर विषधन गांव में पुलिस चौकी से महज छह सौ मीटर की दूरी पर गुरुवार की रात शातिर चोरों ने एक के बाद एक कर दो घरों में धावा बोला और लाखों रुपये के जेवरात समेट कर चले गए। दोनों परिवार छतों पर सो रहे थे। सुबह होने पर वारदात की जानकारी हो सकी। फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं लगा है।

रहीमपुर विषधन के सुनील पुत्र रामेश्वर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार की देर रात परिवार के सदस्यों के साथ खाना खाने के बाद सभी लोग छत पर सोने चले गए। रात करीब दो से तीन बजे के बीच चोर ने नीचे के दरवाजे से घर के अंदर दाखिल हुए और अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे सोना-चांदी के जेवरात पार कर दिया। इसके बाद चोरों ने पड़ोसी होरीलाल के घर को भी निशाना बनाया। होरीलाल के घर से भी चोर अलमारी में रखे आभूषण ले गए।

दोनों घरों में चोरों ने इतनी सफाई से काम किया कि किसी को भनक तक नहीं लग सकी। शुक्रवार की सुबह होने पर जब परिवार वालों ने घरों के ताले टूटा देखे, तब वारदात की जानकारी हो सकी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अभिलाष कुमार मिश्रा ने प्रारंभिक जांच-पड़ताल के साथ परिवार वालों से पूछताछ की। कुछ देर बाद एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी भी मौके पर पहुंचे और छानबीन की। उन्होंने घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए।


अलमारी से फिंगर प्रिंट लेती फोरेंसिक टीम। अमृत विचार

- एसीपी ने की तहकीकात घटना का जल्द खुलासा करने के दिए निर्देश

### डॉग स्क्वॉयड को नहीं मिली कामयाबी

चोरों ने दोनों घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये का माल पार कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अभिलाष मिश्रा मौके पर पहुंचे और खुद प्रारंभिक जांच-पड़ताल के बाद फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉयड को बुलाया। फोरेंसिक टीम ने अलमारी और बिखरे पड़े सामान के फिंगर प्रिंट लिया। डॉग स्क्वॉयड को फिलहाल कोई कामयाबी नहीं मिल सकी।

### एसीपी दफ्तर के पास चोरी का खुलासा नहीं

इससे पहले बिल्हौर कस्बे के शांती नगर मोहल्ले में एसीपी कार्यालय के निकट एक घर में चोरी की वारदात हुई थी, जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। रहीमपुर विषधन गांव के दो घरों में चोरी की वारदात के बाद दोनों पीड़ित किसानों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और जांच-पड़ताल में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# आग से बचाव के इंतजाम कोई नहीं

**मंगलपुर।** मौजूदा समय में पड़ रही भीषण गर्मी में घट रही आग की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए अग्निशमन विभाग द्वारा जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर अग्नि सुरक्षा के उपाय व उपकरणों की जानकारी ली जा रही है।

शुक्रवार को अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने मंगलपुर कस्बा स्थित मां वैष्णों रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया। मौके पर कुछ खामियां देखने को मिली। जिस पर रेस्टोरेंट मालिक को चेतावनी देते हुए सभी कमियों को जल्द से जल्द दुरुस्त करने को कहा गया। वहीं कन्हैया मिष्ठान भंडार में अग्निशमन टीम के निरीक्षण के दौरान संचालक कन्हैया से अग्निशमन यंत्र चलाने को कहा तो वह नहीं चला पाए। जिस पर फायर टीम ने माक ड्रिल कराई। साथ ही उपस्थित अन्य लोगों को भी आग बुझाने के प्रति जागरूक किया गया।

# एडी ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** कानपुर मंडल की अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. अंजू सिंह ने शुक्रवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर बेदा और घाटमपुर सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कई घंटे गुजारे और दोनों जगहों पर मरीजों को मिल रहीं स्वास्थ्य सेवाएं देखीं। खामियां मिलने पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कैलाश चंद्र को आवश्यक निर्देश दिए।

अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. अंजू सिंह ने सबसे पहले गेंदा गांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने स्टाफ नर्स से लेकर स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान अपर निदेशक के तेवर देखकर आयोग्य मंदिर के कर्मचारी सहमे रहे। यहां के बाद अपर निदेशक ने घाटमपुर सीएचसी पहुंचकर इमरजेंसी कक्ष, ओपीडी में स्वास्थ्य सेवाओं, दवा वितरण और पैथालॉजी में दी जाने वाली सुविधाएं के साथ नेत्र परीक्षण अधिकारी उदय सचान से भी जानकारी ली। उन्होंने सीएचसी में शासन की मंशा के अनुरूप मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक ने चिकित्सा अधीक्षक को कुछ बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**व्यवस्थाएं देखीं**

- ओपीडी, दवा वितरण और पैथालॉजी की देखीं व्यवस्थाएं
- खामियां मिलने पर चिकित्सा अधीक्षक को सुधार के निर्देश

# कार की टक्कर से दंपति घायल

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** शुक्रवार की शाम बाइक से बिल्हौर की तरफ जा रहे एक दंपति दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार कार ने ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दंपति जख्मी हो गए। सपा नेता ने अपनी गाड़ी से घायलों को ककवन सीएचसी पहुंचाया।

घटना शुक्रवार की शाम करीब आठ बजे की है। ककवन से पहले कुरौली मोड़ के समीप तेज रफ्तार बोलेरो कार ने ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार रामपुर तालुका निवासी सुघर सिंह (65) और उनकी पत्नी रानी (55) गंभीर रूप से घायल हो गईं। छह वर्षीय नाती नंदलाल भी मामूली रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद बिल्हौर की तरफ जा रहे सपा बिल्हौर विधानसभा इकाई के अध्यक्ष विनय यादव ने घायलों को फौरन अपने वाहन से ककवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार होने के बाद उन्हें गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद टक्कर मारने वाला कार चालक गाड़ी लेकर निकल भागा।

**रफ्तार की मार**

- ककवन थाना क्षेत्र में कुरौली मोड़ के पास हुआ हादसा
- सपा नेता विनय यादव ने घायलों को ककवन सीएचसी पहुंचाया


ककवन सीएचसी में घायलों का उपचार करते डॉक्टर। अमृत विचार

# जमीन के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

संवाददाता, सरसौल

**अमृत विचार:** महाराजपुर थाने में तैनात एक दरोगा के बोल बिगड़ गए। शिकायत करने पहुंचे एक पीड़ित से दरोगा ने कहा, तुम्हारा मर्डर होता है तो हो जाए, क्या करें। ज्यादा होगा तो पंचनामा भरवा देंगे। दरोगा और शिकायतकर्ता के बीच हुई बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि अमृत विचार इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है।

महाराजपुर कस्बा निवासी सराफा कारोबारी भोलेंद्र सोनी का पड़ोसी हरिशंकर और उसके बेटे अभिलाष से जमीन के मामले में विवाद चल रहा है। गुरुवार को भोलेंद्र सोनी निर्माण करवा रहे थे। इसी दौरान हरिशंकर से मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंचे हल्का इंचार्ज हरविंदर बहादुर से भोलेंद्र ने जान का खतरा बताया और कहा कि उसका मर्डर हो जाएगा, तभी पुलिस कुछ करेगी क्या? इस पर दरोगा हरविंदर बहादुर ने कहा कि मर्डर हो जाएगा तो हम क्या करें, ज्यादा होगा तो पंचनामा करवाकर जरूरी कार्रवाई कर देंगे। भोलेंद्र ने बताया कि पहले भी कई बार मारपीट कर चुके हैं, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार को उल्टा उसके खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर लिया। व्यापार संगठन ने इस मामले की एसीपी से शिकायत की है। एसीपी चकेरी दिलीप कुमार ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

- पीड़ित से दरोगा बोला, मर्डर होता है तो हो जाए, क्या करें

# ट्रेन से कटकर महिला की मौत घायल बैठी देखती रही बच्ची

संवाददाता, बिठूर

**अमृत विचार:** बिठूर थाना क्षेत्र के मंधना कोठी गांव के पास शुक्रवार को ट्रेन से कटकर एक महिला की मौत हो गई। उसके शव के पास चार साल की एक बच्ची घायल मिली, जो अपना और मम्मी-पापा का नाम तो बता रही है, लेकिन कहां की रहने वाली है? इस बारे में कुछ भी नहीं बता पा रही है। फिलहाल उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मंधना कोठी गांव के पास ट्रेन से कटकर महिला की मौत और बच्ची के घायल मिलने के बाद रेलवे कर्मी शव को स्टेशन लाए और फिर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे मंधना चौकी के सब इंसपेक्टर अनिल मलिक ने घायल बच्ची को उपचार के लिए मंधना स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। सब इंसपेक्टर महिला के शव की शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटे रहे, लेकिन देर शाम तक कोई कामयाबी नहीं मिली।

एसआई अनिल मलिक ने बताया कि पुलिस ने महिला के शव की शिनाख्त कराने के हर संभव प्रयास किए, लेकिन फिलहाल उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। अस्पताल में भर्ती बच्ची से जब पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम काजल, मां का नाम संध्या और पिता का नाम राजेश बताया। इसके अलावा बच्ची कोई जानकारी नहीं दे सकी। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और बच्ची के परिवार वालों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।


घायल बच्ची काजल।

**शिनाख्त नहीं**

- मंधना कोठी गांव के पास हुआ दर्दनाक हादसा
- नाम के सिवा कुछ भी नहीं बता पा रही बच्ची

# गैस रीफिलिंग से हादसे का खतरा, विभाग चुप

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** भीषण तपिश के दौरान कस्बे में जीटी रोड के किनारे दर्जन भर से अधिक दुकानों पर गैस रीफिलिंग से कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। जानकारी के बावजूद आपूर्ति विभाग और पुलिस प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। हादसे की आशंका को देखते हुए स्थानीय लोगों ने रिहायशी इलाके में गैस रीफिलिंग पर तत्काल रोक लगाने की प्रशासन से मांग की है।

कस्बे में बिठूर रोड तिराहे से लेकर बेला रोड क्रॉसिंग तक जी टी रोड किनारे स्थित दर्जनभर से अधिक दुकानों पर मानक विहीन छोटे सिलेंडरों की बिक्री के साथ एलपीजी गैस रीफिलिंग का धंधा लंबे समय से चला आ रहा है। कुछ वर्ष पहले पिपरी रोड के निकट बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस भरने के दौरान रिसाव से सिलेंडर में आग लग गई थी, जिसमें दो दुकानें पूरी तरह से जल गई थीं। मार्केट में आग लगने से दुकानदारों में दहशत फैल गई थी। लोगों ने इसका विरोध किया था। तब पुलिस प्रशासन द्वारा सख्त रवैया अपनाये जाने से इस अवैध कार्य पर अंकुश लगा था, लेकिन कुछ समय पश्चात स्थितियां पूर्ववत हो गईं। मौजूदा समय में दुकानदार बेफिक्र होकर इस कार्य में लिप्त हैं। इस समस्या के बाबत स्थानीय निवासी सत्येंद्र शुक्ला, बृजेन्द्र सिंह, अजीत द्विवेदी, रिंकू बाजपेई, श्याम दीक्षित, सचिन व अनुपम दीक्षित आदि ने बताया कि इस समय तापमान चरम पर है। ऐसे में गैस रिसाव से जरा सी चिंगारी बड़ी घटना को अंजाम दे सकती है।

> गैस रीफिलिंग करना कानूनी अपराध है। जल्द ही अभियान चलाकर अवैध कार्य में लिप्त लोगों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> -रवींद्र श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक

# स्लोगन लिखने में बच्चों ने मारी बाजी

**रूरा।** सात दिवसीय पर्यावरणीय कार्यक्रम के दूसरे दिन रूरा स्टेशन के रेल कर्मचारियों द्वारा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया।

स्लोगन प्रतियोगिता में बच्चों ने पर्यावरण, जल, पक्षी, स्वच्छता, हरियाली आदि संवेदनशील विषयों पर स्लोगन के माध्यम से यात्रियों को संदेश देते लोहे की पत्तियों पर स्लोगन लिखे। स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता से गर्मी की छुट्टियों में बच्चों की प्रतिभाएं निखारना मकसद है। पर्यावरण संरक्षण के संदेश वाली इन तख्तियों को स्टेशन परिसर में लगाने से यात्रियों को भी जागरूक करेंगी और स्वच्छ हरित जीवन शैली को भी प्रेरित करेंगी। जिसकी हमें आज नितांत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण फ्रेंडली जीवन शैली और कृत्य की दिशा में त्वरित आगे बढ़ना होगा। अन्यथा भविष्य में हमारा सरवाइव करना मुश्किल होगा।

# अब दूर होगी बिजली की समस्या

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** कस्बे में फाल्ट की समस्या से जूझ रहे नगरवासियों को अब राहत मिलने वाली है। बिजली समस्या को लेकर एसडीओ ने शुक्रवार को ट्रांसफार्मर और लाइनें दुरुस्त कराईं और एक नया ट्रांसफार्मर लगाकर लोड कम कराया। इससे फाल्ट की समस्या दूर होगी और लो वोल्टेज की समस्या से भी निजात मिलेगी।

जवाहर नगर पश्चिमी में लगे ट्रांसफार्मर में कनेक्शन ज्यादा होने के कारण फाल्ट और लो वोल्टेज की समस्या आ रही थी। एसडीओ ने एक नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर कनेक्शनों को विभाजित कर दोनों ट्रांसफार्मरों से अलग-अलग कनेक्शन कराकर बिजली आपूर्ति शुरू कराई है। माना जा रहा है कि इससे वार्ड में बिजली की फाल्ट और लोड की समस्या से छुटकारा मिलेगा। शुक्रवार को भीषण धूप में विद्युत व्यवस्था ठीक करने में लाइन मैन जुटे रहे।

वार्ड नंबर छह जवाहर नगर पश्चिमी में फाल्ट, बढ़ते नए कनेक्शन से लोड की दिक्कत को देखते हुए चार नए ट्रांसफॉर्मर स्थापित कराए गए। एसडीएम आवास वाली गली में एक 250 केवी, जूनियर स्कूल के बगल वाली गली में 100 केवी, गेस्ट हाउस की गली के पास 100 केवी, बीएसएनएल कार्यालय के पास 100 केवी के ट्रांसफार्मर रखे गए हैं, ताकि अबाध रूप से बिजली की सप्लाई दी जा सके।

- विद्युत कर्मियों ने भीषण धूप के बीच दुरुस्त की लाइनें
- ट्रांसफार्मरों का लोड हुआ कम मिलेगी भरपूर बिजली


शुक्रवार को कस्बे में नया ट्रांसफॉर्मर लगाते विद्युतकर्मी। अमृत विचार

# सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक को विदाई

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** 31 मई को सेवानिवृत्त हुए राम सहाय इंटर कॉलेज बैरी के वरिष्ठ लिपिक अनिल कटियार को समारोहपूर्वक विदाई दी गई। उनकी विदाई के सम्मान में प्रधानाचार्य मनोज पटेल की ओर से समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद अध्यापक बंशीधर, अनुराग कटियार, अमित कटियार, सोहनलाल, डॉ. सौरभ कटियार ने फूलों की माला, शाल पहनाकर विदाई दी और विद्यालय में उनके साथ बिताए हुए पलों को याद किया। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ लिपिक पद पर कार्यरत रहे अनिल कटियार की ओर से हर समय बेहतर सहयोग मिला। उनके हंसमुख स्वभाव की सभी लोग प्रशंसा करते हैं।


लिपिक को विदाई देते साथी कर्मचारी।

अध्यापकों ने कहा कि बच्चों के साथ भी उनका पारिवारिक रिश्ता रहा है। विद्यालय पर अगर कोई समस्या आई तो वह सीना तान कर आगे खड़े रहे। उनके जाने से विद्यालय परिवार को बहुत क्षति हुई है, परंतु एक न एक दिन सभी को सेवानिवृत्त होना है। सभी लोग ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह स्वस्थ रहें और अपना शेष जीवन परिवार को समर्पित कर सामाजिक जिंदगी व्यतीत करें।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**धर्म-अध्यात्म** श्रीमद् भागवत कथा का समापन, सुदामा-कृष्ण का प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव-विभोर

# कलयुग में मित्रता के बदल गए असल मायने

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** ककवन कस्बे के अटल नगर मोहल्ले में धर्मात्म सेवा समिति की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का गुरुवार को समापन हुआ। अंतिम दिन आचार्य धनवंतरि दास ने सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया, जिसमें मित्रता का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। आचार्य ने कहा कि कलयुग में मित्रता के मायने बदल गए हैं। सच्चा मित्र वही है, जो जीवन के सुख-दुख में साथ खड़ा रहे और बिना स्वार्थ के मदद को तैयार रहे।

कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो प्रभु श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद करे, परंतु आज कल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, तो मित्रता खत्म हो जाती है।

उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते हैं और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते हैं और कहते हैं कि श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र सुदामा को रोककर गले लगा लेते हैं। कथा में कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया गया। इस मौके पर समिति के राजू स्वर्णकार, रजनीश स्वर्णकार, पिंकू मिश्रा, मनोज, संतोष, मोहित सेंगर, सूरज सेंगर, राजा बेटा, प्रियम, सोनू यादव, केशव त्रिवेदी, शंभू शरण, सत्यम मिश्रा आदि मौजूद रहे। शुक्रवार को भण्डारा होगा।


कथा सुनाते आचार्य धनवंतरि दास।


कथा के दौरान उत्साह से जयकारे लगाते रहे श्रद्धालु। अमृत विचार

# मारपीट में दो लोगों को चार साल सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** रूरा क्षेत्र में करीब नौ साल पहले इंदरुख गांव में हुई मारपीट के मामले में शुक्रवार को सुनवाई पूरी होने पर अदालत ने तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए दो दोषियों को चार-चार साल का कारावास और एक दोषी को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही सभी दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता संतोष कुमार कटियार ने बताया कि रूरा क्षेत्र के इंदरुख निवासी नरेंद्र, प्रमोद, डमरू व जयराम वर्ष 2015 में दीपावली के दिन गांव में सावित्री देवी के घर के सामने जुआं खेल रहे थे। सावित्री देवी ने विरोध किया तो आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए मारपीट की। बचाव करने आए सावित्री के पति भारत सिंह व पुत्र विजय सिंह पर कुल्हाड़ी, लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मामले में सावित्री देवी ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस ने कोर्ट में आरोपपत्र पेश किए थे। सुनवाई एडीजे पंचम पूनम सिंह की कोर्ट में चल रही थी। एक आरोपी जयराम की मृत्यु हो गई थी। शुक्रवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने नरेंद्र व प्रमोद को चार चार साल की सजा सुनाई, वहीं डमरू के गंभीर रूप से अस्वस्थ होने के कारण उसे जेल में बितायी गयी अवधि के कारावास की सजा सुनाई है।इसके साथ ही प्रत्येक दोषी पर 21-21 हजार रुपये अर्थदण्ड भी लगाया है। वहीं अर्थदण्ड की धनराशि का नब्बे प्रतिशत चुटहिल भारत सिंह व विजय सिंह को बराबर दिए जाने के आदेश दिए हैं।

- नौ साल पहले रूरा क्षेत्र के इंदरुख गांव में हुई थी घटना

# पारा फिर 46 डिग्री पार, जिंदगी बेजार

तापमान बढ़ने से पंखे और कूलर भी दे रहे गर्म हवा | सड़कों-चौराहों पर दिन भर पसरा रहा सन्नाटा

**मौसम की मार**

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** मौसम की मार लगातार भारी पड़ रही है। शुक्रवार को सूरज निकलने के बाद से तपिश बढ़नी शुरू हुई तो दोपहर बाद पारा फिर से 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। सड़क, बाजार, चौक-चौराहों पर सन्नाटा छाया रहा। भीषण गर्मी में लोग घरों में भी बेहाल नजर आए।

तापमान में लगातार इजाफा होने के कारण बाहर निकलने पर सूरज की गर्म किरणें सहन नहीं हो पा रही हैं। लोग गमछा, रूमाल से चेहरा और बदन ढंकने के बाद भी परेशान हो रहे हैं। सुबह दस बजे के बाद से सड़कें सूनी हो जा रही हैं। दिन चढ़ने के साथ पारा हर घंटे चढ़ रहा है। शुक्रवार को अधिकतम पारा 46.2 और न्यूनतम 27.8 डिग्री पर पहुंच गया। नगर क्षेत्र में घर-घर एसी एवं वातानुकूलित वाहनों की भरमार होने से धरती उबल रही है।

गांवों में भी राहत नहीं है। लोग पेड़ों की छांव की तलाश करते देखे गए। गर्मी ने घरों में भी शुकून छीन लिया है। अधिकतम तापमान से पंखे और कूलर भी गर्म हवा दे रहे हैं। एसी तक ठीक से काम नहीं कर रही है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों का हाल बेहाल है। रात की नींद भी छिन गई है।

पसीने से तरबतर लोग छतों पर या खुले मैदान में राहत पाने के लिए टहलते देखे जा सकते हैं। गर्मी जनित बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ गया है। अस्पतालों में उल्टी-दस्त एवं डायरिया के मरीज ज्यादातर आ रहे हैं। बेजुबानों की भी हालत खराब है। ताल-तलैया सूख जाने से पशु-पक्षियों को पानी के लिए टोटियों और नलों के आसपास देखा जा रहा है।



भीषण गर्मी में मुंह ढककर जातीं युवतियां। अमृत विचार



गर्मी के चलते सड़क पर पसरा रहा सन्नाटा। अमृत विचार

### चहल-पहल वाले इलाकों में भी छाया सन्नाटा

जनपद के कई इलाके ऐसे हैं, जहां सुबह से शाम तक चहल पहल रहती थी। इसमें अकबरपुर अंडरपास चौराहा, रूरा रोड, सदर बाजार, माती रोड, कलेक्ट्रेट समेत पुखरायां बाजार, झींझक, रसूलाबाद आदि शामिल हैं, लेकिन इस बार गर्मी के कारण उन स्थानों पर भी सन्नाटा रहता है। शाम ढलने के बाद चहल पहल होती है।

### अब कल से आंधी और बारिश के आसार

भीषण गर्मी से जूझ रहे जिलेवासियों को दो जून से राहत मिलने के आसार हैं। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग ने दो जून से पांच जून के मध्य धूल भरी आंधी व गरज-चमक के साथ स्थानीय स्तर पर बारिश होने की संभावना जताई है। जिससे तापमान में कुछ गिरावट आ सकती है।

## प्यास बुझाने के लिए मटका और सुराही की बढ़ गई मांग

● बाजार में तीन सौ से सात सौ रुपये तक बिक रहे देशी फ्रिज

**कानपुर देहात।** भीषण गर्मी के कारण इस समय देशी मटके और सुराही की मांग बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में बसे कुम्हारों के घर मटके व सुराही खरीदने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

धूप से बेहाल लोग गले को मिट्टी की सौंधी महक के साथ तरबतर करने वाले मटके और सुराही (देशी फ्रिज) का उपयोग कर रहे हैं। लिहाजा कुम्हार भी तरह-तरह के आकर्षक मटके बनाने में लग गए हैं। वहीं बाजारों में मटके और सुराही की मांग बढ़ने से इनकी कीमतों में भी तेजी आई है। इन दिनों तपती दोपहर में गर्मी से बेहाल लोग पानी की तलाश में भटकते मिल जाते हैं। ऐसे में लोग देशी फ्रिज कहे जाने वाले मटके और सुराही की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। जिससे बाजारों में इनके दाम तो बढ़े ही हैं। साथ ही जानकर लोग इसके पानी को ज्यादा फायदेमंद बताते हैं।

सरियापुर निवासी नीरज प्रजापति ने बताया कि वह पिछले करीब बीस वर्षों से मटके बेचने का काम करते आ रहा है। यह उनका पुस्तैनी काम है। उन्होंने बताया कि पहले मटकों का आकार कुछ और ही होता था, लेकिन समय के परिवेश में अब मटकों में एक नल (टोटी) भी लगाई जा रही है। मटके में हाथ डाले बिना नल से पानी पी सकते हैं।



अकबरपुर के माती रोड पर बिक्री के लिए रखे मिट्टी के मटके और सुराही। अमृत विचार

## गश खाकर गिरा ट्रक चालक, मौत

संवाददाता, शिवली

● मैथा बाजार से दोपहर में सामान लेकर सूरजपुर गांव जा रहा था ट्रक चालक

**अमृत विचार।** मैथा बाजार से दोपहर में सामान लेकर वापस लौट रहा एक ट्रक चालक रास्ते में गश खाकर गिर गया। परिजन उसे आनन-फानन इलाज के लिए कानपुर के निजी अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।



राजकुमार पाल।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के सूरजपुर गांव निवासी राजकुमार पाल (37) ट्रक चालक था। बुधवार को वह कबरई से मौरंग लेकर कानपुर आया था। वहां से मौरंग अनलोड करने के बाद वह अपने गांव आ गया था। गुरुवार की दोपहर को वह बाजार करने मैथा गया था। वहां से वापस आते समय वह गांव के बाहर गश खाकर गिर गया। जानकारी मिलने पर परिजन उसे लेकर कानपुर के निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद परिजन शव को लेकर गांव आए। वहीं मौत पर पत्नी सलोनी बदहवास हो गई और मां कुसुमा, बहन दीपा, पुत्र सूर्यांश, योगेश आदि का रो-रो कर बुरा हाल रहा। भाई संजय की सूचना पर चौकी इंचार्ज काली चरण मौके पर पहुंचे और प्राथमिक छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रथमदृष्टया युवक की गर्मी की चपेट में आकर मौत होना प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है।



मौत पर रोते-बिलखते परिजन।

## एक नजर

### घर के अंदर संदिग्ध हालत में मिला महिला का शव

**भोगनीपुर।** कोतवाली क्षेत्र के हारामऊ गांव में एक महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में शव घर के अंदर पड़ा मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हारामऊ निवासी रोशनी का शव घर के अंदर पड़ा होने की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और प्रारंभिक जांच-पड़ताल की।

### खलासी को पीटा, घायल

**पुखरायां।** देवराहट थाना क्षेत्र के प्रेमपुर गांव के अरुण कुमार ने बताया कि उनका भाई धनराज (25) डपंर परिचालक है। गुरुवार रात को झांसी-कानपुर हाईवे पर हांसेमऊ गांव के पास अचानक डंपर पलट गया था। जहां पर गिट्टी दूसरे डंपर में लदवा कर वह वहीं पर सो गया था। रात में अज्ञात लोगों ने बिना वजह धनराज को मारपीट कर घायल कर दिया। जानकारी पर यूपी डायल 112 पुलिस उसे सीएचसी लाई। जहां डॉ. आरती सिंह ने उपचार किया।

### अनियंत्रित होकर गिरने से बाइक सवार गंभीर

**पुखरायां।** सेल्हूपुर गांव के संदीप कुमार ने बताया कि उसके मामा बुद्ध सिंह बाइक में सवार होकर भोगनीपुर किसी कार्य के लिए गए हुए थे। जहां से वापस अपने गांव आ रहे थे। तभी गांव के बाहर अचानक बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और उसके मामा घायल हो गए। उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां डॉ. राजवीर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

### पंखे से कट गई उंगली

**पुखरायां।** उमरिया गांव के विजय नारायण ने बताया कि उनका दस वर्षीय पुत्र राजा सिंह घर में बिजली का फर्राटा पंखा चल रहा था। तभी खेल खेल में उंगली पंखे में डालने से कट गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉ. आरती सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पेड़ से गिरकर युवक गंभीर

**पुखरायां।** युवक पेड़ से गिरकर घायल हो गया। भोगनीपुर गांव की हसीना ने बताया कि उसके पति साबिर (30) पेड़ में चढ़कर आम तोड़ रहे थे। उसी समय डाल टूट गई और वह नीचे गिरने से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉ. आरती सिंह ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल भेज दिया।

### एआरटीओ दफ्तर में दो दिन बंद रहेंगे काम

**कानपुर देहात।** शुक्रवार को एआरटीओ प्रशांत तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्मार्ट कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया में सॉफ्टवेयर के अपडेट होने के कारण लाइसेंस से संबंधित सभी कार्य दो और तीन जून को स्थगित रहेंगे।

### नाबालिग को ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रूरा।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के खिलाफ पुलिस ने नाबालिक को बहलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज की थी। थानाध्यक्ष शिवनारायण सिंह ने बताया कि आरोपी विनय यादव को जगदीशपुर गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेजा गया है।

## साल भर बाद भी नहीं मिला पानी

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के अंबियापुर गांव में एक साल बाद भी पानी टंकी का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। जिससे तीन गांव की करीब पांच हजार आबादी को भीषण गर्मी में ग्रामीणों को हैंडपंपों का सहारा लेना पड़ रहा है।

सरकार द्वारा चलाई जा रही हर घर योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में पानी टंकी का निर्माण होना था, लेकिन ज्यादातर ग्राम पंचायतों में पानी टंकी सिर्फ कागजों पर ही पूर्ण दिख रही है। यही स्थिति डेरापुर ब्लॉक के अंबियापुर ग्राम पंचायत में देखने को मिल रही है। ग्राम पंचायत में करीब दो करोड़ रुपये की लागत से 185 किली क्षमता की पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। लेकिन एक साल बीतने के बाद भी कार्य पूरा नहीं हो सका है और लोग भीषण गर्मी में पानी किल्लत से जूड रहे हैं।



अंबियापुर में अधूरा पड़ा पानी टंकी का निर्माण। अमृत विचार

● अंबियापुर ग्राम पंचायत में दो करोड़ रुपये से पानी टंकी निर्माणाधीन

ग्रामीण अजय, आलोक, विवेक आदि ने बताया कि जब टंकी निर्माण कार्य शुरू हुआ था तो अलावलपुर, अंबियापुर, उमराव पुरवा गांव के ग्रामीणों में घर की टोंटी से पानी मिलने की आस जगी थी। लेकिन एक वर्ष बीतने के बावजूद टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण न हो सका है। वहीं उमरावपुरवा गांव में अभी तक पाइपलाइन भी नहीं डाली गई है। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। तीनों गांवों की करीब पांच हजार आबादी है। जल विभाग द्वारा करीब चार सौ लोगों को कनेक्शन मुहैया कराए गए है, लेकिन घरों में लगी टोटियां महज शोपीस बनकर रह गई हैं। इस बावत जल निगम के जेई विजय यादव ने बताया कि कार्य कराया जा रहा है। जल्द ही टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## शिक्षकों को हर माह पूरा कराना होगा पाठ्यक्रम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

● कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं का चार बार होगा मूल्यांकन

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अब पाठ्यक्रम हर महीने निर्धारित कर उसी महीने में पूरा कराया जाएगा। कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं का चार बार मूल्यांकन होगा। जिसमें अर्द्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षा भी शामिल रहेगी।

जिले में 1925 परिषदीय व कंपोजिट विद्यालय संचालित हैं। इनमें करीब 1 लाख 40 हजार छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। इन छात्रों के विकास के लिए शासन तमाम प्रयास कर रहा है। निपुण भारत मिशन के साथ अन्य प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। इस शैक्षिक सत्र में बेसिक शिक्षा विभाग ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरह कैलेंडर जारी किया है। अब परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक हर महीने पाठ्यक्रम को बांटकर निर्धारित करेंगे। इसी अनुसार पढ़ाई कराते हुए पाठ्यक्रम उक्त महीने में ही पूरा किया जाएगा।

छात्र-छात्राओं का शैक्षिक सत्र में चार बार मूल्यांकन किया जाएगा। यह मूल्यांकन हर तीन माह में होगा। अगस्त व दिसंबर में सत्रीय परीक्षा होगी। अक्तूबर में अर्द्धवार्षिक व मार्च में वार्षिक परीक्षा कराई जाएगी। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार विद्यालयों में पढ़ाई लिखाई के साथ अन्य गतिविधियां कराए जाने के सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए गए हैं।

## सार-संक्षेप



सेवानिवृत्त कर्मचारी विदाई देते अधिशाषी अभियंता कुलदीप यादव। अमृत विचार

### महिला कर्मी के सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई

**राजपुर।** पुखरायां उपखंड कार्यालय में तैनात महिला कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। शुक्रवार को अधिशासी अभियंता कुलदीप यादव ने सेवानिवृत्त महिला कर्मचारी शांति देवी को उपहार देकर सम्मानित भी किया। साथ ही सेवानिवृत्ति होने के बाद मिलने वाली पेंशन, ग्रेच्युटी, लिव इन पे, जीपीएफ की सभी कार्रवाई पूरी कराकर अभिलेख महिला कर्मचारी को सौंप दिए। जबकि अक्सर देखा जाता है कि सरकारी विभाग से सेवानिवृत्त होने पर कर्मचारियों को सालों कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। कार्यक्रम के बाद अधिशासी अभियंता कुलदीप यादव ने सरकारी वाहन से सेवानिवृत्त कर्मचारी शांति देवी को उनके घर तक भिजवाया। इस मौके पर उप खंड अधिकारी आरके वर्मा, अवर अभियंता रामरूप बिंद, बलराम, तपस, रंजन, नोडल अधिकारी ब्रह्म प्रताप, संविदा कर्मी गौरव गुप्ता समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



दंगा नियंत्रण को लेकर अभ्यास करते पुलिस कर्मी।

### दंगा नियंत्रण के लिए पुलिसकर्मियों ने किया अभ्यास

**कानपुर देहात।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 मतगणना एवं त्योहारों को देखते हुए एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में पुलिस लाइन में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों को दंगा नियंत्रण के साथ बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया। वहीं बलवा ड्रिल अभ्यास के दौरान की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में सभी अधिकारी व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### कंट्रोल रूम से मिलेंगे मतगणना के परिणाम

**कानपुर देहात।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने शुक्रवार को बताया कि लोकसभा इटावा, कन्नौज, अकबरपुर व जालौन-गरौठा निर्वाचन क्षेत्र के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र वार मतगणना चार जून को सुबह आठ बजे से अकबरपुर डिग्री कॉलेज अकबरपुर में कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर स्थापित कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की ड्यूटी विधानसभावार लगाई गई है। उन्होंने बताया कि रसूलाबाद विधानसभा के लिए सुमित श्रीवास्तव न्याय सहायक, अकबरपुर-रनियां के लिए अतुल अवस्थी कनिष्ठ सहायक, सिकंदरा के लिए हिमांशु पांडेय कनिष्ठ सहायक व भोगनीपुर विधानसभा के लिए नकुल सिंह कनिष्ठ सहायक मतगणना परिणाम से सभी को अवगत कराएंगे।

## साक्षी के बीमार होने से कोर्ट में टल गई गवाही

**बलवंत कांड**

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** चर्चित बलवंत हत्याकांड में अभियोजन साक्षी रामजी के अस्वस्थ होने से गवाही नहीं हो सकी। कोर्ट ने गवाही के लिए 12 जून की तारीख तय की है। वहीं अभियोजन साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेंद्र सिंह से आरोपी तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम व आरक्षी दुर्वेश कुमार की तरफ से पिछली तिथि में जिरह पूर्ण की गई।

वादी पक्ष के अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि वादी अंगद सिंह, साक्षी बलबीर सिंह, गुड्डू उर्फ राघवेंद्र सिंह के बयान दर्ज हो चुके हैं। सुनवाई अपर जिला जज कक्ष संख्या पांच पूनम सिंह की अदालत में चल रही है। अधिवक्ता ने बताया कि शुक्रवार को आरोपी तत्कालीन शिवली एसओ राजेश सिंह, एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, तत्कालीन मैथा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पांडेय सहित आठो पुलिस कर्मी जेल से न्यायालय में पेश किए गए। वहीं आरोपी मैथा चौकी के तत्कालीन मुख्य आरक्षी विनोद कुमार ने मामले में द्वितीय जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया है।

## ट्रक की टक्कर से वैन चालक की मौत

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** सट्टी थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने ओमनी में टक्कर मार दी। हादसे में ओमनी पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर पलट गई और कार चालक की स्टेंरिग में दबकर मौत हो गई। वहीं ओमनी सवार मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। राजपुर पीएचसी से मां-बेटा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

औरैया जनपद के खानपुर निवासी बरकत अली ने बताया कि शुक्रवार को उसकी पत्नी सोनी खातून (30) बेटे अयान (4) के साथ औरैया के चिलौली निवासी अभिषेक द्विवेदी की वैन से रिश्तेदारी में कानपुर नगर के घाटमपुर जा रही थी, तभी सट्टी थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर कस्बे में एक पेट्रोल पंप के सामने भोगनीपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ओमनी में जोरदार टक्कर मार दी। भीषण दुर्घटना में ओमनी क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर पलट गई। सूचना पर सट्टी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर वैन में फंसे चालक व सवारियों को बाहर निकालकर राजपुर पीएचसी भेजा। पीएचसी में डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने वैन चालक अभिषेक द्विवेदी को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल सोनी व अयान को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वैन देखते पुलिस कर्मी व लोग। अमृत विचार

**निर्देश** | सीडीओ ने विकास, निर्माण कार्यों और आईजीआरएस की प्रगति की समीक्षा की

## प्रगति के आंकड़े पोर्टल पर करें अपडेट

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यों, निर्माण कार्यों व आईजीआरएस के प्रगति की समीक्षा बैठक सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

शुक्रवार को विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में सीडीओ लक्ष्मी एन. ने सभी विभागों को विभागीय योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग शासन द्वारा प्राप्त लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति करें तथा योजनाओं की प्रगति संबंधित त्रुटि रहित आंकड़े पोर्टल पर फीड करें। उन्होंने निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी विभागों की कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कहा कि निर्माण कार्य के प्रगति संबंधी आंकड़े विभाग पोर्टल पर ससमय अपडेट कराएं।

आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने सभी विभागों को पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय के अंदर संतुष्टिपरक निस्तारण कराया जाए। आईजीआरएस से संबंधित शिकायतें डिफाल्टर श्रेणी में न जाने पाएं।

अगर किसी विभाग से संबंधित आईजीआरएस डिफाल्टर श्रेणी में जाता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सीएमओ डॉ. एके सिंह, डीएसटीओ यशी पाल, उप निदेशक कृषि रामबचन राम, बीएसए रिद्धी पांडे, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुरभि श्रीवास्तव, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नेहा सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करतीं सीडीओ लक्ष्मी एन.। अमृत विचार

## अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई

**मंगलपुर।** इंदौर की मराठा शासक अहिल्याबाई होल्कर की 299 वीं जयंती पर नगर पालिका झींझक के रूप रतन वाटिका में समारोह का आयोजन हुआ। अध्यक्षता कर रहे पूर्व सैनिक सीताराम पाल ने कहा कि हमें अपने पूर्वजों से प्रेरणा लेकर पुनः शासक बनने के लिए लगातार त्याग और संघर्ष करते हुए आगे बढ़ना है। इस मौके पर प्रबुद्ध श्रमजीव धनगर, समिति अध्यक्ष अमर सिंह पाल, प्रबंधक कैप्टन राकेश सिंह पाल, कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर महेंद्र पाल सिंह, सूबेदार मेजर अवधेश धनगर, दयाराम पाल, महेंद्र सिंह पाल, कल्पना पाल पूर्व जिला पंचायत सदस्य, जयपाल सिंह, मानसिंह पाल, दीवान सिंह, बृजेंद्र पाल, प्रशांत पाल, लल्ला सिंह, सुमन पाल आदि मौजूद रहे।

## हाजिरी व एमडीएम रिपोर्ट नहीं देने पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

● शिक्षकों से टैबलेट के जरिए एक सप्ताह में मांगी गई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** टैबलेट उपलब्ध कराने के बाद भी स्कूलों में विद्यार्थियों की हाजिरी और मध्याह्न भोजन की रोजाना डिजिटल रिपोर्ट न मिलने पर शासन ने नाराजगी जाहिर की है। राज्य परियोजना निदेशक ने डिजिटलाइजेशन की धीमी प्रगति को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने सभी शिक्षकों से टैबलेट का उपयोग कर रिपोर्ट एक सप्ताह में भेजने का निर्देश दिया है। इस बावत बीएसए को पत्र भेजा गया है।

शासन ने 15 फरवरी से छात्र उपस्थिति पंजिका व एमडीएम पंजिका का डिजिटल रूप ही मान्य करने के निर्देश दिए थे। परिषदीय विद्यालयों में डिजिटलाइजेशन के लिए पिछले दिनों विभाग ने शिक्षकों को टैबलेट वितरित किए थे। काफी समय तक इन टेबलेटों के उपयोग के लिए इंटरनेट और सिम को लेकर शिक्षकों में भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। इस बीच राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा एक मई को टेबलेट के उपयोग के लिए सिम कार्ड व इंटरनेट के लिए खर्च के लिए निर्देश जारी किए गए थे। इसके बावजूद बीएसए कार्यालय द्वारा मुख्यालय को इसकी जानकारी नहीं दी गई। इस पर राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा ने नारजगी व्यक्त की है।

# और तल्ख हुए सूर्यदेव के तेवर, 45 डिग्री पार हुआ पारा

## शुक्रवार को सुबह से ही चल रही गर्म हवाओं और लू के थपेड़ों से लोग रहे बेहाल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



दुपट्टे से मुंह ढंककर निकलतीं युवतियां।

**अमृत विचार।** सूर्योदय की लाली समाप्त होने के साथ ही सूर्य की तेज किरणें शरीर को तपिश का एहसास कराने लगीं। समय बीतने के साथ सूर्य की किरणें असहनीय होने लगीं। दोपहर दो बजे के बाद पारा 45 पार कर गया और धूप व लू के चलते सड़कों पर आवाजाही थम गई। बहुत जरूरी होने पर घरों से निकले लोग अंगौछा, चश्मा व ग्लव्स पहनकर ही निकले।

वैसे तो मई माह की शुरुआत ही गर्मी के बीच हुई थी, लेकिन किसी का उम्मीद नहीं थी कि 31 मई को आसमान से आग बरसेगी। हालांकि शुक्रवार का दिन ऐसा ही रहा, जिससे दोपहर 12 बजे से ही सड़क पर निकलते ही कपड़े पहने होने के बाद भी लोगों को शरीर झुलसने का एहसास होता रहा। बस्योढ़ाही अष्टमी के चलते महिलाओं ने बीती रात बनाकर तैयार किए गए हलवे व अठौरियां चढ़ाने सुबह सात बजे घरों से निकलना शुरू हुईं, लेकिन इस बीच गर्मी के चलते घरों से निकटवर्ती मंदिर तक आवाजाही करना काफी मुश्किल तलब रहा।

● दोपहर दो बजे के बाद भीषण गर्मी ने लोगों को घरों में रहने को मजबूर कर दिया

मौसम के मिजाज तल्ख होते ही घरों से निकले लोगों ने वापस लौटना ही मुनासिब समझा। वहीं बहुत जरूरी होने पर दोपहर के समय घरों से निकलने वाले बचाव के तमाम इंतजाम करने बाद ही ड्योढ़ी के बाहर कदम रखने का साहस जुटा सके। दोपहर दो बजे तपमान बढ़ने से पारा 45.08 डिग्री पहुंच गया। जिससे सड़कों पर राह चलना दुश्वार बना रहा। इस दौरान शहर से होकर गुजरने वाले लखनऊ-कानपुर और बिलग्राम-प्रयागराज मार्गों पर वाहनों की आवाजाही कुछ समय के लिए थमी सी दिखाई दी। यही नहीं शहर में घूमने वाले गौवंश भी दोपहर के समय सड़कों के बजाए तंग गलियां तलाशना शुरू कर देते हैं, जिससे सीधी धूप से अपना बचाव कर सकें। गलियों में जगह-जगह गौवंश आदि को रखवाई गई नांद में भरे पानी से वह अपनी प्यास भी बुझा पाते हैं। हनुमंत जीवाश्रय के संस्थापक अखिलेश अवस्थी ने कहा कि इस बार मानसून आने पर संस्था की ओर से लोगों को घरों के बाहर पौधरोपण के लिए प्रेरित किया।

### सन्नाटा देख दुकान बंद कर रहे कारोबारी

सड़कों पर सन्नाटा देख मुख्य बाजारों से दूर कारोबार करने वाले अधिकांश दुकानदारों ने ताला बंद करना ही मुनासिब समझा। छोटे व मझोले दुकानदारों ने बताया कि व्यवसायिक मीटर से दुकानों पर कूलर का इस्तेमाल करना बस से बाहर की बात है, जबकि पंखा लगातार गर्म हवा देता है। साथ ही दोपहर के समय ग्राहक भी नहीं आते हैं। इसलिए इधर एक सप्ताह से दोपहर के समय दुकान बंद कर देते हैं।

### प्रशासन ने किया तालाब भरवाने का दावा

डीएम गौरांग राठी के फेसबुक पेज पर गर्मी के मद्देनजर जहां टैंकरों से राहगीरों को पानी उपलब्ध कराए जाने का दावा किया गया है। वहीं ग्रामीणांचलों में तालाबों को भरवाए जाने की फोटो भी शेयर की गई हैं। उल्लेखनीय है कि जिले की उन्नाव, गंगाघाट व बांगरमऊ नगर पालिका परिषदों सहित सभी 17 नगर पंचायतों में टैंकरों की संख्या नाकाफी है। वहीं ग्रामीण इलाकों में रहने वाले तालाब भरवाने के दावों पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं।

### जलदान को स्थापित हो रहे प्याऊ

नौतपा में जलदान को विशेष फलदायी बताया गया है। इसलिए इन दिनों व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष अमित मिश्र व विशाल गुप्ता और उनकी टीम विभिन्न स्थानों पर प्याऊ लगवा रही है। इसी तरह सांई सेवा समिति के संस्थापक समाजसेवी सुरेंद्र वर्मा ने रजिस्ट्री कार्यालय में वाटर कूलर स्थापित कराया है। इधर श्री राधा कृष्ण शांति सेवा संस्थान व विश्व शांति सेवा समिति ने कुंदनरोड में प्याऊ संचालित करा रखे हैं।

## घरों में लगे पंखे और कूलर भी फेंक रहे हैं गर्म हवा

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** एक सप्ताह से गर्मी का पारा दिनों दिन चढ़ता जा रहा है, जिस कारण भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से आने जाने वाले लोग बेहाल हो गये हैं। वहीं घरों में लगे कूलर पंखा भी गर्मी हवा फेंक रहे हैं। देर शाम तक गर्म हवाओं ने लोगों को झकझोर दिया है। वहीं बिजली भी इस भीषण गर्मी में लोगों को दगा दे रही हैं। जिससे लोगों गर्मी में व्याकुल हो गये हैं।

गर्मी का पारा एक दिनों दिन हाई होने लगा है। शुक्रवार को भीषण गर्मी के चलते लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह दस बजते ही आसमान से बरस रही आग ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। केवल जरूरी काम से जाने वाले लोग ही सड़कों पर निकले। वहीं लू के थपेड़ों से आने जाने वाले लोग बेहाल हो गये। लोग पूरा शरीर ढक कर निकले। वहीं अधिक गर्मी पड़ने के कारण बच्चे गंगा में छपकछई करते रहे। उधर तेज धूप से पशु-पक्षियों का भी बुरा हाल है। दोपहर होते ही पशु छांव की तलाश में निकल पड़ते हैं। जबकि पक्षी पेड़ों के झुरमुट में छिपकर मौसम के ठंडे होने का इंतजार करते रहते हैं। पारा अधिक हो जाने के कारण लोगों के शरीर से पसीना निकलना लगातार जारी रहा। भीषण गर्मी में बिजली कटौती से भी दगा ने गई। जिससे लोग परेशान रहे।



धूप से बचने को मुंह ढंककर जाती महिला।

# कवायदः स्वास्थ्य विभाग पूरे जून चलाएगा मलेरिया रोधी अभियान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग जून को मलेरिया रोधी माह के रूप में मनाएगा। प्रभारी सीएमओ डा. हरि नंदन प्रसाद ने बताया कि मलेरिया रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। कहा कि इस बीमारी पर जन भागीदारी से ही नियंत्रण पाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि मलेरिया रोधी माह के तहत हर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच की जाएगी। मलेरिया के मरीजों का तुरंत उपचार किया जाएगा। आशा व एएनएम के सहयोग से जल भराव वाले स्थानों पर कीटनाशक का छिड़काव किया जाएगा। लोगों को घरों के आसपास सफाई करने और जलभराव वाले स्थानों पर जला हुआ मोबिल डालने को प्रेरित किया जाएगा। साथ ही बचाव के लिए पानी भरे स्थानों पर मिट्टी भरना, पानी को एकत्र न होने देना, कूलर का पानी बदलते रहना, सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग करना, पूरी आस्तीन के कपड़े पहना बुखार आने पर चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी जाएगी। बताया कि इस दौरान 'हर रविवार, मच्छर पर वार' कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि मलेरिया रोधी माह का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच मलेरिया के बारे में जागरूकता पैदा करना है। जिले की सभी सीएचसी-पीएचसी में आशा, एएनएम व स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर प्रचार-प्रसार कर आमजन को जागरूक करेंगे। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जे आर सिंह ने बताया कि मनुष्य के शरीर मे मादा एनाफिलीज मच्छर काटने से यह बीमारी होती है। मलेरिया में व्यक्ति को ठंड के साथ तेज बुखार आता है जो रोज 3 से 4 घंटे तक रहता है। मलेरिया 10 से 12 दिन तक व्यक्ति को प्रभावित करता है।

### बताए लक्षण

- सर्दी व कंपन के साथ बुखार आना, निश्चित समय के बाद उतर जाना।
- तेज सर दर्द, बुखार उतरने के समय अधिक पसीना आना।
- थकना, चक्कर आना, शारीरिक कमजोरी बढ़ जाती है।
- उल्टी या मितली का होना।
- थोड़ी-थोड़ी देर में प्यास का लगना, हाथ व पैर में ऐठन होना

## एक नजर

### बंदरों ने पांच लोगों को काटा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में कटखने बंदरों का आतंक है। ग्रामीणों ने कई बार वन विभाग को सूचना दी। गर्मी में छत पर सो रहे ग्रामीणों को बंदर अपना निशाना बना रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में दहशत है।शंकरपुर गांव में पिछले कई माह से कटखने बंदरों का आतंक है। बंदर बच्चों से लेकर बुजुर्गों को दौड़ाकर काट रहे हैं। इस समय गर्मी का समय चल रहा है। जिस पर गांव के अधिकांश लोग छतों पर सोते हैं। जिससे रात से लेकर भोर पहर तक बंदर ग्रामीणों को काट कर घायल कर रहे हैं।

### महिला ने फांसी लगा दी जान

**नवाबगंज, उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नाना टिकुर गांव का मजरा महेशपुर गांव निवासी बबलू की 25 वर्षीय पत्नी शांति देवी का शव भोरपहर घर के आंगन में जाल के सहारे लटकता देख परिजनों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों का तांता लग गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## आभार जताते रुंध गया विक्रम बहादुर का गला, नहीं फूटे बोल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● शिक्षा विभाग में 34 बरस सेवा के बाद सेवानिवृत्त होने पर हुआ विदाई समारोह

**अमृत विचार।** डीआईओएस कार्यालय के वरिष्ठ सहायक विक्रम बहादुर सिंह 34 वर्ष शिक्षा विभाग की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। यूपी एजूकेशनल मिनिस्ट्रीरियल एसोसिएशन ने डायट प्रेक्षागृह में कार्यक्रम में उन्हें विदाई दी। कार्यक्रम में निदेशक साक्षरता व वैकल्पिक शिक्षा भगौती सिंह, निदेशक बालिका शिक्षा मुकेश सिंह, डायट प्राचार्य एसके तिवारी, डीआईओएस एसपी सिंह, बीएसए संगीता सिंह व बीईओ मुख्यालय लखनऊ राजेश सिंह शामिल हुए। निदेशक साक्षरता व वैकल्पिक शिक्षा ने कहा कि विदाई देने को जुटी भीड़ सेवानिवृत्त हो रहे वरिष्ठ सहायक के सफल कार्यकाल की दास्तां बयां कर रही है।

सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ सहायक विक्रम बहादुर सिंह संबोधन के लिए डायस पर बुलाए जाने पर रुंधे गले से केवल आभार ही जता सके। उन्होंने कहा कि लोगों में स्वयं के प्रति प्रेम व स्नेह देख वह अभिभूत हैं। सभी के प्रति आभार जताने के लिए वह शब्द नहीं जुटा पा रहे हैं। इस मौके पर यूपी एजूकेशनल मिनिस्टीरियल एसोसिएशन डीआईओएस के जिलाध्यक्ष सागर कपूर, व महामंत्री अमित कुमार, बेसिक के अध्यक्ष शैलेश शुक्ला व अनुराग तिवारी, प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिंह, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश पांडेय, गजेंद्र वर्मा, संजय सिंह, आशीष अवस्थी गौरव, मनीष पांडेय, रामप्रताप सिंह, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशी प्रभा श्रीवास्तव, वीर प्रताप सिंह रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में 15 तक अवकाश के डीएम ने दिये आदेश

**उन्नाव।** डीएम गौरांग राठी ने आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को एक से 15 जून तक अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में जारी आदेश में डीएम ने कहा है कि परिषदीय विद्यालयों की अपेक्षा आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चे कम उम्र के होते हैं। परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश घोषित होने के मद्देनजर बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र न बुलाया जाए। हालांकि कार्यकत्रियों को पूर्ववत कार्य जारी रखने को कहा गया है। डीएम के इस आदेश को समर कैंप का विरोध कर रहे प्राथमिक शिक्षक उपयोगी बता रहे हैं।

डीएम ने आदेश में कहा है कि तमाम प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में ही आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन हो रहा है। जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में अवकाश घोषित किया जा चुका है।

## हाईवे पर लगा जाम यात्रियों के लिए बना मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



हाईवे पर लगे जाम में फंसे वाहन।

**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर लगने वाला जाम यात्रियों के लिये मुसीबत बना हुआ है। जैसे-जैसे गाड़ियों का दबाव बढ़ रहा है, लोग जाम से जूझ रहे हैं। ट्रैफिक नियंत्रण को लेकर पुलिस लापरवाह बनी हुई है और लोग जाम में फंसकर भयंकर गर्मी में परेशान हो रहे है।

गुरुवार देरात से ही कानपुर-लखनऊ हाईवे पर जाम लगना शुरू हुआ जो शुक्रवार सुबह साढ़े 7 बजे तक लगा रहा। जाम एलेन कोपर शोरूम के सामने से दही-पुरवा मार्ग के ओरहर गांव तक लग गया। इस दौरान हाईवे पर भीषण गर्मी में जाम में वाहन सवार फंसे रहे। हाईवे पर बड़े वाहनों की लापरवाही से अक्सर जाम जग जाता है। कई बार तो जाम में एम्बुलेंस तक फंसी रहती हैं। ट्रक चालक सर्विस लेन पर वाहन खड़े कर देते हैं। सर्विस लेन पर लगे संकेतक को भी किसी वाहन ने तोड़ दिया है। जिससे छोटे वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। वहीं दूसरी लेन से आ रहे वाहनों की वजह से हादसे भी हो रहे हैं। इस दौरान वाहन रात से सुबह तक रेंग रेंगकर निकलते रहे। लखनऊ जिले की सीमा क्षेत्र के बनी के पास एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे का निर्माण हो रहा है।

## सार-संक्षेप




स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

### अंबिका स्कूल में 10 दिवसीय कैंप का हुआ समापन

**शुक्लागंज उन्नाव।** अंबिका प्रसाद मेमोरियल लिटिल किंगडम एवं अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में दस दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया था। जिसका शुक्रवार को समापन हुआ। दस दिवसीय समर कैंप के दौरान बच्चों ने समूह बनाकर पब्लिक स्पीकिंग, एडवेंचर, शूटिंग रेंज, जिप लाइनर, फन एजुकेशन, मिक्की माउस, निशाना लगाना, रस्सी द्वारा ऊपर चढ़ना तथा समर कैंप में आर्ट एवं क्राफ्ट, फाइन आर्ट, एनिमेशन वर्कशॉप तथा गीत संगीत का भरपूर आनंद लिया जिसमें डायरेक्टर निलोफर, जमीर अहमद तथा सेक्रेटरी गोपी नाथ साहू के साथ उनकी टीम ने अभिभावकों और विद्यार्थियों को एडवेंचर गेम्स खिलाने में भरपूर सहयोग दिया। स्कूल के प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने कहा कि हमें पढ़ाई के साथ साथ शारीरिक, मानसिक विकास तथा स्वयं को तरोताजा रखने के लिए खेलना, मौज मस्ती, आदि करना भी जरूरी है। कैंप की समाप्ति पर समर कैंप में प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान देते हुए पुरस्कृत किया गया।

### सपा ने मनाई वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**उन्नाव।** सपा के सिविल लाइन स्थित कार्यालय में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 299वीं जयंती पर सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ अर्पित किये। जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई1725 को महाराष्ट्र के चौंढी नामक गांव जामखेड़ अहमद नगर में हुआ था। महारानी अहिल्याबाई की पहचान एक विनम्र व उदार शासक के रूप में थी। उनमें गरीबों व असहायों के लिए दया और परोपकार की भावना थी। उन्होंने समाज सेवा के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया था। उनकी मृत्यु 13 अगस्त 1795 को इंदौर में हुई थी। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख बीतेंद्र यादव, हेमंत पाल, राजेश कुमार आदि ने भी विचार रखे। इस मौके पर रमन पटेल, गंगा प्रसाद यादव, अमन अंजुम, दिनेश उन्नावी, गोविंद यादव, अफजल अहमद, नीरज यादव, महेश लोधी, छोटेलाल भारतीय, लवकुश श्रीवास्तव, राम सिंह, अंकित यादव, राहुल गौतम, विजय पाल रहे।

### जागरुकता शिविर में बताए तंबाकू के दुष्परिणाम

**उन्नाव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तंबाकू निषेध दिवस पर सदर तहसील में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने तंबाकू के इस्तेमाल से होने वाले दुष्परिणाम गिनाते हुए लोगों से धूम्रपान से दूरी बनाने की अपील भी की। एसडीएम सदर प्रज्ञा पांडेय ने कहा कि तंबाकू के प्रयोग से कैंसर रोग होता है। इसलिए जीवन में किसी भी तरह तंबाकू का इस्तेमाल न करने का संकल्प लेना चाहिए। तहसीलदार अविनाश चौधरी व नायब तहसीलदार अनुपमा सिंह ने भी तंबाकू के दुष्परिणाम बताए। एनजीओ भारत उन्नयन के शैलेंद्र पांडेय, शिवदर्शन सिंह व पीयूष भार्गव ने कहा कि कैंसर से साधारण मौत नहीं होती बल्कि पीड़ितों को दर्द से तड़पते हुए दुनिया छोड़नी पड़ती है। वक्ताओं ने कहा कि विद्यालय आदि की 100 मीटर परिधि में तंबाकू पदार्थों की बिक्री करना दंडनीय अपराध है। इस दौरान पराविधिक स्वयं सेवक रजनीश श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव, अमित, शिवबिहारी वाजपेयी, राजकुमार, राकेश, गायत्री देवी व धीरज तिवारी आदि रहे।

## अभद्र टिप्पणी करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

सोहरामऊ संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर पत्रकार के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने वाले पांच लोगों पर सोहरामऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसमें दही थाने में तैनात एक सिपाही भी शामिल है। पीड़ित ने इसकी शिकायत आईजी रेंज से भी की थी। आईजी के आश्वासन के बाद देरात केस दर्ज कर जांच शुरू हुई है।

बता दें कि सोहरामऊ थानांतर्गत आशा खेड़ा गांव निवासी पत्रकार रंजन बाजपेई ने 26 मई को सोहरामऊ एसओ कमल दुबे को दिये प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया था कि सफीपुर के जमल्दीपुर स्थित एक ढाबे पर हुए विवाद में पिंटू सिंह निवासी अर्जुनामऊ, पवन दूधिया निवासी बहेरिया, पवन सिंह निवासी कुशहरी, रंजीत सिंह उर्फ छोटू निवासी कंचनपुर समेत दही थाने में तैनात सिपाही प्रमोद कुमार ने सोशल मीडिया पर उनका नाम जोड़ते हुए अभद्र टिप्पणी की थी। इससे उसकी छवि धूमिल हुई। एसओ करीब पांच दिनों से इसकी जांच कर रहे थे लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने बुधवार को आईजी तरुण गाबा से न्याय की गुहार लगाई। आईजी ने एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना से बात कर उचित कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

## बैंक मैनेजर पर प्रताड़ित करने का आरोप, युवक की हालत बिगड़ी

**पुरवा।** ब्लाक क्षेत्र के गांव रसीदपुर निवासी अशोक कुमार के पिता की चार वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। पिता का क्षेत्र के मंगतखेड़ा स्थित बैंक ऑफ इंडिया में खाता था। अशोक पिता की मौत के बाद खाते में पड़े करीब आठ हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कराने बैंक गया तो उसे मैनेजर ने कागजात बनवाकर लाने को कहा। पीड़ित करीब एक माह से परेशान रहा। शुक्रवार को अशोक को मैनेजर ने जैसे ही वापस किया तो उसकी तबीयत खराब हो गई । पीड़ित ने एसडीएम रनवीर सिंह से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

## ठीक हुआ अस्पताल का आरओ प्लांट

अमृत विचार प्रभाव

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** आरओ प्लांट सही होने के बाद मरीजों व उनके तीमारदारों को अब सुलभता से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने लगा है। प्लांट के सही होने से लोगों को खासी राहत मिली है। इस प्रमुख समस्या से संबंधित खबर को अमृत विचार ने बीते गुरुवार को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

बता दें कि हसनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फरवरी-2022 में करीब 35 लाख से 5000 लीटर क्षमता का सोलर आरओ प्लांट लगाया गया था। जो बीते कई दिनों से खराब पड़ा था। इसी टंकी से ब्लॉक, तहसील व कोतवाली में भी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होती थी। पारा 45 डिग्री पार होने से पड़ने वाली गर्मी में टंकी की मोटर खराब होने से इन सभी जगह पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। अमृत विचार में खबर प्रकाशित होन के बाद समस्या से लोगों को झुटकारा मिल गया है। इससे मरीजों, तीमारदारों व स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।


सीएचसी की मोटर खराब होने से मरीजों और तीमारदारों को नहीं मिल रहा पानी

अमृत विचार में छपी खबर।



आरओ प्लांट सही होने के बाद पानी भरते स्थानीय लोग।

अव्यवस्था

भीषण गर्मी में उड़ती धूल से लोग बीमार हो रहे हैं, कार्यदायी संस्था पर कार्रवाई की मांग

# निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे पर उड़ रही धूल, राहगीर परेशान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा एक्सप्रेस-वे पर निर्माण के दौरान इस भीषण गर्मी में उड़ती धूल लोगों को बीमार कर रही है। दम घुटने से परेशान लोगों ने कार्यदायी संस्था पर कार्रवाई करने की मांग की है।

जिले की चार तहसीलों से होकर निकल रहे गंगा एक्सप्रेस-वे का इन दिनों निर्माण हो रहा है। इसका निर्माण करा रही कार्यदायी संस्था पहले मिट्टी भरान करा रही है। इसके लिए रोजाना सैकड़ों मिट्टी लदे डंपर क्षेत्र के गावों व कस्बा से होकर निकलते हैं। डंपरों में ऊपर तक भरी मिट्टी सड़क पर गिरती है। वहीं संस्था द्वारा मिट्टी जगह-जगह जमा भी की गई है। ऐसे में वाहनों के गुजरने से उड़ने वाली धूल लोगों का दम घोंट रही है। धूल के कारण राहगीरों व वाहन चालकों का सड़क पर चलना दूभर हो गया है। श्वांस के जरिए शरीर में जा रही धूल लोगों को बीमार कर रही है। हसनगंज, सदर, पुरवा व बीघापुर तहसील के 76 गावों के लोग धूल से बीमार हो रहे हैं।



तेज धूप में एक्सप्रेस-वे पर उड़ती धूल। अमृत विचार

### गर्मी में एक भी दिन नहीं हुआ पानी का छिड़काव

ग्रामीणों के अनुसार, गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण के दौरान कार्यदायी संस्था ने धूल से बचाने को एक भी दिन पानी का छिड़काव नहीं किया। ऐसे में जब कोई बड़ा वाहन सड़क से निकलता है तो धूल से पीछे से आ रहे वाहन चालकों को आगे कुछ दिखता ही नहीं है। इससे बीते दो माह में कई हादसे भी होते बचे हैं।

### खांसी, दमा व श्वांस के साथ एलर्जी की भी बढ़ रही समस्या

एक्सप्रेस-वे के पास स्थित मार्गों से रोज राहगीरों, ग्रामीणों व स्कूली बच्चों का आवागमन होता है। ऐसे में तेज रफ्तार वाहनों के निकलने से धूल का गुबार उठता है। आलम यह है कि मुंह पर कपड़ा बांधने के बाद भी धूल के बारीक कण नाक व आंख से शरीर में चले जाते हैं। जो श्वसन तंत्र में जलन, खांसी, दमा, एलर्जी, खुजली व फेफड़ों के संक्रमण का कारण बनते हैं। वहीं इन कणों में मौजूद पराग कण व बीजाणु एलर्जी को ट्रिगर करते है। जिससे छींकने, आंख में पानी आने, खुजली व त्वचा पर चकत्ते पड़ने की समस्या हो रही है। इससे क्षेत्र की सीएचसी-पीएचसी में इन बीमारियों से ग्रसित मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

### परेशान ग्रामीणों ने डंपरों को रोककर लगाया जाम

**उन्नाव।** सदर तहसील क्षेत्र के गांव खम्भार खेड़ा के मजरे ओरहर से 200 मीटर दूर गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण जोरों पर है। एक्सप्रेस-वे पर एक सैकड़ा से अधिक डंपरों से आसपास के गावों से मिट्टी खोदकर बिना पानी का छिड़काव किये ले जाया जा रहा है। गुरुवार रात खम्भार खेड़ा के ग्रामीण एकजुट होकर एक्सप्रेस-वे पर पहुंचे और वहां मिट्टी लदे डंपरों को रोककर जाम लगा दिया। ग्रामीणों में बच्चा सिंह, बाबू, श्याम यादव, रामचंद्र सिंह, राम औतार सहित आधा सैकड़ा लोग मौके पर जिम्मेदारों को बुलाने की मांग पर अड़ गये। उनका कहना था कि एक्सप्रेस-वे पर पानी का छिड़काव नहीं हो रहा है। जिससे उनके घरों में धूल भरी मिट्टी हवाओं के साथ पहुंच रही है जो उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल रही है। देररात तक कोई भी विभागीय अधिकारी वहां नहीं पहुंचा। बाद में एक डंपर चालक ने अपने सुपरवाइजर से बात कर एक टैंकर पानी मंगवाकर सड़क पर डलवाया। इस दौरान एक्सप्रेस-वे पर दो घंटे कार्य बाधित रहा।

# डीआरएम को अचानक सामने खड़े देख सकते में आया स्टाफ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** डीआरएम लखनऊ मंडल एसएन शर्मा ने अजगैन रेलवे स्टेशन का रात्रिकालीन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संरक्षित व सुरक्षित रेल परिचालन का जायजा लेते हुए ऑन ड्यूटी स्टाफ से संवाद करते हुए आवश्यक चीजों को समझा।

गर्मी के प्रतिकूल मौसम में पटरियों सहित अन्य उपकरणों में आने वाली खराबियों के मद्देनजर मंडल रेल प्रबंधक ने मातहत अधिकारियों को स्टेशनों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश जारी कर रखे हैं। इसी क्रम में क्रास चेकिंग के लिए वे खुद भी रात्रि निरीक्षण पर निकल रहे हैं। इसके चलते बीती गुरुवार रात डीआरएम अजगैन रेलवे स्टेशन पहुंचे। डीआरएम को अचानक स्टेशन पर देख वहां ड्यूटी पर तैनात एएसएम सहित अन्य स्टाफ सकते में आ गया। हालांकि, उच्चाधिकारी ने इसे रुटीन का हिस्सा बताते हुए कर्मियों से संरक्षा उपायों से संबंधी सवाल करने शुरू कर दिए। डीआरएम ने जहां विभिन्न संकेतकों से संबंधित सवाल किए वहीं रेल पटरियों व ओएचई लाइन के अनुरक्षण के सबंध में भी जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि रेल यात्रियों को सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना हर रेलकर्मी का दायित्व है। इसलिए सभी को अपने-अपने स्तर से सुरक्षित व संरक्षित यात्रा सुविधाओं पर तवज्जो देनी चाहिए।



सहायक स्टेशन मास्टर कक्ष का निरीक्षण करते डीआरएम एसएन शर्मा। अमृत विचार

● रात्रिकालीन औचक निरीक्षण करने अजगैन रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए डीआरएम

## एक नजर

### दो मिनट का मौन रख मृतात्मा को दी श्रद्धांजलि

**औरास।** कस्बा स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज प्रांगण में स्टाफ, प्रबंधक पांडे, उपाध्यक्ष शिवमोहन सिंह व कोषाध्यक्ष मुन्नीलाल द्विवेदी ने कॉलेज के प्रबंध समिति के पूर्व उपाध्यक्ष, संस्कार भारती के संस्थापक व डीएसएन डिग्री कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य रहे देवेंद्र श्रीवास्तव के निधन पर शोकसभा कर दो मिनट का मौन रख उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामजी गुप्ता, प्रधानाचार्य राम शंकर अवस्थी, शिक्षक बृजेश त्रिपाठी, सुधीर, चारु चंद्र द्विवेदी, अभिषेक तिवारी, विनय मिश्रा, राजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### भंडारे का प्रसाद चखकर की बाबा की जयकार

**औरास।** सात दिवसीय श्रीमद्भागवत के समापन के पूर्व पूर्ण आहुति व भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे का प्रसाद पाकर कन्याओं व भक्तों ने बाबा नागेश्वर के लगाए जयकारे। विकासखंड औरास के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन किनारे लोधाटीकुर गांव के सामने बाबा नागेश्वर बाबा मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर पूर्ण आहुति व भंडारा आयोजित हुआ। जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु और आने जाने वाले राहगीरों व कन्याओं ने प्रसाद लेकर बाबा नागेश्वर की जय जयकार की। इस भंडारे के आयोजन में सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

### बाइक में अचानक लगी आग, मची अफरा-तफरी

**औरास।** थानाक्षेत्र के कुशल खेड़ा गांव के मजरा मिर्जापुर अजिगांव में इवेंट से वापस आए सिपाही संत कुमार व होमगार्ड राम नारायण थाने के पास पीआरवी बाइक से जनसेवा केंद्र के सामने पहुंचे और वहां स्थित दुकान में फोटोकापी कराने लगे। तभी उनकी बाइक में अचानक शार्टसर्किट से आग लग गई। लपटें उठती देख वहां मौजूद लोगों ने पानी व धूल डालकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कांस्टेबल संत कुमार में मदद करने वालों का आभार जताया।

### गर्मी में गश खाकर गिरा युवक, मौत

**शुक्लागंज, उन्नाव।** शुक्रवार को तेज धूप होने के कारण एक युवक फोरलेन से भातूफार्म जाने वाले रास्ते से जा रहा था, तभी वह अचानक गश खाकर गिर गया। यह देख आस पास के लोग दौड़े और उसे इलाज के लिये भर्ती कराया। शुक्रवार को एक युवक गायत्री नगर भातू फार्म को जाने वाले रास्ते से जा रहा था, तभी तेज धूप में वह अचानक गश खाकर गिर गया और बेहोश हो गया। काफी देर तक वह पड़ा रहा। यह देख आस पास के लोग दौड़े और उसे उठाया। जिसके बाद उसे इलाज के लिये अस्पताल भेजा गया। जिसके बाद उसके घर में सूचना दी गई। गायत्री नगर निवासी आशा मिश्रा ने बताया कि रमेश को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया, उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### छह दिन से लापता छात्र दिल्ली के पहाड़पुर में मिला

**पुरवा।** नगर के मिर्री चौराहा निवासी शिवलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 13 वर्षीय पौत्र हर्षित कक्षा 7 का छात्र है। वह 25 मई की दोपहर घर से मिर्री चौराहा जाने की बात कहकर निकला था। हर्षित के घर न पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। लेकिन, उसका कुछ पता नहीं चला। पीड़ित बाबा की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज हुई थी। इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो बस स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में वह ई-रिक्शा से उतरकर लोहिया बस से उन्नाव की ओर जाते दिखा। इसके बाद उसकी लोकेशन दिल्ली के पहाड़पुर में मिलने पर पुलिस ने उसे वहां से सकुशल खोज निकाला और परिजनों के सुपुर्द किया। कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि लापता छात्र को खोजकर परिजनों के सुपुर्द किया।

---

**सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में गोली मारकर की थी हत्या, 30 जुलाई 2022 को घटना को अंजाम दिया था**

# किन्नर हत्याकांड में शामिल दो किन्नरों को अजीवन कारावास

**33** हजार रुपये का कोर्ट ने दोषियों पर लगाया जुर्माना

**01** नवम्बर-2022 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली अंतर्गत दो साल पहले हुए बहुचर्चित मुस्कान किन्नर हत्याकांड के मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने इसमें शामिल दो किन्नरों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास के आदेश दिए। साथ ही इन पर 33-33 हजार का जुर्माना भी लगाया। वहीं हत्याकांड की मास्टर माइंड बताई गई रूबी किन्नर अभी भी पुलिस की पहुंच से दूर है।

बता दें कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बबरअली खेड़ा मोहल्ला निवासी मुस्कान किन्नर की 30 जुलाई-2022 की रात गोली मारकर हत्या हुई थी। मुस्कान के साथ शिष्य बन कर रह रही मुरादाबाद जिला निवासी किन्नर रूबी, मथुरा की सलोनी व झांसी की अन्नू पर मथुरा के थाना चंद्रावली के यमुनापल्ली लक्ष्मीनगर निवासी उसके पति सोनू किन्नर ने तीनों के विरुद्ध पत्नी की हत्या और लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के बाद मुस्कान के घर की सघन तलाशी जांच की गई थी लेकिन, कोई अहम सुराग हाथ नहीं लगा था। इसी दौरान हत्यारों तक पहुंचने में जुटी पुलिस को सर्विलांस की मदद से लोकेशन ट्रेस हुई थी। इस पर पुलिस टीमों ने अलग-अलग जिलों से नामजद किन्नर सलोनी उर्फ संदीप व किन्नर अन्नू उर्फ जयप्रकाश को गिरफ्तार कर लूटा गया सोना, चांदी व नगदी बरामद करते हुए दोनों को जेल भेज दिया था। तत्कालीन एसएचओ सफीपुर अवनीश सिंह ने जांच के बाद दोनों के विरुद्ध साक्ष्य जुटाते हुए एक नवम्बर-2022 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता आनंद गौड़ व मनोज पांडेय द्वारा पेश की गई दलील व पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर एडीजे शिप्रा आर्या ने सलोनी व अन्नू किन्नर को अजीवन कारावास का आदेश दिया। साथ ही पुलिस को फरार आरोपी को भी शीघ्र पकड़ने के आदेश दिए। बता दें कि लूट की रकम व जेवरात तीनों ने बराबर बांटे थे।

## लूट के बाद हत्या के दोषियों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत दोस्त की मदद से अपनी मौसी की हत्या के बाद लूट करने वाले दो आरोपियों को अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी करार दिया। अजीवन कारावास के साथ उन पर 55-55 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पूरन नगर निवासी आलोक श्रीवास्तव ने 28 जनवरी-2014 को मां इंद्राणी श्रीवास्तव की हत्या की रिपोर्ट अज्ञात लोगों पर दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 28 जनवरी को आयुर्वैदिक अस्पताल वार्डब्वाय उनके पिता प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव सुबह आठ बजे अपनी ड्यूटी चले गये थे। वह लोकनगर मोहल्ला स्थित अपनी मोबाइल गया था। घर पर उसकी मां थी। दोपहर दो बजे पड़ोसी मोनू नाई ने दुकान पहुंचकर मां की हत्या की जानकारी दी। मां के गले में मफलर कसा था और घर में खून फैला पड़ा था। सदर कोतवाली पुलिस ने जांच में जुटी थी। तभी 22 फरवरी-2014 को मृतका के पति ने पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन घर में लूटपाट भी हुई थी।

उनके घर में नौबस्ता कानपुर निवासी साढू का लड़का विनय श्रीवास्तव भी आता था। पुलिस ने उसकी सीडीआर निकालकर जांच शुरू की और शक के आधार पर उससे पूछताछ की। जिसमें वह टूट गया और गुनाह कबूल कर लिया था। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल विनय व उसके दोस्त पिंटू को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर लूटा गया माल बरामद कर उन्हें जेल भेजा था।

तत्कालीन एसएचओ धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी ने जांच के बाद आरोपियों के विरुद्ध 22 मई-2014 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। लगभग 10 वर्षो से मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन था। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता अजय कुशवाहा की ओर से पेश की गई दलीलों और प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर एडीजे मो. असलम सिद्दकी ने विनय श्रीवास्तव व पिंटू सिंह को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास के आदेश दिए।

### गैंगस्टर एक्ट में शातिर को दो साल की सजा

अमृत विचार उन्नाव। असोहा पुलिस ने क्षेत्र में गैंग बनाकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के साथ असलहों के बल पर आतंक कायम कर धन अर्जित करने वाले गैंग लीडर वारिश पुत्र मुंशी निवासी गांव महाचिक भीटा कोतवाली देहात हरदोई के विरुद्ध आठ अगस्त-2013 को गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की थी। आईओ जितेंद्र बहादुर सिंह ने एक अप्रैल-2014 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। शुक्रवार को एडीजे-5 की कोर्ट में मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी, विश्वाश त्रिपाठी व अलंकार द्विवेदी की दलीलों व साक्ष्य के आधार पर एडीजे जयवीर सिंह नागर ने वारिश को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा और पांच हजार का जुर्माना लगाया है।



पुरवा में जांच करती पुलिस। अमृत विचार

## अलग-अलग जगह पड़े मिले दो अज्ञात शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले की पुरवा कोतवाली और सोहरामऊ थानाक्षेत्र में दो शव संदिग्ध हालात में पड़े मिले। पुलिस ने उनकी शिनाख्त के प्रयास किये लेकिन, कामयाबी नहीं मिली। इस पर पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवाकर उनकी पहचान के प्रयास तेज किये हैं।

**केस-1 :** असोहा थानाक्षेत्र के ओगरापुर गांव के पास गुरुवार शाम सड़क किनारे करीब (42) वर्षीय युवक को पड़ा देख लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन, वहां मौजूद लोग उसकी शिनाख्त नहीं कर सके। इस पर पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। पहचान न होने पर पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया लेकिन, सफलता नहीं मिली। वह सफेद शर्ट और नीले रंग की जींस पहने है। उसके शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं हैं। एसओ रामऔतार ने बताया कि सड़क किनारे युवक पड़ा मिला था। अस्पताल ले जाते समय मौत हुई है। पहचान न होने से शव मोर्चरी में रखवाया गया है।

**केस-2 :** पुरवा। कस्बा के मिर्री चौराहा के पास शीतलगंज मोहल्ला निवासी पप्पू के खाली पड़े प्लाट में शुक्रवार दोपहर संदिग्ध अवस्था में 42 वर्षीय युवक का शव पड़ा देख लोगों में सनसनी फैल गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान के प्रयास किए लेकिन, सफलता नहीं मिली। सीओ सोमेंद्र विश्वास ने भी जांच की। एसएचओ व फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किए। शिनाख्त न होने से पुलिस ने शव मर्चरी भेजा है। युवक लाल टीशर्ट व नीली जींस पहने है। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हुई।

## ट्रेन की चपेट में आने से ई-रिक्शा चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पत्नी ने सूदखोरों पर ट्रेन के आगे फेंकने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर लोक नगर क्रासिंग के पास गोरखधाम एक्सप्रेस की चपेट में आए युवक की मौत हो गई। सूचना पर रेलवे पुलिस ने शव ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर कराया। उसकी पत्नी ने गांव के दो सूदखोरों पर मारपीट के बाद पति को ट्रैक पर फेंकने का आरोप लगाया है। सदर कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उसकी सिर की बायीं ओर की हड्डी टूटी मिलने के साथ एक ही तरफ सात चोटें भी मिली हैं। जो हादसे में मौत होने का इशारा कर रही हैं। परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है।



दिलीप गौतम।

सदर कोतवाली क्षेत्र के दोस्तीनगर गांव निवासी दिलीप गौतम (27) पुत्र स्व. रामसेवक दुबई में नौकरी करता था। एक साल पहले वह घर लौट आया था फिर विदेश नहीं गया। यहां उसने एक ई-रिक्शा खरीदा और उसे चलाकर वह अपनी जीविका चलाता था। गुरुवार शाम करीब तीन बजे वह घर से बाइक लेकर निकला था। शाम सात बजे तक वापस न लौटने पर पत्नी मोनी ने उसे फोन किया। पत्नी ने बताया कि उसके पति ने उसे बताया कि गांव के दो युवक उसे मिल गए हैं। उन्होंने उसे शराब पिलाई है। ई-रिक्शा खरीदने के लिए ब्याज पर दिए रुपये लौटाने की बात कह रहे हैं। उन लोगों ने उसकी बाइक भी छीन ली है। इसके बाद पति का मोबाइल बंद हो गया। पत्नी व अन्य परिजन उसकी तलाश में निकले तभी रात 11 बजे दिलीप के फोन से काल आई जिसमे उसने पत्नी को बताया कि यह दोनों लोग उसे पीट रहे हैं। मोनी ने उससे जगह जानने की कोशिश की लेकिन, तब तक तो फोन कट गया। देररात करीब ढाई बजे उसे सूचना मिली कि पति का शव लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर लोकनगर क्रॉसिंग से 100 मीटर आगे नहर की ओर अप लाइन में पड़ा मिला है। परिजन वहां पहुंचे तो सदर कोतवाली पुलिस मौके पर थी। पुलिस कर्मियों ने बताया कि दिलीप गोरखधाम एक्सप्रेस से टकरा गया है। ट्रेन के चालक ने सूचना दी थी। किसी ने फेंका नहीं है। लेकिन परिजन लगातार हत्या का आरोप लगाते रहे। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। उसमें ट्रेन में टकराने से मौत होने की पुष्टि हुई। वह चार भाईयों में दूसरे नंबर का था। बेटे की मौत से मां गुड्डी व अन्य परिजन बेहाल हैं। उसकी शादी को तीन साल हुए थे। उसके अभी कोई संतान नहीं थी। आरपीएफ दरोगा लालजी यादव ने बताया ट्रैक के पास बीयर के केन भी मिले है। वहीं युवक के आत्महत्या करने की भी चर्चा रही। एसएचओ प्रमोद मिश्र ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। अभी रिपोर्ट नहीं मिली है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## आक्रोशित आशाओं ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** मानदेय का भुगतान न होने से और अधिक काम लिए जाने से नाराज आशाओं ने शुक्रवार को डीएम कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। आशाओं ने नाराजगी जताते कहा कि उनसे क्षमता से अधिक काम कराया जाता है। जिसका कोई पैसा भी नहीं दिया जा रहा है। समय पर भुगतान भी नहीं मिलता है। जिसके चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अपनी समस्याओं को लेकर शुक्रवार को आधा सैकड़ा से अधिक आशाओं ने डीएम को प्रेषित प्रार्थनापत्र में बताया कि अधिकारियों द्वारा उनका शोषण किया जा रहा है। वे सभी आभा आईडी और 0 से 5 वर्ष के बच्चों का सर्वे करने, आयुष्मान कार्ड और पीएमवीवाई व एसीडी फॉर्म के अलावा अन्य जो काम आते हैं वो भी उनसे ही कराए जाते हैं। जिसका कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं दिया जाता। अधिकारी हर दिन डीएम का नाम लेकर धमकी देते रहते हैं कि नौकरी से निकलवा देंगे। अगर कोई आशा अपने घर के हालातों से मजबूर न होती तो ढाई से तीन हजार की नौकरी के लिए बच्चों और परिवार को छोड़कर धूप, गर्मी, जाड़ा व बारिश में दिनरात सड़कों पर न भटकती। डीएम गौरांग राठी ने प्रार्थनापत्र पर जांच कराने के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन करने वाली आशाओं में ममता पटेल, नीलम, गुड्डी देवी, शांति देवी, रचना आदि मौजूद थीं।



डीएम कार्यालय पहुंचीं आशा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### खिलाड़ियों का हुआ चयन

**उन्नाव।** डीसीए महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि ट्रायल में शामिल 17 खिलाड़ियों के नाम चयन समिति ने उपलब्ध कराए हैं। साथ ही पांच खिलाड़ियों कस स्टैंड बाई के तौर पर चयन हुआ है। इसमें नवरतन कुमार, अंश पटेल, शिवांक गुप्ता, प्रणव द्विवेदी, उज्ज्वल चौधरी, अंकित यादव, प्रियांशु रावत, आयुष, देवाशीष श्रीवास्तव, भावेश मिश्रा, आकाश राठौर, सुमित यादव, शिवम यादव, लोकेश, संदीप यादव, अनमोल पांडेय व सचिन पांडेय मुख्य रूप से शामिल हैं। जबकि दक्ष पटेल, दीपांशु मिश्रा, निखिल त्रिवेदी, निखिल निषाद व सचिन कुमार को स्टैंडबाई के तौर पर रखा गया है। चयनित खिलाड़ी अंतर्जनपदीय प्रतियोगिता खेलने के लिए नौ जून को लखनऊ रवाना होंगे।

## आटो चालक की हत्या के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- तीन युवकों ने पूरे विवाद में की थी मारपीट

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली पुलिस ने एसओजी व सर्विलांस की मदद से गदनखेड़ा चौराहा के पास पांच दिन पहले आटो चालक की पीट पीटकर हुई हत्या की घटना में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेजा गया।

बता दें कि डीह गांव के मजरा जवाहरखेड़ा निवासी आटो चालक सियाराम पाल (22) का 28 मई की रात गदनखेड़ा बाईपास के पास मोटर मार्केट में अज्ञात युवकों से विवाद हो गया था। इसके बाद युवकों ने उसे पीट दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। पिता रामनरेश ने 29 मई को अज्ञात युवकों पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसपी ने सदर कोतवाली पुलिस के साथ एसओजी व सर्विलांस को घटना के खुलासे के लिए लगाया था। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से उनकी शिनाख्त की गई तो उसमें शहर के केवटा तालाब निवासी प्रभात सविता, आदर्श नगर मोहल्ले के आलोक रावत और वहीं के आकाश राठौर के नाम प्रकाश में आए। एसओजी की मदद से तीनों को पुलिस ने उठाया। पूछताक्ष में उन लोगों ने बताया कि 27 मई को रामलीला मैदान के पास सियाराम से पहले सवारियां बैठाने को लेकर विवाद हुआ था।

## सार-संक्षेप

### संदिग्ध हालात में पड़ा मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**सोहरामऊ उन्नाव।** सोहरामऊ थानांतर्गत बेगमखेड़ा गांव में अधेड़ की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची सोहरामऊ पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बता दें कि सोहरामऊ थानाक्षेत्र के बेगमखेड़ा गांव निवासी लाला (42) पुत्र पुरई की गांव के बाहर खेत में बने घर में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। लाला तीन भाईयों छेदीलाल व कमलेश में बीच का था। वह अविवाहित था। वह जनवरी माह में खेत पर कमरा बनवाकर वहीं रहने लगा था। इसके पहले वह गांव में बने घर में रहता था। ग्रामीणों के अनुसार उसका किसी से कोई विवाद नहीं था। लेकिन चर्चा यह भी रही कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। सोहरामऊ पुलिस के अनुसार वह नशे का आदी था। जिसके चलते उसकी मौत हुई है।

### बैराज मार्ग पर आटो पलटा, महिला समेत पांच घायल

**शुक्लागंज, उन्नाव।** शुक्रवार को बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी के पास एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसमें बैठी महिला समेत पांच लोग नीचे दब गये। चीख पुकार सुन आस पास के लोगों ने उन्हें बाहर निकाला। वहीं महिला को गंभीर चोटें आने पर उसे इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के बंदीपुरवा निवासी महेन्द्र ऑटो चालक है, शुक्रवार सुबह वह पत्नी सुमन, बेटी कीर्ती (12), बेटा ऋषभ (5) व गांव के एक वृद्ध को लेकर परियर जा रहा था, तभी बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी के सामने ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे सभी नीचे दब गये। चीख पुकार सुन आस पास के लोग दौड़े और उन्हें बाहर निकला। जिसके बाद सभी को इलाज के लिये नगर के अस्पताल लेकर पहुंचे।

### जाजमऊ में मिले शव का विसरा सुरक्षित

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चंदन घाट पर झाड़ियों में मिले कई दिन पुराने शव का पीएम कराया गया। जहां मौत का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा सुरक्षित किया गया है। वहीं पुलिस अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं करा सकी है। सोमवार शाम करीब चंदन घाट पर मौजूद लोगों को झाड़ियों से दुर्गंध आई तो झाड़ियों में झांक कर देखा, जहां एक चालीस वर्षीय अज्ञात युवक का कई दिन पुराना शव पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद शिनाख्त कराने का प्रयास किया था। पहचान न होने पर शव को 72 घंटे के लिये मर्च्युरी में रखवाया गया। जहां गुरुवार को उसका पीएम कराया गया। बॉडी पूरी तरह से गल जाने के कारण मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। जिस पर विसरा सुरक्षित किया गया है।

### पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के रामनगरिया गांव निवासी दूधिए का शव घर से एक किमी दूर झील के पास पेड़ पर दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों ने शव लटका देख परिजनों को जानकारी दी। बदहवास परिजन पहुंचे और शव लटका देख बेहाल हो गए। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के लिए उसका मोबाइल कब्जे लिया है। बता दें कि रामनगरिया गांव निवासी अनिकेत (19) पुत्र सूरज पाल दूध बेचने का काम करता था। गुरुवार शाम करीब छह बजे वह काम निपटाकर घर लौटा। उसकी मां मूला देवी ने बताया कि बेटे के मोबाइल पर कोतवाली क्षेत्र के ही आंट गांव निवासी एक युवती का फोन आया। उसी से बात करते हुए बेटा घर से बाहर चला गया। देररात तक उसके वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच ग्रामीणों से जानकारी मिली कि घर से करीब एक किमी आगे बरकोता झील के पास लगे बबूल के पेड़ में उसका शव फंदे से लटक रहा है। इकलौते बेटे की मौत से परिजन बेहाल हो गए। पुलिस ने जांच की और परिजनों के बयान के आधार पर मामला संदिग्ध देख उसका मोबाइल कब्जे में लेकर जांच शुरू की है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई। युवक की दो बहनें सुनीता व सरोज की शादी हो चुकी है। एसएचओ प्रमोद मिश्र ने बताया कि सभी संभावित बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

### बाइक की टक्कर से नेत्र चिकित्सक घायल

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी निवासी नेत्र चिकित्सक शुक्रवार सुबह अस्पताल जा रही थी, तभी फोरलेन पर अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर घायल हो गई। मिश्रा कॉलोनी निवासी नेत्र परीक्षण अधिकारी ऋतु ओमर सुबह स्कूटी से अस्पताल जा रही थी, दुर्गा मंदिर में दर्शन करने के बाद वह आगे बढ़ी, तभी विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर घायल हो गई।

### पुलिस और पालिका ने बांटा इलेक्ट्राल और ठंडा पानी

**उन्नाव।** नौतपा नक्षत्र में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुये शुक्रवार को बालूघाट मोड़ के पास शीतल जल और इलेक्ट्राल का सीओ सिटी और पालिकाध्यक्ष ने वितरण किया। जहां आने जाने वाले लोगों ने पीकर राहत की सांस ली। शुक्रवार को नगर पालिका परिषद गंगाघाट और गंगाघाट पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में शीतल जल और इलेक्ट्राल का बालूघाट मोड़ के पास वितरण किया गया। जहां सीओ सिटी सोनम सिंह और पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे पहुंची। इस दौरान उन्होंने आने जाने वाले लोगों को शीतल जल और इलेक्ट्राल बांटा। इस मौके पर इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे, अनूप शुक्ला के अलावा गंगाघाट कोतवाली के पुलिस कर्मी और सभासद मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त सहायक विकास अधिकारी का किया सम्मान

**गंजमुरादाबाद।** स्थानीय ब्लॉक कार्यालय में तैनात सहायक विकास अधिकारी पंचायत की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित हुआ। इसमें ब्लॉक कर्मियों ने उपहार देकर उन्हें विदा किया। गंजमुरादाबाद ब्लाक के एडीओ पंचायत धर्मदास के सेवानिवृत होने पर शुक्रवार को कार्यालय में विदाई समारोह हुआ। इसमें एडीओ कृषि शरीफ, सचिव जंग बहादुर, देवेंद्र कुमार आदि ब्लाक कर्मियों ने फूल माला पहनाकर व अंगवस्त्र व उपहार भेंटकर उन्हें विदा किया। इस दौरान सभी ने उनके कार्यकाल की सराहना की। समारोह में अरमान, कुलदीप, साहिल अरमान, कुलदीप, साहिल, मंगल प्रसाद, ज्योत्सना त्रिपाठी, देवेंद्र, संजीव यादव, मनोज कुमार आदि ब्लाक कर्मी व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

---

**अव्यवस्था** — फीडर एक में भी फाल्टों के कारण दस से बारह घंटे गुल रही बिजली, फाल्ट ढूंढने के लिये लखनऊ से मंगाई गई लोकेटर मशीन

# शक्ति नगर, पश्चिमी गंगाघाट में गुल रही बिजली, बिलबिला उठे लोग

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** पश्चिमी गंगाघाट और शक्ति नगर फीडर को जाने वाली भूमिगत लाइन में फाल्ट होने के कारण शक्ति नगर फीडर की 22 घंटे बिजली गुल रही। वहीं पश्चिमी क्षेत्र की 16 घंटे बिजली गुल रही। भीषण गर्मी में बिजली न आने पर बीस हजार से अधिक की आबादी गर्मी में बिलबिला उठी। विभाग ने लखनऊ से लोकेटर मशीन मंगवा कर फाल्ट ढूंढा। विभाग ने बताया कि मध्य रात्रि के बाद प्रभावित क्षेत्रों की आपूर्ति बहाल हो सकती है।

शुक्रवार रात लगभग दो बजे विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान शक्ति नगर फीडर की भूमिगत एचटी लाइन दग गई। जिस कारण फीडर के करीब एक दर्जन मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने पर विभाग ने पेट्रोलिंग शुरू की। इसी दौरान पश्चिमी गंगाघाट को जाने वाली भूमिगत एचटी लाइन शुक्रवार सुबह आठ बजे दग गई। फाल्ट ढूंढने के लिये पेट्रोलिंग की गई। शुक्रवार दोपहर तक फाल्ट नहीं मिला। जिस पर विभाग ने लखनऊ से लोकेटर मशीन मंगाई। जहां शाम करीब पांच बजे मरहला चौराहे के पास भूमिगत पड़ी एचटी केबिल दगी मिली। विभाग ने उसकी मरम्मत का कार्य शुरू कराया। वहीं अन्य स्थानों पर भी फाल्ट होने के कारण देर रात तक विद्युत आपूर्ति नहीं चालू हो सकी। जिससे भीषण गर्मी में बीस हजार से अधिक घरों की बिजली गुल रही। बिजली न आने से गर्मी में लोग बिलबिला उठे। जेई विष्णु शुक्ला और अक्षय तिवारी ने बताया कि अन्य स्थानों पर भी फाल्ट हुये हैं। उनकी भी लोकेटर मशीन से खोज की जा रही है। रात लगभग बारह बजे के बाद आपूर्ति चालू हो सकती है।

**22 घंटे गुल रही शक्ति नगर फीडर की बिजली:** भूमिगत फाल्ट होने के कारण शक्ति नगर फीडर के अवस्थी फार्म हाउस, पोनी रोड, गंगा नगर, इंद्रा नगर, शक्ति नगर, मनोहर नगर के अलावा आस पास मोहल्लों 22 घंटे तक बिजली गुल रही। जिससे गर्मी में लोग उबल गये।



लोकेटर मशीन से फाल्ट ढूंढते बिजली कर्मी। अमृत विचार



मरम्मत करते बिजली कर्मी।

### 16 घंटे तक बंद रही पश्चिमी क्षेत्र की बिजली

- भूमिगत फाल्ट होने के कारण पश्चिमी क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, राजीव नगर, सीताराम कॉलोनी, गोताखोर, कर्बला, हुसैन नगर, राजीव नगर खंती, मनसुख खेड़ा, तेजीपुरवा, गगनी खेड़ा, नेतुआ, सरैयां की 16 घंटे तक बिजली बंद रही।

### ओवरलोड होने से फुंके ट्रांसफार्मर

- ऋपीनगर में भी दोपहर एक बजे 630 केवीए ट्रांसफार्मर लीकेज होने से धू धू कर जल उठा, जिससे दो घंटे तक सैकड़ों घरों की बिजली सप्लाई बंद रही। प्रेम नगर में 630 केवीए टांसफार्मर खराब होने से 2 बजे से शाम 7 बजे के बाद तक बिजली आपूर्ति बंद रही। इसके अलावा 33 केवीए लाइन दोपहर दो बजे टूटने से पूरे नगर की बिजली शाम 5 बजे तक बंद रही।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते ।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से, और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है ।

## संपादकीय

# शहरी विकास की चुनौतियां

शहरीकरण वैश्विक विकास की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति बनकर पूरी दुनिया में उभरा है। वैश्वीकरण के उपरांत शहरी विकास की अवधारणा समावेशी विकास की एक अनिवार्य शर्त बन गई है। शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में विश्व की आधी आबादी शहरों में रहने लगी है और 2050 तक भारत की आधी आबादी महानगरों और शहरों में रहने लगेगी। भारत में शहरी क्षेत्रों में रहने वाली आबादी में तेजी से वृद्धि, अवसर और चुनौतियां दोनों है। शहरीकरण के कुछ सकारात्मक प्रभावों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर पैदा करना और आय के स्तर में वृद्धि शामिल है। शहरी जीवन में साक्षरता और शिक्षा का उच्च स्तर, बेहतर स्वास्थ्य, लंबी जीवन प्रत्याशा, सामाजिक सेवाओं तक अधिक पहुंच एवं सांस्कृतिक एवं राजनीतिक भागीदारी के अधिक अवसर प्राप्त होते हैं। भारत में शहरीकरण के नकारात्मक प्रभाव, मनोसामाजिक स्वास्थ्य समस्याएं, कचरा संग्रहण और निपटान, ध्वनि प्रदूषण और सड़क दुर्घटनाएं जैसी कई समस्याएं पैदा हुई हैं। साथ ही भारत के शहरी क्षेत्र गंभीर वायु प्रदूषण स्तर से जूझ रहे हैं, जिसका मुख्य कारण वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, औद्योगिक गतिविधियां और निर्माण परियोजनाएं हैं।

विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार विश्व के शीर्ष 10 प्रदूषित शहरों में से नौ भारत में हैं। तीव्र शहरीकरण और निजी वाहनों के बढ़ते चलन के कारण यातायात भीड़ बढ़ गई है, यात्रा समय की वृद्धि हुई है और उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। तीव्र शहरीकरण और हरित स्थानों की कमी के कारण 'अर्बन हीट आइलैंड इफेक्ट' उत्पन्न हुआ है, जिससे तापमान और ऊर्जा की मांग में वृद्धि हुई है। शहरी विकास के साथ होने वाला एक बड़ा बदलाव ऊर्जा और पानी की बढ़ती मांग है। पानी और बिजली की खपत में यह अनुमानित वृद्धि सीधे भविष्य की शहरी आबादी की वृद्धि से संबंधित है - शहरी लोग काफी अधिक पानी और ऊर्जा का उपयोग करते हैं। कहा जा सकता है कि शहरी विकास के कारण होने वाले तीव्र परिवर्तन भी अस्थिर करने वाले हो सकते हैं, यदि उनका प्रबंधन ठीक से न किया जाए। ऐसे में भारत के शहरी परिदृश्य से संबंद्ध चुनौतियों की बात की जाए तो भारत में शहरी नियोजन के लिए एक ऐसे सूक्ष्म दृष्टिकोण को अपनाना समय की मांग है, जो आर्थिक विकास, सुरक्षा और नागरिकों के हित के बीच संतुलन स्थापित करता हो। यानि भारत में शहरी विकास की चुनौतियों से निपटने के लिए व्यापक रणनीतियों की आवश्यकता है।

# जैविक खेती की बढ़ती स्वीकार्यता



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत: जैविक या आर्गेनिक खेती के लिए पहला वैज्ञानिक दृष्टिकोण उतर वैदिक काल 1000 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व के वेदों में देखा जा सकता है। वास्तव में यह पारंपरिक भारतीय खेती ही है, जो सदियों से हम अपनाते आ रहे थे। वैश्विक स्तर पर इसका प्रारंभ 20 वीं सदी की शुरुआत में तेजी से बदलती कृषि पद्धतियों की प्रतिक्रिया स्वरूप हुई। आज जैविक कृषि लगभग 70 मिलियन हेक्टेयर में की जाती है।

खेती के आधुनिकीकरण, मशीनीकरण और अधिक उत्पादन के लिए अपनाए जाने वाले रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से एक ओर खाद्यान्न उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है, जो बढ़ती जनसंख्या को खिलाने के लिए आवश्यक भी था, परंतु दूसरी ओर इसने पर्यावरण, भूमि प्रदूषण, जल प्रदूषण और खाद्य स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाकर मनुष्य के स्वास्थ्य पर खतरनाक असर भी डाला है।

कीटनाशकों का व्यापक स्तर पर प्रयोग, मिट्टी का कटाव और अन्य समस्याएं जलवायु परिवर्तन में विनाशकारी भूमिका निभा रहा है। मिट्टी भी रासायनिक पदार्थों के अत्यधिक उपयोग के चलते काफी अम्लीय हो गई है। इसने मनुष्य जाति को बाध्य किया है कि वो फिर से प्राकृतिक खेती या जैविक खेती या आर्गेनिक खेती की ओर अपना रुख करे। जैविक कृषि अर्थात् कृषि की ऐसी प्रणाली जिसमें रासायनिक खादों एवं कीटनाशक दवाओं का प्रयोग न हो, बल्कि उसके स्थान पर जैविक खाद या प्राकृतिक खादों का प्रयोग किया जाए। यह कृषि की एक ऐसी पारंपरिक विधि है जिसमें भूमि की उर्वरता में सुधार होने के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण भी कम होता है। जैविक खेती से जैव विविधता के संरक्षण में सहायता मिलती है।

जैविक खेती के तीन मूलाधार हैं। पहला है परस्पर निर्भरता। जैविक खेती में एक खेत को पारिस्थिकी तंत्र के रूप में देखा जाता है और यह माना जाता है कि एक खेत पर किया गया परिवर्तन दूसरे खेत में प्रभाव अवश्य डालेगा। जैविक खेती का दूसरा सिद्धांत है विविधता। यह जैविक खेती मृदा में पोषक तत्वों में संतुलन बनाए रखने के लिए किया जाता है। जैविक खेती का तीसरा सिद्धांत है पुनः चक्रण है अर्थात् दुबारा से प्रयोग करना। इसमें पौधों व पशुओं के अवशेष पुनः प्रयोग में आ जाने के कारण खेतों के पोषक तत्वों को बनाए रखने में सहायक होते हैं। जैविक खेती में पानी का उपयोग कम होता है, जो जल संरक्षण को बढ़ावा देता है। रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होने से लागत में कमी आती है और सरकार पर सब्सिडी का बोझ कम होता है। बढ़ती स्वास्थ्य चिंता के दृष्टिगत बाजार में जैविक उत्पादों की मांग निरंतर बढ़ने से किसानों की आय में भी निरंतर वृद्धि हो रही है।



जैविक खाद के उपयोग करने से भूमि की गुणवत्ता में सुधार आता है। भूमि की जल धारण क्षमता एवं भू जल स्तर में वृद्धि होती है। मिट्टी, खाद्य पदार्थ और जमीन में पानी के माध्यम से होने वाले प्रदूषण में कमी आती है। कचरे से खाद बनाने के चलते उससे होने वाली बीमारियों में कमी आती है।

वस्तुतः जैविक या आर्गेनिक खेती के लिए पहला वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्तर वैदिक काल 1000 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व के वेदों में देखा जा सकता है। वास्तव में यह पारंपरिक भारतीय खेती ही है, जो सदियों से हम अपनाते आ रहे थे। वैश्विक स्तर पर इसका प्रारंभ 20 वीं सदी के शुरुआत में तेजी से बदलती कृषि पद्धतियों की प्रतिक्रिया स्वरूप हुई। आज जैविक कृषि लगभग 70 मिलियन हेक्टेयर में की जाती है जिसमें से आधे से अधिक ऑस्ट्रेलिया में ही हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान जैविक खेती के अंतर्गत क्षेत्र, शोध तथा प्रकृति में उल्लेखनीय परिवर्तन दर्ज किया गया है।

2003-04 के दौरान प्रामाणिक जैविक खेती के अंतर्गत भारत में 42 हजार हेक्टेयर खेत आता था, जो 2008-09 में लगभग 25 गुना बढ़कर 1.2 मिलियन हेक्टेयर हो गया। मार्च 2022 तक लगभग 4.7 मिलियन हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जो दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा है। कुल कृषि भूमि में जैविक खेती के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि का हिस्सा 1.5 प्रतिशत है और पिछले दस वर्षों में भारत ने खेती के अंतर्गत अपनी जैविक कृषि भूमि में 145.1 प्रतिशत की वृद्धि की है। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-2023 के अनुसार भारत में 4.43 मिलियन जैविक किसान हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक हैं। भारत में मध्य प्रदेश जैविक खेती के क्षेत्रफल में सबसे आगे है। उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में भी पिछले एक दशक में किसानों का जैविक खेती के प्रति आकर्षण बढ़ा है और सरकारी व गैर सरकारी प्रयासों के परिणामस्वरूप जैविक खेती का क्षेत्रफल 13 गुना से ज्यादा बढ़ गया है। बीते छह सालों में जैविक खेती करने वाले किसानों की संख्या में भी 10 गुना से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जनवरी 1994 की सेवाग्राम घोषणा के बाद से भारत में जैविक खेती का तेजी से विस्तार हुआ है। राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत मानक और प्रमाणीकरण कार्यक्रम स्थापित किया गया है।

राष्ट्रीय जैविक खेती परियोजना के अंतर्गत जैविक प्रबंधन के प्रचार-प्रसार तथा जैविक खेती क्षेत्र के विस्तार हेतु अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। नौ से अधिक राज्यों ने जैविक खेती संबंधित कार्यक्रम को अपनाया। उत्तराखंड, नागालैंड, मिजोरम, सिक्किम आदि राज्यों में इसका तेजी से विस्तार हुआ है। किसानों को अपनी जैविक उत्पादों की जानकारी, विक्रय और विपणन के लिए जैविक खेती पोर्टल बनाया गया है, जहां लगभग 6.23 लाख किसानों ने पंजीयन किया है। पूंजी निवेश सब्सिडी योजना जिसके तहत आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ कचरा प्रबंधन, जैविक अवशेषों को उर्वरक व खाद में परिवर्तन की विधि का ज्ञान दिया जाता हैं। जैविक उत्पादों की पहचान हेतु सरकार द्वारा जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण के उपरांत 'इंडिया ऑर्गेनिक' मार्क लगाया जाता है, जो उत्पादों के जैविक मानकों पर खरा होने की गारंटी है। जैविक खेती के विस्तार और विकास में एफपीओ और एफपीसी सदृश कृषि उत्पाद संगठनों का महत्वपूर्ण योगदान है।

प्रोत्साहन के बावजूद जैविक खेती किसानों में लोकप्रिय नहीं हो पा रही है, क्योंकि ऐसी अवधारणा है कि रासायनिक खेती छोड़कर आर्गेनिक खेती करने पर शुरुआती सालों में फसल की उत्पादकता कम हो जाती है। हालांकि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने 'जैविक खेती से उत्पादन की कमी' की बात तो सिरे से नकार दिया है। वस्तुतः केमिकल फार्मिंग के मुकाबले जैविक खेती की उत्पादकता 20 से 25 प्रतिशत तक ज्यादा है। जैविक विधि से चावल की 12.82 प्रतिशत, गेहूं की 28.57 प्रतिशत, मूंगफली की 28.57 प्रतिशत, सोयाबीन की 45.09 प्रतिशत और फल-सब्जियों की उत्पादकता में 7.14 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

शोधों के अनुसार रसायनों के बढ़ते प्रयोग से ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा कम होती जा रही है। हरित क्रांति से पहले गंगा के मैदानी इलाकों में 0.5 प्रतिशत ऑर्गेनिक कार्बन उपलब्ध था, जो आज घटकर 0.2 प्रतिशत ही रह गया है। ये बंजर होती जा रही भूमि का सूचक है, जिसे जैविक खेती करके ही ठीक किया जा सकता है। जैविक खेती का सबसे बड़ा लाभ है कि रासायनिक उर्वरकों, पेस्टीसाइड्स के उपयोग न होने से खेती की लागत कम हो जाती है और दूसरी ओर बाजार में ऑर्गेनिक उत्पाद ज्यादा दाम पर बिकते हैं। जैविक खेती करने से ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा बढ़ती है, मिट्टी में जीवांशों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ उर्वरता भी बढ़ जाती है। जैविक खेती से जमीन में भूजल स्तर बेहतर बनता है और मिट्टी में नमी कायम रहती है। मिट्टी से पानी का वाष्पीकरण भी नहीं होता और सिंचाई की कम ही आवश्यकता होती है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2014-2020 अर्थात् 6 वर्ष की अवधि में जैविक उत्पादों की मांग 8.7 प्रतिशत तक बढ़ गई है जिसमें हर साल वृद्धि दर्ज हो रही है। यह किसानों के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि उनके खेत से निकले जैविक कृषि उत्पादों को सिर्फ भारत में ही नहीं, विदेशों में भी पसंद किया जा रहा है। भारत में जैविक खेती का उत्पादन पूर्व वर्षों की तुलना में वर्ष 2022-23 में बढ़कर 2.90 मिलियन मीट्रिक टन हो गया है।

जैविक उत्पादों की मांग में इसी प्रकार वृद्धि होती रही तो अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार भारत का जैविक उत्पाद बाजार-खाद्य और पेय पदार्थ, स्वास्थ्य और कल्याण, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल, तथा वस्त्र सहित, वर्ष 2026 तक बढ़कर 10.1 बिलियन डॉलर का हो जाएगा। जैविक खाद्य पदार्थों का वैश्विक बाजार लगभग 135 बिलियन डालर का जिसमें भारत का योगदान अभी सिर्फ 700 मिलियन डॉलर का है। स्वाभाविक रूप से इसमें विस्तार और वृद्धि की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

## प्रसंगवश

# ध्यान:शास्त्रीय और राजनीतिक



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अष्टांग योग मार्ग में 'ध्यान' सप्तम सोपान है। महर्षि पतंजलि के अनुसार इसके पहले के सोपान यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार और धारणा हैं। ध्यान के बाद अंतिम सीढ़ी है 'समाधि', जहां आत्मा का परमात्मा से तादात्म्य हो जाता है, संसार छूट जाता है और जीव अखंड आनंद की स्थिति में हो जाता है।

भगवान कृष्ण से बड़ा कोई योगविद नहीं हुआ। वे योगेश्वर हैं। गीता में उन्होंने ध्यान के लिए व्यवस्था दी है कि एकांत और शुचि स्थान में वस्त्र नीचे, फिर मृगचर्म और ऊपर कुश रखकर आसन लगाएं। शास्त्रीय व्यवस्था तो यही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार समाप्त करके कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर 30 मई की शाम से 45 घंटे के लिए ध्यानावस्थित होने चले गए। यह विश्व भर में प्रचारित हुआ और कैमरों ने पल-पल के फोटो कैद किए। सर्वविदित है कि यदि देश का सबसे बड़ा शासक न चाहे तो यह कैमरेबाजी नहीं हो सकती, लेकिन ऐसा हुआ और पिछले लोकसभा चुनाव के बाद का केदारनाथ गुफा का उनका ध्यान भी कैमरे की नजर से नहीं बचा था। ऐसे में ध्यान की अनिवार्य शर्त एकांत और शुचिता तो भंग हो ही गई। साथ ही पहले के छह सोपानो यम, नियम आदि का तो कहीं जिक्र आया नहीं। वे तो चुनाव प्रचार में लगे रहे। वे इन सोपानों का पालन कर ही नहीं सकते थे। यौगिक क्रियाओं, मंत्र और बीच में होने वाली अनुभूतियों को बहुत गोपनीय रखने के लिए आचार्यों और मनीषियों ने कहा है। "गोपनीयं गोपनीयं यथा हाटक पेटकम्"।

वन मार्ग में जाते हुए जैसे पथिक स्वर्ण पेटिका को गुप्त रखता है, वैसे ही यह क्रियाएं गुप्त रखी जाती हैं। अन्यत्र कहा गया है कि स्त्री अपनी योनि को जितना प्रच्छन्न रखती है, उतना ही उक्त क्रियाओं, अंतर्वर्ती अनुभवों को प्रच्छन्न रखा जाता है। यह प्रचार और फोटो वायरल कराने के विषय नहीं हैं। एक बात और, ध्यान के बाद वैसे अंतिम सीढ़ी समाधि होती है, किंतु इस केस में ऐसा नहीं होगा। वे फिर से सांसारिकता और राजकाज में लग जाएंगे। ऐसे में हमें शास्त्रीय और राजनीतिक ध्यान पद्धति को अलग-अलग करके देखना होगा।

# कौन बनेगा प्रधानमंत्री, किसकी बनेगी सरकार



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

योगेंद्र यादव के मुताबिक इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं।

अब कयास लगेंगे कि देश में आने वाले समय में कौन सी पार्टी या गठबंधन की सरकार बनेगी? देश का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा? पहले की तरह से लोकसभा चुनावों की घोषणा के समय से ही राजनीतिक विश्लेषकों से लेकर ज्योतिषियों ने बताना शुरू कर दिया था कि देश को किस तरह के नतीजे मिलेंगे। सभी दलों के अपने-अपने दावे हैं।

पहले बात करते हैं चोटी के राजनीतिक चिंतक बताने वाले योगेंद्र यादव की। वे राहुल गांधी की एक पदयात्रा में भी शामिल हुए थे। योगेंद्र यादव के मुताबिक इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं। देश में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए। इस बीच मुंबई के जाने-माने लेखक और ज्योतिषी और स्तंभकार पंडित जेपी त्रिखा पिछले कम से कम दो लोकसभा चुनावों की सटीक भविष्यवाणी कर चुके हैं। उन्होंने 2014 और 2019 में एनडीए की सफलता की भविष्यवाणी कर दी थी। उन्होंने ज्योतिष विद्या के आधार पर 2024 के लोकसभा चुनावों के परिणामों पर भी गहन शोध के बाद अपनी भविष्यवाणी कर दी है।

पंडित त्रिखा कहते हैं, "मेरा ज्योतिष अध्ययन स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटें जीतने वाली पार्टी बनने जा रही जा रही है। हां, नई सरकार के सामने लगातार चुनौतियां आती रहेंगी। नई सरकार को चुनौतियां का संभलकर सामना करना होगा।" इस बीच लोकनीति के संदीप शास्त्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर तो इस बार देश में 'मोदी लहर' देखने को नहीं मिली, लेकिन राज्यों में छोटी-छोटी लहरें जरूर हैं। राज्यों में 'मोदी हवा के झोंके', जरूर चल रहे हैं। 2004 का चुनाव परिणाम सामने आने के बारे में अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था- "कौन क्यों जीता पता नहीं और कौन क्यों हारा वो भी पता नहीं"। इस बार भी कुछ ऐसी ही स्थिति देखने को मिल रही है। वहीं, भाजपा का आंकड़ा 304 से ऊपर रहता है या नीचे जाता है, यह दो राज्य तय करेंगे। ये राज्य महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल हैं। संदीप शास्त्री ने इशारों ही इशारों में बता दिया कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार आ सकती है।

हालांकि ये भी सच है कि इंडिया गठबंधन के नेता जैसे राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद, समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव वगैरह सब दावा कर रहे हैं कि देश में इस बार मोदी सरकार नहीं बनने जा रही है। इनका कहना है कि गठबंधन को 300 सीटें मिलने जा रही हैं। ये कह रहे हैं कि भाजपा को सिर्फ 220 सीटें मिल सकती हैं। प्रख्यात पॉलिटिकल कमेंटेटर और डेटा साइंटिस्ट सुरजीत भल्ला कह रहे हैं कि भाजपा को इस चुनाव में 350 तक सीटें मिल सकती हैं।

पंडित त्रिखा के अनुसार, " नरेंद्र मोदी की चंद्र राशि वृश्चिक है। उनका जन्म 17 सितंबर, 1950 को हुआ था। वे मंगल ग्रह से शासित हैं। वृश्चिक राशि वाले बहुत बुद्धिमान और चतुर होते हैं और उनमें नेतृत्व करने के गुण होते हैं। वे जन्मजात नेता होते हैं। मोदी जी ने इसे बार-बार साबित किया है।" बता दें कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी वृश्चिक राशि के हैं। वृश्चिक राशि के नेताओं को अक्सर उनके दृढ़ संकल्प के लिए जाना जाता है।

इस बीच चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर कांग्रेस को लेकर दावा कर रहे हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी तीन अंकों के आंकड़े तक नहीं पहुंचेगी। इसके साथ ही वे इस बात पर भी जोर दे रहे हैं कि भाजपा इस बार 2019 के आम चुनावों में प्राप्त अपनी सीटें दोहराने जा रही है या उससे भी आगे निकल सकती है। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें भाजपा की तरफ से कितनी सीटें जीतने की उम्मीद है तो प्रशांत किशोर ने कहा कि मेरे पास जो भी अवलोकन और अनुभव है, उसके आधार मुझे नहीं लगता कि भाजपा की संख्या 2019 में जहां थी, वहां से कम हो जाएगी। वे दावा कर रहे हैं कि 2019 में भाजपा के पास जो संख्या थी, कमोबेश वही संख्या मुझे दोहराती हुई दिख रही है या शायद यह और भी बेहतर हो जाएगी।

यद्यपि उनके दावों पर बहुत बवाल भी मचा हुआ है। उनकी राय से इत्तेफाक न रखने वाले उन पर तमाम तरह के आरोप भी लगा रहे हैं। वैसे लोकसभा चुनाव के नतीजों की आधिकारिक घोषणा से पहले तो सिर्फ अनुमान ही लगाए जा सकते हैं। ये सब लोकतंत्र का हिस्सा हैं।

## सोशल फोरम

# एक स्वस्थ्य समाज के लिए



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मेरा स्पष्ट मानना है कि बच्चों की सारी पढ़ाई कोएड में ही होनी चाहिए। लड़के-लड़कियों के अलग स्कूल खत्म हो जाने चाहिए। सातवीं क्लास तक मैंने भी कोएड में ही शिक्षा ग्रहण की। जब विपरीत लिंग को सही में समझने की जरूरत थी। तब मुझे केवल लड़कों के स्कूल में भर्ती होना पड़ा। वहां जिस बात से सबसे पहले वास्ता पड़ा वो थी गालियां, लेकिन इतने विशाल ज्ञान भंडार के होते हुए भी आज तक कभी गाली निकालने का साहस नहीं कर पाया। ये सारा ज्ञान और समृद्ध शब्दकोश बेकार ही जा रहा है। खैर तो मैं बात कर रहा था कोएड की शिक्षा की। आप एक बात नोट कीजिए कि पुरुषों के समूह में एक स्त्री या स्त्रियों के समूह में एक पुरुष को रख दीजिए। तो पूरे समूह के व्यवहार में अभूतपूर्व परिवर्तन आ जाता है। लोग थोड़ा ज्यादा सलीकेदार, सभ्य और शरीफ दिखने की कोशिश करने लगते हैं और दोनों लिंगों को एक दूसरे को समझने बुझने के बेहतर मौके मिलते हैं। एक झिझक, एक संकोच सा जो दोनों के मन मे एक दूसरे के लिए होता है, वो दूर हो जाता है। लोग प्रेमी प्रेयसी के अतिरिक्त मित्रता के धरातल पर भी संबंध बनाने की सोचते हैं।

दोनों को अलग-अलग बाड़ों में रख पढ़ाने-लिखाने से बेहतर इन्हें एक ही बाड़े में रख एक दूसरे के लिए बेहतर समझ विकसित करने के मौके दिए जाएं, ताकि मानसिक रूप से एक परिपक्व समाज का निर्माण हो सके। मेरी पीढ़ी के बहुत लोग इस आपसी समझ को विकसित करने से वंचित रह गए। हमारे साथ के मित्रों को तो लड़की किसी एलियन के समान लगती थी। क्या बात करूं, कैसे करूं, कहां से शुरु करूं... तब तक लड़की ये जा और वो जा। ऐसा ही हाल कुछ उधर भी रहता था। आज के बच्चों में ये झिझक देखने को नहीं मिलती। उस वक्त कुछ एक्स्ट्रा स्मार्ट लड़के लड़की ही इससे बरी थे। वरना बाकी सब तो विपरीत लिंगी को देख मिमियाने लगते थे।

आज दोनों के बीच का भेद जब मिट रहा हो तो कोएड को शुरुआत से ही बाध्यकारी कर दोनों को एक दूसरे के प्रति एक बेहतर नजरिया विकसित करने के अवसर दिए जाने चाहिए। एक स्वस्थ्य समाज के लिए ये आज की जरूरत है। **-फेसबुक वॉल से**

# ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है



अनूप शुक्ल
कानपुर

एक बच्ची के हाथ में एक छोटा पक्षी दुबका सा बैठा था। बच्चों ने उसे रास्ते से उठाया था। पक्षी की पीठ में हल्का सा घाव था। उसकी हड्डियां दिख रहीं थीं। शायद किसी बड़े पक्षी ने उस पर हमला किया होगा।

सुबह नींद खुली साढ़े तीन बजे। मतलब तब जब ब्रह्ममुहूर्त भी ड्यूटी पर हाजिर नहीं हुआ था। कई लिखाई-पढ़ाई के काम याद आए। उनको याद करके फिर पलट के सो गए। सोचा थोड़ा और सो लिया जाए फिर उठा जाएगा। मतलब नींद की 'एक बाइट' और ले ली जाए। थोड़ा सोने के बाद नींद खुली तो पांच बज गए थे। मतलब नींद की 'एक बाइट डेढ़' घंटे की हुई।

'नींद की बाइट' भी हर एक के लिए अलग-अलग होती है। किसी की घंटे भर की, किसी की पांच मिनट की। यह तो बात हुई नींद की। उनके क्या हाल होते होंगे जिनको नींद नहीं आती या कम आती है। उनकी भी क्या 'उनींदे' की 'अनींद' की बाइट होती होगी? जगने के बाद टहलने निकले। सड़क पर इक्का-दुक्का लोग टहल रहे थे। पंछी हल्ला मचा रहे थे। क्या पता कह रहे हों हमारा नाम लेते हुए -'निकल लिया, निकल लिया आज भी टहलने निकल लिया।' सामने से एक महिला बीच सड़क पर टहलती आ रही थी। हाथ में छुटका तौलिया लिए थी। शायद पसीना पोंछने के लिए। पसीना अभी आया नहीं था, लेकिन महिला तौलिया चेहरे पर घुमाती जा रही थी। शायद पसीना सुखाने की नेट प्रैक्टिस कर रही हो। यह भी हो सकता है संभावित पसीने को धमका रही हो-'खबरदार, जैसे ही निकले, सुखा दिए जाओगे।'

एक दूसरी महिला टहलते हुए बगल से गुजरी तो दिखा की उसके कान में ईयरप्लग ठुंसा था और वह कोई प्रवचन टाइप सुन रही थी। बगल से गुजरते हुए प्रवचन के बोल मेरे भी कानों में जबरियन धंस गए। प्रवचनिया कह रहा था-'काम, क्रोध, मद, लोभ से बचकर रहना चाहिए।' महिला जब यह सुन रही थी तब वह इन सभी तथाकथित विकारों से एकदम मुक्त थी। कोई इंसान जब काम, क्रोध, मद, लोभ आदि विकारों से मुक्त हो तब उसको उनसे बचने के लिए कहा जाए तो सहज रूप से इनके बारे में सोचेगा। आगे के पार्क के बाहर पुलिया पर बैठे कुछ लोग अपने शरीर को टेढ़ा-मेढ़ा करते हुए बतिया भी रहे थे। एक की आवाज सुनाई पड़ी -'ईमानदार आदमी को कमजोर समझते हैं। सब समझते हैं कि ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है। पहले ऐसा नहीं होता था।' 'ईमानदार' को 'ईमानदार' कहते हुए पूरे आत्मविश्वास से ईमानदारी को बेवकूफी का सीधा कनेक्शन करवा रहे थे। अगले ने भी कुछ कहा होगा। हम सुन नहीं पाए। हमको बस यही दिखा कि वह अपने पेट को कपड़े की तरह निचोड़ते हुए कसरतिया रहा था। वहीं सामने के पार्क में कुछ महिलाएं भी बच्चों के साथ हाथ और पेट घुमाते हुए कसरत कर रहीं थीं। चौराहे पर एक 'स्लिमिंग सेंटर' वाले अपना होर्डिंग लगाए खड़े थे। पतला होने की तरकीब बताने के लिए। कोर्स करवाने के लिए। एक आदमी ने अपना पुराना फोटो दिखाया जिसमें वह काफी स्वस्थ दिख रहा था। अभी वह 'स्लिम-ट्रिम' टाइप दिख रहा था। बताया कि ये थे ये हो गए हैं। हमको बोला -'खाली टहलने से नहीं होगा। खानपान ठीक करना होगा।' अपन आगे बढ़ गए। हड़बड़ी में वजन नहीं कम करना। फैट बुरा मान जाएगा। आहिस्ते से कम करेंगे। फुसलाते हुए। इतने दिन साथ दिया उसने मेरा। अब हम उसको झटके से दफा कर दें। ऐसे बेवफा हम हरगिज नहीं। लौटते हुए एक रेलिंग पर कुछ बच्चे बैठे दिखे। कल भी दिखे थे, लेकिन कल बात नहीं हुई थी। आज पास खड़े होकर बात की। पता चला कि स्कूल के घरों में रहते हैं। टहलने आए हैं तो आराम करने के लिए बैठ गए रेलिंग पर। रेलिंग पर बैठना बच्चों के थकने से ज्यादा बतियाने की मंशा से रहा होगा। तसल्ली से बतिया रहे थे वे। एक बच्चा अपना मोबाइल में कोई वाल पेपर छांट रहा था। हमने सबको रेलिंग पर बिठाकर फोटो खींचा। दिखाकर कहा -'इसे बना लो वाल पेपर। बच्चे मेरी बात पर हंसने लगे। हमको लगा कि देश में हमारा जिक्र करते हुए इस बात पर बहस न छिड़ जाए कि एक और भी नमूना है देश में जिस पर लोग हंसते हैं। एक बच्ची के हाथ में एक छोटा पक्षी दुबका सा बैठा था। बच्चों ने उसे रास्ते से उठाया था। पक्षी की पीठ में हल्का सा घाव था। उसकी हड्डियां दिख रहीं थीं। शायद किसी बड़े पक्षी ने उस पर हमला किया होगा। बच्ची कह रही थी-'इसे घर ले जाएंगे। इलाज करेंगे।' बच्चों से बात करने के बाद घर लौट आए। हमको पुलिया पर बैठे आदमी की बात याद आ रही है-'ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है।' क्या सच में ऐसा होता है?

# गांधीजी ने ग्यारह बार देखी काशी



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी का वाराणसी से आत्मीय लगाव था। 1902 से 1942 तक चार दशक के कालखंड में राष्ट्रपिता ने वाराणसी का 11 बार दौरे किए थे। इस दौरान उन्होंने करीब सवा महीने तक काशी की पवित्र धरा पर विश्राम किया था। गांधी जी का काशी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रेणता महामना मदनमोहन मालवीय जी एवं बीएचयू के साथ विशेष लगाव था। आत्मीयता थी। गांधी जी 22-23 फरवरी, 1902 में पहली बार काशी पधारे। तब वे काशी के एक पंडे के निवास स्थान में रुके। गांधीजी ने गंगा स्नान किया। भगवान श्रीविश्वनाथ जी के दर्शन किए और एनी बेसेंट से भेंट की।

गांधीजी ने काशी का दूसरा दौरा 1916 में किया। तब वे बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना समारोह में भाग लेने के लिए 3 फरवरी, 1916 को वाराणसी गए। गांधीजी ने 3 फरवरी को भगवान श्री विश्वनाथ जी के दर्शन किए। 4 फरवरी, 1916 को उन्होंने हिन्दू विश्वविद्यालय स्थापना समारोह में प्रतिभाग किया। वहां भाषण दिया। 5 फरवरी को काशी में नागरी-प्रचारिणी सभा में भाषण दिया। 8 फरवरी, 1916 तक गांधीजी काशी में ही रहे। चार साल बाद 21 फरवरी, 1920 को गांधीजी ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों की सभा में भाग लिया और विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित किया। इसी साल 30 मई, 1920 को गांधीजी वाराणसी गए। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लिया। दो दिन तक वाराणसी में रहे। इसी वर्ष नवंबर के महीने में गांधीजी पुनः वाराणसी गए। 25 से 27 नवंबर, 1920 तक यहीं रहे। इस दौरान उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों की सभा में भाग लिया। 9 फरवरी, 1921 को गांधीजी ने वाराणसी के टाउन हॉल के मैदान में आयोजित सार्वजनिक सभा में भाषण दिया और अगले दिन 10 फरवरी, 1921 को काशी विद्यापीठ के शिलान्यास कार्यक्रम में शिरकत की। गांधीजी 17 अक्टूबर, 1925 को वाराणसी के दौरे पर गए। यह उनका सातवां काशी दौरा था। उन्होंने काशी विद्यापीठ की सभा में भाषण दिया। करीब डेढ़ साल बाद फरवरी, 1927 को गांधीजी काशी गए। 7 एवं 8 फरवरी, 1927 को वहीं रहे। इस दौरान उन्होंने गांधी आश्रम के वार्षिक समारोह में भाग लिया। गांधीजी का 1934 का वाराणसी दौरा सबसे अधिक दिनों का था। इस वर्ष वे 27 जुलाई से 2 अगस्त, 1934 तक वाराणसी में रहे। 28 फरवरी को गांधीजी काशी विद्यापीठ गए। 29 फरवरी को उन्होंने जिलों के प्रतिनिधि मंडलों से भेंट की। गांधीजी ने 30 जुलाई, 1934 को काशी में 'मौन दिवस' मनाया। अगले रोज सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। 1 अगस्त, 1934 को हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों ने गांधीजी को मानपत्र भेंट किया। इसी दिन गांधीजी ने कांग्रेस पार्टी की बैठक में भाग लिया। महिलाओं की सभा की। 2 अगस्त को गांधी जी ने कबीर मठ का निरीक्षण किया। इसी दिन काशी की पंडित मंडली ने गांधीजी को मानपत्र भेंट किया। अक्टूबर, 1936 में गांधी जी ने वाराणसी में भारत माता मंदिर का उदघाटन किया। कला भवन का निरीक्षण भी किया। जनवरी, 1942 में गांधी जी पुनः वाराणसी दौरे पर गए। यह गांधी जी की ग्यारहवीं काशी यात्रा थी। 21 जनवरी, 1942 को उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की जयंती समारोह में प्रतिभाग किया। 22 जनवरी, 1942 को कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

# तीन लाख बैंक खातों में लावारिस पड़े 430 करोड़

## रिजर्व बैंक ने जारी की रिपोर्ट, लंबे समय से इन खातों में लेनदेन नहीं

शिवांग पांडेय, बरेली

**अमृत विचार।** जिले के करीब तीन लाख लावारिस बैंक खातों में 430 करोड़ से ज्यादा धनराशि पड़ी हुई है। इन खातों में काफी वक्त से कोई लेनदेन नहीं हुआ। न ही दस साल से ज्यादा समय से इनमें मौजूद पैसे पर किसी खाताधारक ने दावा किया है, न उसके किसी कानूनी उत्तराधिकारी ने। इनमें करीब 27 हजार बैंक खाते 2023-24 में ही चिह्नित किए गए हैं जिनमें 45 करोड़ से ज्यादा धनराशि पड़ी हुई है।

बरेली जिले के ये आंकड़े भारतीय रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट में दिए गए हैं जो बृहस्पतिवार को ही जारी की गई है। इसके मुताबिक जिन खातों में 430 करोड़ की धनराशि लावारिस पड़ी हुई है, वे सार्वजनिक क्षेत्र. निजी और सहकारी तीनों श्रेणी की बैंक शाखाओं में हैं। दरअसल, भारतीय रिजर्व बैंक हर साल ऐसे खातों को चिह्नित कर रिपोर्ट जारी करता है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 खत्म होने के बाद ताजा रिपोर्ट जारी की गई है। इस साल में लावारिस खातों में 26,751 का नया आंकड़ा और 45 करोड़ की धनराशि जुड़ी है। बैंक अधिकारियों के मुताबिक किसी भी बैंक खाते में 10 साल से ज्यादा वक्त से कोई लेनदेन न होने पर माना जाता है कि ग्राहक खाता खुलवाने के बाद उसमें जमा धनराशि को भूल गया या उसकी मृत्यु हो गई और अब उन खातों में मौजूद धनराशि का कोई लेनदार नहीं है। एलडीएम वीके अरोरा ने बताया कि आरबीआई के नियमों के मुताबिक दस साल तक खातों के निष्क्रिय रहने के बाद उसमें जमा धनराशि आरबीआई के डेफ यानी डिपॉजिटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है। इसके बाद यह पैसा चैरिटी के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

### सर्वाधिक लावारिस पैसा एफडी और आरडी खातों में

बैंक अधिकारियों के मुताबिक जिले में सबसे ज्यादा लावारिस पैसा फिक्स डिपॉजिट और रेकरिंग डिपॉजिट यानी आरडी खातों में हैं। हालांकि इस बात का आंकलन नहीं किया गया है कि लावारिस पड़े कुल 430 करोड़ में से इन खातों में कितनी धनराशि है। उन्होंने बताया कि अगर दस साल के बाद भी कोई लावारिस घोषित कर डेफ खाते में स्थानांतरित की गई धनराशि पर दावा करता है तो बैंक उसका पैसा अदा करते हैं, हालांकि इसके लिए अलग प्रक्रिया होती है।

# वेयर हाउस में धधकी आग से चार करोड़ का नुकसान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार।** किच्छा हाईवे स्थित एक वेयर हाउस के गोदाम में धधकी आग से करोड़ों का नुकसान हो गया। आग इतनी विकराल थी कि दमकल कर्मियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इससे गोदाम मालिक को भारी नुकसान हो गया।

डिग्री कॉलेज रामपुर रोड निवासी इकबाल सिंह आनंद का किच्छा हाईवे स्थित एएलपी ऐरो फ्लेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नाम की फर्म है। वेयर हाउस में रबर इन्सुलेशन माल का स्टॉक किया था। बताया कि रोजमर्रा की भांति गुरुवार की शाम को गोदाम के एचआर हेड वीपी सिंह सहित कर्मचारी काम समाप्त कर निकले थे कि शुक्रवार दोपहर ढाई बजे गोदाम के सिक्योरिटी गार्ड ने सूचना दी कि गोदाम से आग की लपटें उठ रही हैं। सूचना मिलते ही दमकल विभाग व गोदाम स्वामी घटनास्थल पहुंचे तो देखा कि आग ने विकराल रूप धारण कर लिया है और आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठ रही हैं। आग बुझाने के पहले चक्र में दमकल की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। देखते ही देखते आग गोदाम के चारों ओर फैलने लगी। जिसे देखकर सीएफओ निशांत कटारिया, सीएफओ गिरीश सिंह बिष्ट ने और गाड़ियां मांगने का आदेश दिया। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक आग ने गोदाम में रखा सारा माल स्वाहा कर दिया।

### आग की विकराल लपटों से धधक उठे कोसी के जंगल

**ऊंचाकोट।** वन विभाग के तमाम दावों के बावजूद कोसी घाटी के जंगलों में आग की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक के बाद एक जंगल आग की चपेट में आकर राख में तब्दील होते जा रहे हैं। रातीघाट–बेतालघाट मोटर मार्ग पर ऊंचाकोट के समीप जंगल भीषण आग की चपेट में आ गया जबकी अमेल क्षेत्र में कोसी नदी से सटा जंगल भी धधक उठा। धधकी आग ने बेसकीमती वन संपदा को जलाकर खाक कर डाला। जंगलों के धधकने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। एक जंगल आग से राख हो रहा है तो दूसरे जंगल में भीषण आग धधक जा रही है। ऊंचाकोट क्षेत्र में रातीघाट – बेतालघाट मोटर मार्ग से सटा जंगल आग की चपेट में आ गया। देखते ही देखते जंगल के बड़े हिस्से को चपेट में ले लिया।

# गंगा में डूबे सात श्रद्धालु, एक की मौत, छह लोगों को निकाला बाहर

संवाददाता, उसहैत(बदायूं)

**अमृत विचार।** उसहैत क्षेत्र के भकरी घाट पर गंगा की पहनान कराने आए छह लोग गंगा में डूबने लगे। घटना को देखते ही चीखपुकार मच गई। घाट पर मौजूद गोताखोरों ने गंगा में छलांग लगा दी और छह श्रद्धालुओं को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। दो घंटों के बाद सातवें श्रद्धालु को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों में चीत्कार मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।


महेश।

थाना उसहैत क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुबारकपुर निवासी कुंवरपाल शुक्रवार दोपहर अपने परिजन और ग्रामीणों के साथ गंगा को धोती पहनान के लिए उसहैत क्षेत्र के भकरी घाट पर आए थे। कुछ श्रद्धालु गंगा मैया की पूजा करने में व्यस्त हो गए। वह गंगा मैया को धोती पहनान कर रहे थे। गांव निवासी रघुवर दयाल, गजेंद्र पुत्र श्रीपाल अर्जुन पुत्र रक्षपाल, कुसुम लता पत्नी सत्यपाल, कुंवरपाल पुत्र धनपाल, उनकी पत्नी सुनीता, बेटा महेश (20) स्नान करने के लिए गंगा में घुस गए। गंगा में पानी का बहाव ज्यादा होने के चलते वह सभी बहने लगे और गहराई में चले गए। सातों श्रद्धालु गंगा में डूबने लगे। घाट पर मौजूद लोगों ने उन्हें देखा तो चीख पुकार मच गई। उन्होंने शोर मचाया। घाट पर अफरा-तफरी मच गई। घाट पर मौजूद गोताखोर और कुछ ग्रामीण तैराक गंगा में कूद गए। पत्नी कुसुम लता को डूबता देखकर उनके पति सत्यपाल भी गंगा में चले गए। वह अपने पत्नी समेत तीन लोगों को बाहर निकालकर ले आए। तीन अन्य को गोताखोर और तैराकों ने बाहर निकाला जबकि महेश लापता हो गए। लोगों को सकुशल गंगा से निकालकर घाट पर लाने के बाद महेश की तलाश में दोबारा गंगा में गए। तकरीबन दो घंटों की मशक्कत के बाद गंगा में महेश की तलाश हो सकी। उनकी मौत हो चुकी थी। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

- थाना उसहैत क्षेत्र में गंगा के भकरी घाट पर स्नान करने आए थे गांव मुबारकपुर के ग्रामीण

### गंगा स्नान कर रहे युवक की डूबकर मौत

**कासगंज।** जिला एटा के गांव से कछला स्थित गंगा नदी पर स्नान को साथियों के साथ गया युवक गहरे पानी में डूब गया। लगभग एक घंटे के प्रयास के बाद गंगा से युवक का शव मिला है। जिला एटा के थाना निधौली कला के गांव अहीरमई निवासी धीरज यादव अपने दोस्त अनिल, कुलदीप, संदीप के साथ कछला गंगा नदी पर स्नान के लिए आए थे। जब सभी साथी गंगा में स्नान कर रहे थे कि तभी धीरज गहरे पानी में डूब गया। जब साथियों उसे डूबते देखे तो बचाव के लिए चीख पुकार की। जब तक ग्रामीण गोताखोर युवक को बचाने के लिए गंगा में उतरे तब तक वह गहरे पानी में डूबकर लापता हो गया था। चौकी इंचार्ज हरवीर सिंह मौके पर पहुंचे और गोताखोरों को शव की तलाश के लिए लगाया। लगभग एक घंटे के प्रयास के बाद गोताखोरों को युवक का शव मिला।

# वाहन की टक्कर से एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत

संवाददाता, जगदीशपुर अमेठी

- एक की हालत गंभीर, आधा दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त

**अमृत विचार।** शुक्रवार को एक अनियंत्रित वाहन ने बंद रेलवे क्रॉसिंग पर खड़े वाहनों में टक्कर मार दी। जिसमें कार सवार चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी जगदीशपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। एक घायल की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र में थाना कमरौली के समीप (इंडोरामा)रेलवे क्रॉसिंग का फाटक शुक्रवार रात करीब 3 बजे ट्रेन आने के चलते बंद था। क्रॉसिंग के पास कई वाहन सवार फाटक खुलने का इंतजार कर रहे थे। तभी एक अनियंत्रित कंटेनर ने वहां खड़े वाहनों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से लाइन में खड़े आधा दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

इस हादसे में देवा शरीफ, बाराबंकी से दर्शन कर लौट रहे कार सवार भी चपेट में आए गए। कार में बैठे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को सीएचसी जगदीशपुर भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने अदनान (11), फातिमा (13), आफरीन (14) निवासी ग्राम नटौली मजरे पारा बाजार बल्दीराय थाना, जनपद सुलतानपुर को मृत घोषित कर दिया। जबकि मृतकों के परिवार के ही एक सदस्य की हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया है। पुलिस ने वाहन को कब्जे ले लिया है। चालक फरार हो गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


रामलला का दर्शन करने के बाद चिराग पासवान व उनका परिवार। अमृत विचार

# रामलला का दर्शन धन्य हो गया : चिराग पासवान

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार।** लोकजन शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। उनकी प्राण प्रतिष्ठा के दिन मैं यहां मौजूद था। मैं भाग्यशाली हूं। उसी दिन से थी मन में पूरे परिवार के साथ प्रभु राम का दर्शन करने की जो इच्छा थी वह आज पूरी हो गई। दर्शन कर मैं धन्य हो गया।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से देश की आबादी प्रधानमंत्री पर भरोसा रखती है। गरीब कल्याण की योजनाओं से पीएम मोदी ने हर घर को प्रभावित किया है। कहा कि 400 पार का लक्ष्य बहुत सरलता से हम लोग प्राप्त करेंगे। बिहार की सभी 40 सीटें हमें मिल रहीं हैं।

प्रधानमंत्री के कन्या कुमारी में ध्यान साधना पर बोले कि जिस तरह से प्रधानमंत्री आध्यात्मिक सनातन को विश्वास दिला रहे हैं। जो लोग सनातन के विनाश के बारे में सोचते हैं उनको वह ऊर्जा प्राप्त नहीं होगी।

# हैंड एंड रिस्ट कोर्स में जटिल सर्जरी की बारीकियां बताएंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 24 और 25 अगस्त को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में होगा आयोजन, 120 से अधिक डॉक्टर कोर्स में करेंगे प्रतिभाग

**अमृत विचार।** बरेली और यूपी ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन पहली बार 24 और 25 अगस्त को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में हैंड एंड रिस्ट कोर्स का आयोजन करेगी, जिसमें 120 से अधिक हड्डी रोग विशेषज्ञ जुटेंगे। यह जानकारी शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बरेली ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विनोद पागरानी ने दी।

बताया कि इस कोर्स की बारीकियों को समझाने के लिए वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज जिंदल पुणे से आ रहे हैं। साथ ही हाथ और कलाई की जटिल सर्जरी करने के विशेषज्ञ अन्य डॉक्टर भी अपने अनुभव साझा करेंगे। कांफ्रेंस में जटिल सर्जरी की बारीकियां सीखने के लिए बरेली और आसपास के जिलों एवं कुमाऊं क्षेत्र से 120 से अधिक हड्डी रोग विशेषज्ञ कोर्स में प्रतिभाग करेंगे। सर्जरी का लाइव प्रसारण भी होगा। वार्ता में डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. आलोक शर्मा, डॉ. मनोज हिरानी, डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. प्रवीण गर्ग, डॉ. रविन्द्र प्रताप रहे।

### मरीजों को नहीं लगाने होंगे दिल्ली व लखनऊ के चक्कर

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रो. प्रवीण ने बताया कि इस कोर्स में प्रतिभाग कर जटिल सर्जरी का प्रशिक्षण लेने के बाद मरीजों की सर्जरी बरेली में ही हो सकेगी, जिसके बाद मरीजों को दिल्ली और लखनऊ के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

# पुलिस भर्ती बोर्ड से किया जवाब तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में उत्तर प्रदेश में तैनात हेड कांस्टेबल, ड्राइवरों एवं हेड कांस्टेबल सशस्त्र पुलिस को दारोगा पद पर पदोन्नत न करने के संबंध में पुलिस विभाग से जवाब तलब करते हुए पूछा कि याचियों को अभी तक उप- निरीक्षक के पद पर पदोन्नत क्यों नहीं किया गया जबकि याचियों से जूनियर बैच के आरक्षीगण सिविल पुलिस में उप-निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त कर चुके हैं। उक्त प्रकरण में सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के प्रमुख सचिव, डीजीपी, पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष डीआईजी स्थापना/कार्मिक तथा एडीजी लॉजिस्टिक्स से 8 सप्ताह में जवाब मांगा है। मालूम हो कि इलाहाबाद, आगरा, कानपुर नगर, मेरठ, वाराणसी, गोरखपुर, व कई अन्य जिलों में तैनात सैकड़ों मुख्य आरक्षी ड्राइवर व मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस ने अलग-अलग याचिकाएं दाखिल की थी।

# एमबीए छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक का किया घेराव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विद्यार्थी परिषद की अगुवाई में तीन घंटे तक जमकर की नारेबाजी
- परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षा आगे कराने का दिया आश्वासन तो छात्र शांत हुए

**अमृत विचार।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के एमबीए छात्रों ने गर्मी की वजह से परीक्षा टालने की मांग करते हुए दूसरे दिन शुक्रवार को भी परीक्षा नियंत्रक का घेराव किया। विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में छात्रों ने तीन घंटे तक जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। परीक्षा नियंत्रक ने 1, 7 और 12 जून को होने वाले प्रश्नपत्रों की परीक्षा आगे कराने का आश्वासन दिया तब छात्र शांत हुए।

एमबीए के ज्यादातर छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय परिसर के छात्रावास में रहते हैं। कुछ छात्र-छात्राओं का कहना है कि गर्मी और बिजली कटौती की वजह से परीक्षा की तैयारी नहीं हो रही है, इसलिए अभी परीक्षा टालकर आगे बढ़ाई जाए। छात्रों ने इससे पहले विभागाध्यक्ष और कुलपति से मिलकर भी परीक्षा टालने की मांग की थी, लेकिन सेशन में देरी की बात कहकर परीक्षा नहीं टाली गई। शुक्रवार को छात्र-छात्राएं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के पास पहुंचीं और परीक्षा टालने की मांग की।

काफी देर के हंगामे के बाद भी, जब परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षा टालने से इन्कार किया तो फिर से हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मैत्रीय छात्रावास की बिजली पानी समस्याएं बताईं तो वार्डन को परीक्षा नियंत्रक के कक्ष में बुला लिया। वार्डन ने एक दिन का समय मांगते हुए समस्या का निदान कराने की बात कही।

महानगर संगठन मंत्री अवनी यादव ने कहा कि भीषण गर्मी में विश्वविद्यालय छात्रों का शोषण कर रहा है, इसे विद्यार्थी परिषद कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। महानगर मंत्री श्रेयांश वाजपेयी, नितिन महेश्वरी, आनंद कठेरिया, हर्षित चौधरी, दक्ष गंगवार, संदीप सागर, लकी शर्मा, दीपू यादव, रवि प्रताप सिंह, विकास शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


परीक्षा को आगे बढ़ाने की मांग को लेकर घेराव करते छात्र। अमृत विचार

# फिल्म ताजमहल में परेश रावल करेंगे रोल

**अयोध्या।** ताजमहल पर परेश रावल को लेकर बनने जा रही फिल्म को अयोध्या के रहने वाले किनौली ग्राम के विकास राधेश्याम तिवारी प्रोड्यूस करेंगे। आगरा के विश्व प्रसिद्ध ताजमहल के इतिहास को पूर्ण रूप से लोगों के सामने रखने वाली फिल्म द ताज स्टोरी की शूटिंग 20 जुलाई से शरू होने जा रही है। जिसकी जानकारी खुद अभिनेत परेश रावल ने सोशल मीडिया पर लोगों को दी। अयोध्या के छोटे से गांव किनौली से ताल्लुक रखने वाले विकास राधेश्याम तिवारी इस फिल्म के क्रिएटिव प्रोडूसर हैं। उनके अनुसार इस फिल्म का एक हिस्सा अयोध्या में भी शूट होना है। विकास तिवारी का कहना है कि उनके पिता राधेश्याम तिवारी भूतपूर्व सैनिक हैं।


# मंत्री पर हमले के आरोपियों की जमानत

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर

- वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान हुई थी मारपीट की घटना

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डाक्टर संजय निषाद पर एक वैवाहिक समारोह के दौरान हमला हो गया था। इस मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी राधेश्याम यादव सहित सभी आरोपियों को एक माह बाद गुरुवार को न्यायालय ने जमानत दे दिया।

कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहम्मदपुर कठार निवासी हरीराम निषाद के पुत्री की 21अप्रैल को शादी थी। इस वैवाहिक समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर संजय निषाद भी शामिल होने पहुंचे थे। इसी बीच द्वारपूजा के बाद जयमाल कार्यक्रम के दौरान वे वरबधु को आशीर्वाद देने पहुंच गए। मंत्री स्टेज के सामने बैठ कर गांव वालों से चर्चा कर ही रहे थे कि तभी गांव के कुछ लड़के मगहर कटसहरा मार्ग के निर्माण को लेकर मंत्री से उनके बेटे क्षेत्रीय सांसद और भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर प्रवीण निषाद द्वारा पांच साल के कार्यकाल में नहीं कराए जाने की शिकायत किया। इसी शिकायत को लेकर विवाद काफी बढ़ गया। इस विवाद में हाथापाई के दौरान कैबिनेट मंत्री की नाक पर चोट लगने से वह घायल हो गए थे। जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। उनके पीआरओ की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने राधेश्याम यादव पुत्र रामनयन यादव, दुर्विजय यादव पुत्र जगदीश यादव, सुरेंद्र यादव और जय प्रकाश यादव पुत्र गण लालमन यादव, सुभाष चन्द यादव पुत्र रामकवल यादव, गजेंद्र यादव पुत्र रामानन्द यादव समेत तमाम अज्ञात के खिलाफ धारा 147, 323, 307 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। न्यायालय ने एक महीने बाद मुख्य आरोपी राधेश्याम यादव समेत सभी आरोपियों को गुरुवार को जमानत दे दी । उन्हें देर शाम जेल से रिहा कर दिया।



# चाइनीज मांझे से अधेड़ की गर्दन कटी, मौके पर मौत

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

- बेटी को परीक्षा दिलाकर बाइक से जा रहा था घर

**अमृत विचार।** शुक्रवार की देर शाम अपनी बेटी को परीक्षा दिलवाकर बाइक से घर वापस जा रहे एक अधेड़ की गर्दन में हाईवे पर मांझा फंस गया, जिसके उसकी पूरी गर्दन कट गई और बाइक सहित गिर पड़ा। तत्काल आसपास के लोगों ने उसे ई-रिक्शा के माध्यम से सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की बेटी का रो-रो कर बुरा हाल है।

शाहजहांपुर जनपद के थाना सदर बाजार अंतर्गत मऊ वासत निवासी श्रवण कुमार 45 वर्ष पुत्र मदन लाल अपनी पुत्री को परीक्षा दिलाने के लिए बालामऊ गया था। बाइक से वापस आते समय हाईवे पर भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यालय के निकट उसकी गर्दन में चाइनीज मांझा फंस गया और पूरी गर्दन कट जाने की वजह से श्रवण कुमार मोटरसाइकिल से नीचे गिर गया। श्रवण कुमार पूरी तरीके से लहूलुहान हो गया। पिता की हालत देख उसकी बेटी रोने चीखने लगी, जिसको सुनकर मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। तत्काल राहगीरों ने घायल श्रवण कुमार को ई-रिक्शा के माध्यम से सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटी का रो-रो कर बुरा हाल है। बेटी ने परिजनों को सूचना दी है। सीएचसी से पुलिस को सूचना दी गई है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए तैयारी कर रही है।

दुर्दशा — नगर पालिका के कर्मचारियों ने सफाई कर झील से दोपहर तक निकाला चार गाड़ी कूड़ा

# तेज बारिश से नैनीझील में समाया कूड़ा

कार्यालय संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार।** अचानक तेज बारिश के बाद गुरुवार रात को नालों के जरिये नैनीझील में चारों ओर से कूड़े का ढेर समा गया। कूड़ा अधिक होने के कारण नौका चालकों और पर्यटकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार सुबह परेशानी को देखते हुए नगर पालिका ने लगभग 20 कर्मचारियों को लगाकर झील की सफाई करवाई। दोपहर तक लगभग झील से चार गाड़ी कूड़ा निकाल लिया गया।

पालिका के अधिशासी अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि ऊपरी क्षेत्रों का कूड़ा बारिश के पानी में बहकर झील में आया है। झील में पालिका के कर्मचारियों को लगाकर सफाई की जा रही है। वहीं तेज बारिश व ओलावृष्टि के बाद अचानक स्प्रिंगफील्ड निवासी रतन सिंह रावत के मकान में बाज का विशालकाय पेड़ गिर गया, जिससे मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि इस दौरान घर के अंदर मौजूद लोगों को जान का नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों की मदद से क्षतिग्रस्त घर से लोगों को बाहर निकल गया जिसके बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ, दमकल व वन विभाग की टीम ने क्षतिग्रस्त पेड़ को काटकर हटाया गया।


नैनीझील में तैरता कूड़ा। अमृत विचार

### तराई में पारा पहुंचा 44 डिग्री सेल्सियस के पार

**पंतनगर।** मई माह के अंतिम दिन गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाया। शुक्रवार को ऊधमसिंह नगर जिले में पारा पहली बार 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 44 .1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो अब तक का सबसे अधिक तापमान है। न्यूनतम तापमान 26 .0 डिग्री रहा। इस दौरान जहां 5 .8 किमी. प्रति घंटा के वेग से पश्चिम से दक्षिण दिशा में हवा चली। वहीं आर्द्रता का प्रतिशत 30 रहा। वर्ष 1960 में विवि की स्थापना से लेकर अब तक तराई में अधिकतम पारा 43 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया।

# अधिकारी समेत छह लोग हत्या में दोषी

**अयोध्या।** शहर के बहुचर्चित विजय कुमार गुप्ता हत्याकांड में कलक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी रामकृष्ण तिवारी समेत छह लोगों को कोर्ट ने गैंगस्टर और हत्या समेत अन्य धाराओं में दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई तीन जून को होगी। फैसला विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट के जज मोहिंदर कुमार की अदालत से शुक्रवार को हुआ।

गिरोह बंद अधिनियम के विशेष लोक अभियोजक विकास शुक्ला और जितेंद्र तिवारी ने बताया कि घटना 25 अप्रैल 2000 की है। कोतवाली नगर के साहबगंज मोहल्ला निवासी श्यामसुंदर गुप्ता के भतीजे विश्वनाथ और गगन उर्फ गोगा श्रीवास्तव के बीच पान खाकर थूकने के मामले को लेकर विवाद हो गया था।

## एक नजर

### गोवंशों को हीट वेव से बचाने के लिए करें निगरानी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोवंशों को हीट वेव से बचाने के लिए गोशालाओं की दिन-रात निगरानी करें। आग की घटना रोकने के इंतजाम करने के साथ फायर स्टेशन के नंबर दर्ज कराएं। गोवंशों को छायादार जगह पर रखें। यह निर्देश शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन से सभी खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी को दिए हैं। कहा कि गोवंशों को गर्मी व लू से बचाएं। टीनशेड, तिरपाल, टाटपट्टी, बोरे आदि परिसर में लगाएं और बराबर पानी का छिड़काव करें। ताजा पानी ही पिलाएं। बीमार गोवंश को अलग छायादार जगह पर रखें। रात में चौकीदार लगाकर निगरानी कराएं। आगजनी की घटना को रोकने के इंतजाम करें और गोशालाओं पर फायर स्टेशन के नंबर लिखाएं। बिजली व पानी की आपूर्ति बराबर रहे। फोटो समेत गोशालाओं की तीन दिन में रिपोर्ट दें।

# राजस्व ग्रामों को मॉडल बनाने का सीखा तरीका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीपीआरओ ने 16 गांवों का किया प्रस्तुतिकरण
- जिले के 322 राजस्व ग्रामों को बनाना है मॉडल

**अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत राजस्व ग्राम को मॉडल बनाने का प्रस्तुतिकरण किया गया। वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक व सफाई कर्मियों ने अभियान को जाना और गांवों में कार्य कराने के तौर-तरीके सीखे।

जिले में इस वर्ष 322 राजस्व ग्राम मॉडल बनाए जाने हैं। इनमें शुक्रवार को विकास भवन स्थित कार्यालय से जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से 16 राजस्व ग्राम को मॉडल बनाने का प्रस्तुतिकरण किया। निदेशालय के अधिकारी भी जुड़े। संबंधित गांवों के प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक व सफाई कर्मियों को प्रदेश में मॉडल बने राजस्व ग्रामों की तस्वीर और कार्यों को दर्शाकर जानकारी दी गई। गांव में मनरेगा के तहत अधिक से अधिक जल संरक्षण को लेकर सोखपिट, नाडेफ व वर्मी कंपोस्ट बनाने पर जोर दिया। इससे गांव की आय बढ़ना बताया। जिला समन्वयक अभिनव त्रिपाठी व अभिषेक गुप्ता ने बताया कि तालाब में जो नाली के सहारे गंदा पानी जाता है वहां फिल्टर चैंबर लगाएं।

# जुर्म की कमाई से संपत्ति नहीं बना पाए पांच हजार गैंगस्टर

## पुलिस की छानबीन में सामने आई सच्चाई, अपराधियों पर लगातार हो रही कार्रवाई

विनय सिंह, लखनऊ

- सवा दो वर्षों में 1,555 गैंगस्टर के मामले दर्ज किए गए
- दर्ज मामलों में अपराधियों की कुल संख्या 5,819 है

**685** गैंगस्टर पर लखनऊ जोन की पुलिस ने की कार्रवाई

**911** करोड़ की अवैध संपत्ति की जा चुकी है जब्त

**अमृत विचारः** लखनऊ जोन में पाच हजार ऐसे गिरोहबंद अपराधी हैं जो अपराध के दम पर संपत्ति नही अर्जित कर पाए। गैंगस्टर की सूची में शामिल इन अपराधियों की संपत्ति जब्त करने के लिए पुलिस ने छानबीन की तो यह सच सामने आया। पुलिस अब पता लगा रही कि इन अपराधियों ने जुर्म की कमाई को रिश्तेदारों या करीबियों के जरिए तो नहीं निवेश किया है।

पुलिस की जांच में अब तक सामने आया कि इन अपराधियों ने अलग-अलग गिरोह में शामिल होकर घटनाओं को तो अंजाम दिया, लेकिन किसी तरह की संपत्ति नहीं बना पाए। हालांकि पुलिस ऐसे अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए 911 करोड़ की संपत्तियों को जब्त भी किया है।

लखनऊ जोन के अयोध्या एवं लखनऊ परिक्षेत्र में विगत सवा दो वर्षों में 1,555 गैंगस्टर के मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में अपराधियों की कुल संख्या 5,819 है। दोनों परिक्षेत्रों की पुलिस गैंगस्टर पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई में अब तक गैंगस्टर एक्ट के तहत 658 बदमाशों की संपत्तियों को जब्त किया गया। कार्रवाई में अब तक 911.29 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई। 5,134 अपराधी ऐसे हैं, जिनकी संपत्तियों का पता नहीं चल सका है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इन अपराधियों के पास कोई संपत्ति नहीं पाई गई है। यह सभी गिरोह से जुड़कर घटनाओं को अंजाम तो दे रहे थे, लेकिन संपत्ति नहीं बना सके। इनमें किसी अभियुक्त के खिलाफ चार मुकदमें दर्ज हैं तो किसी के खिलाफ पांच से छह मुकदमें।

### सर्वाधिक गैंगस्टर बाराबंकी में

गैंगस्टर की संख्या पर गौर किया जाए तो सर्वाधिक 1,203 गैंगस्टर बाराबंकी में हैं। यहां की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 308 करोड़ की संपत्तियां जब्त की। अमेठी में गैंगस्टर की संख्या सबसे कम 230 हैं। यहां की पुलिस ने 11.23 करोड़ की संपति जब्त की। इसी तरह हरदोई में 450, खीरी में 823, रायबरेली में 448, सीतापुर में 858, उन्नाव में 530, अयोध्या में 452, सुल्तानपुर में 424 और अंबेडकरनगर में 401 गैंगस्टर एक्ट के अपराधी है। इनमें से अधिकतर अभियुक्त जेलों में बंद हैं।

## ओएचई लाइन टूटी, पांच घंटे तक खड़ी रहीं चार ट्रेनें

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे के मैलानी से बांकेगंज रेलखंड पर गुरुवार की रात करीब 8:30 बजे पेड़ गिरने से ओएचई लाइन टूट गई, जिसकी वजह से इस रेलखंड पर चल रही रही चार ट्रेनें अलग-अलग जगहों पर बीच रास्ते खड़ी हो गई।

जानकारी के मुताबिक रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से ओएचई लाइन टूट गई थी। इस दौरान चार ट्रेनों को विभिन्न स्थानों पर रोकना पड़ा। इस वजह से ट्रेन नंबर 15010 मैलानी-गोरखपुर एक्सप्रेस, 15060 आनंद विहार लालकुआं एक्सप्रेस, 05493 शाहगढ़-डालीगंज एक्सप्रेस पांच-पांच घंटे लेट पहुंची। जबकि ट्रेन नंबर 05492 डालीगंज-शाहगढ़ पैसेंजर ढाई घंटे लेट रही।

# 7वां चरण: मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां पहुंचीं

## भीषण गर्मी और लू से मतदाताओं व मतदान कर्मियों को बचाने के लिए किए गए व्यापक इंतजाम

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ



अंतिम चरण के निर्वाचन की जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

**अमृत विचार:** प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को मतदान केंद्रों पर पहुंच गईं। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं व मतदान कर्मियों को भीषण गर्मी व लू से बचाव के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 13 लोकसभा सीटों व दुद्धी विधानसभा के लिए मतदान होना है। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है।

इस चरण में प्रदेश के महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व रॉबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा क्षेत्रों के साथ ही विधानसभा उपनिर्वाचन क्षेत्र दुद्धी में मतदान होगा। लोकसभा सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से लेकर शाम छह बजे तक चलेगा, जबकि दुद्धी विधानसभा सीट पर मतदान सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा।

राबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्रों में से तीन में मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक, जबकि दो विधानसभा राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र व दुद्धी निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। मतदेय स्थलों पर जो मतदाता मतदान अवधि के अंत में पोलिंग बूथ पर कतार में उपस्थित रहेंगे, वे सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

### दो करोड़ 50 लाख 56 हजार 877 मतदाता

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में लोकसभा सीटों पर कुल दो करोड़ 50 लाख 56 हजार 877 मतदाता हैं, जिसमें एक करोड़ 33 लाख 10 हजार 897 पुरुष व एक करोड़ 17 लाख 44 हजार 922 महिला और 1058 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक 20 लाख 97 हजार 202 मतदाता गोरखपुर व सबसे कम 17 लाख 76 हजार 982 मतदाता सलेमपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 144 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व सबसे कम सात प्रत्याशी देवरिया व वाराणसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।

### निगरानी के लिए प्रेक्षक तैनात

मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर तीन विशेष प्रेक्षक, 13 सामान्य प्रेक्षक, 8 पुलिस प्रेक्षक व 14 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 1861 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 243 जोनल मजिस्ट्रेट, 130 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 2550 माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं।

### उप निर्वाचन में 3.44 लाख से अधिक मतदाता

विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र दुद्धी में कुल 3 लाख 44 हजार 840 मतदाता हैं, जिसमें एक लाख 81 हजार 250 पुरुष, एक लाख 63 हजार 581 महिला व नौ थर्ड जेंडर मतदाता हैं। 361 मतदेय स्थल हैं, जिनमें 80 संवेदनशील हैं। कुल 216 मतदान केन्द्र हैं। कुल छह प्रत्याशी मैदान में हैं।

## मिश्रित आबादी में भेजी गई अतिरिक्त फोर्स

**अमृत विचार, लखनऊः** अंतिम यानी सातवें चरण के चुनाव में पुलिस चौकन्नी हो गई है। पुलिस मुख्यालय को आशंका है कि मिश्रित आबादी होने के कारण कहीं कोई अनहोनी न हो जाए। ऐसे में प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के अलावा चंदौली, गाजीपुर और मिर्जापुर में अतिरिक्त फोर्स भेजी गई है।

डीजीपी मुख्यालय स्तर से भी पुलिस अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी में मुस्तैद किया गया है। प्रचार थमते ही सोशल मीडिया की निगरानी भी बढ़ा दी गई है। भ्रामक व भड़काऊ संदेशों पर नजर रखी जा रही है। डीजीपी मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी जिलों में चल रही गतिविधियों व घटनाओं की जानकारी ली जा रही है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने छोटे विवाद को भी पूरी गंभीरता से लेकर आरोपियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

# ऊंचाहार व सिंगरौली में इकाइयां ठप, बिजली संकट गहराया

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ, रायबरेली

- उप्र समेत कई राज्यों की भी बिजली आपूर्ति प्रभावित

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी में बढ़ी हुई बिजली की मांग के बीच एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में पांच सौ मेगावाट की इकाई व सिंगरौली की पांच सौ मेगावाट की इकाई तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई है। इस कारण प्रदेश समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बिजली संकट गहरा गया है।

ऊंचाहार परियोजना में पांच सौ मेगावाट क्षमता वाली इकाई संख्या छह में शुक्रवार की सुबह खराबी आ गई। इकाई के ब्वायलर ट्यूब में गैस रिसाव हो रहा था। यह रिसाव गुरुवार से शुरू हुआ था, पर शुक्रवार की सुबह रिसाव इतना बढ़ गया कि इकाई को बंद करना पड़ा। इसके बंद होने से उन राज्यों में बिजली आपूर्ति पर असर पड़ा है, जिन राज्यों को ऊंचाहार परियोजना से बिजली आपूर्ति की जाती है। इकाई बंद होने के बाद ब्वायलर के तापमान को सामान्य किया जा रहा है ताकि इसके मरम्मत का काम हो सके।

ऊंचाहार परियोजना में कुल छह इकाइयां स्थापित है। इसमें पांच इकाइयों में प्रत्येक इकाई की उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट है, जबकि छठी यूनिट की उत्पादन क्षमता पांच मेगावाट है। ऊंचाहार परियोजना से देश के उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश समेत कुल नौ राज्यों को बिजली आपूर्ति की जाती है। बंद हुई दोनों इकाइयों के तीन जून तक चालू होने की संभावना जताई जा रही है।

# दो एसीएस, एक कमिश्नर और 25 सचिवालय सेवा के अधिकारी सेवानिवृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र। अमृत विचार

- विदाई समारोह में पहुंचे मुख्य सचिव, नई पारी की दी शुभकामनाएं

**अमृत विचारः** शुक्रवार को तीन आईएएस अधिकारी एवं सचिवालय सेवा के 25 कार्मिक सेवानिवृत्त हो गए। इस दौरान आयोजित विदाई समारोह में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता एवं अनीता सिंह सहित विशेष सचिव राकेश कुमार मिश्रा तथा सचिवालय सेवा के 25 कार्मिकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं देवीपाटन मंडल के कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्रा भी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए।

मुख्य सचिव ने कहा कि रिटायरमेंट का समय निश्चित है, लेकिन व्यक्ति रिटायर कभी नहीं होता है। हमारे शरीर का धर्म है कर्म, इसलिए कर्म जरूर करते रहें। अपने शरीर और मस्तिष्क को क्रियाशील रखें, ताकि चैतन्यता बनी रहे। अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता ने कहा कि लगभग 36 वर्ष 9 माह के सेवाकाल में अनुभव का पिटारा मिला है। समस्या में ही समाधान छिपा होता है। अपर मुख्य सचिव अनीता सिंह ने कहा कि यह हम सभी के लिए विशेष अवसर है। इस सेवा से बेहतर और कोई सेवा नहीं है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के रवीन्द्र नायक, प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### नरेंद्र को प्रमुख सचिव ऊर्जा का अतिरिक्त प्रभार

अपर मुख्य सचिव अनीता सिंह के रिटायर होने के पश्चात आईएएस पी गुरुप्रसाद को एफएसडीए का भी प्रभार दिया गया है जबकि आईएएस नरेंद्र भूषण को प्रमुख सचिव ऊर्जा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### तीन आईपीएस सेवानिवृत डीजीपी ने भेंट किया मोमेंटो

उधर तीन आईपीएस अधिकारी भी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में डीजीपी प्रशांत कुमार ने सेवानिवृत हो रहे अफसरों को मोमेंटो भेटकर उन्हें नई पारी की शुभकामनाएं दी। रिटायर होने वाले अफसरों में विनोद कुमार मिश्रा डीआईजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन, शफीक अहमद डीआईजी आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन एवं रामयज्ञ पुलिस अधीक्षक विशेष जांच शामिल हैं।

# अवैध निर्माण कर टीले वाली मस्जिद को विस्तार देने का आरोप

विधि संवाददाता, लखनऊ

- याचिका के लम्बित रहने से अवैध निर्माण हटाने के आदेश पर असर नहीं
- जनहित याचिका में अवैध निर्माण हटाने की गई है मांग

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक जनहित याचिका दाखिल कर आरोप लगाया गया है कि लक्ष्मण टीला स्थित टीले वाली मस्जिद के विकास के नाम पर अवैध निर्माण कर के मस्जिद को विस्तार दे दिया गया है। इस सम्बंध में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का आदेश प्रस्तुत कर, उक्त कथित अवैध निर्माण को हटाने की मांग की गई है। याचिका पर न्यायालय ने एएसआई व राज्य सरकार समेत जिलाधिकारी लखनऊ को जवाबी हलफ़नामा प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। साथ ही न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि वर्तमान याचिका के लम्बित होने से अवैध निर्माण हटाने सम्बंधी एएसआई के आदेश पर कोई असर नहीं होगा।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने रिषी कुमार त्रिवेदी व अन्य की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याचियों की ओर से पेश होते हुए, अधिवक्ता हरी शंकर जैन ने दलील दी कि 20 सितंबर 2016 को एएसआई ने उक्त अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण का आदेश पारित कर रखा था, जिसका अनुपालन नहीं किया गया, तत्पश्चात पुनः 6 दिसम्बर 2023 को एएसआई ने आदेश जारी किया, हालांकि इसका भी अनुपालन अब तक नहीं हो सका है। याचिका में एएसआई के आदेश का अनुपालन कराने की मांग की गई है। वहीं राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि एएसआई के आदेश के अनुपालन की जिम्मेदारी जिलाधिकारी, लखनऊ की है, हालांकि इस सम्बंध में कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। इस पर न्यायालय ने विपक्षी पक्षकारों को जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने का आदेश दिया और साथ ही एएसआई से मस्जिद के मौलाना फजलुल मन्नान राहमानी को नोटिस तामीला सम्बंधी साक्ष्य भी देने का आदेश दिया है।


## वर्ग पहेली-87

**बाएं से दाएं**

1. जिसकी आयु सबसे अधिक हो।
3. 1. अवतार ग्रहण करने वाला 2. अवतार या अवतार-ग्रहण से संबंधित 3. ईश्वर या किसी देवता के अवतार के रूप में जिसकी प्रसिद्धि हो 4. अवतार की तरह का चमत्कारी अथवा प्रभाव रखने वाला।
4. बलि देने की जगह, वह स्थल जहां पूजा या यज्ञ आदि में पशु की बलि दी जाती है।
6. रास्ते में पड़ने वाला उतार, ढाल।
7. आंख की पलक के ऊपर होने वाली फुंसी, बिलनी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. प्रकट, स्पष्ट 2. खुला हुआ।
3. जहां प्रकाश न किया गया हो, अंधेरा
4. वन या जंगल में उपजने वाले पेड़-पौधों के फूल।
5. देवताओं का राजा, इंद्र।
6. 1. हिमालय की पुत्री, पार्वती, गौरी, शिव की पत्नी 2. कांति, शोभा।



### वर्ग पहेली-86 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 अ | नि | य | मि | 2 त |
| 3 आ | जा | नु | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | बो | ■ | 4 ता | ■ | फ़ |
| 5 सं | बं | ध | यो | ज | क | ■ |
| व | ■ | क | ■ | दा | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | 6 र | 7 का | बी |
| न | ■ | 8 छाँ | द | ■ | ठा | ■ |

## सुडोकू-166

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| | | | | 3 | | | | |
| 7 | | | | | | | | |
| | | 2 | | 8 | | | | |
| | | | | | | 4 | | |
| | | 9 | | | | | | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 5 | | | | | | | |

### सुडोकू-165 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 |
| 2 | 7 | 8 | 9 | 3 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 7 | 8 | 2 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 9 | 3 | 1 | 2 | 5 |
| 5 | 9 | 3 | 6 | 2 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 4 | 2 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 3 |
| 9 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 7 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 07.24 तक तत्पश्चात दशमी 2 जून 05.04 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष:** आज आप अपने इष्ट मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। धन के विषय में सोच-विचारकर ही निर्णय लें। पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपके मन में स्वयं के द्वारा की गयी गलतियों के प्रति आत्मग्लानि का भाव उत्पन्न हो सकता है।

**वृष:** आज व्यवसाय में आपके प्रयास सफल रहेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर दिन शुभ रहेगा। जॉब को लेकर परेशानी दूर होगी। विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होगा। दिन की शुरुआत काफी सुखद रहेगी। अच्छे लोगों से मिलना हो सकता है।

**मिथुन:** आज विदेश यात्रा से आपको काफी अच्छा लाभ होगा। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें। राजनीतिक लोगों का सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। दैनिक कार्यों में काफी व्यस्त रहने वाले है। अधिकारी वर्ग के लोग आपसे काफी संतुष्ट रहेंगे।

**कर्क:** आज ऐसे कार्यों से दूरी बनाकर रखें जो अवैधानिक हों। सरकारी नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन करें। दिन आपके लिए काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। शोधकार्यों से जुड़े लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह:** आज अनावश्यक चर्चाओं में समय बर्बाद होगा। लोगों की बातों में आकर तात्कालिक निर्णय न लें। आपका मन अशांत रहेगा। जीवनसाथी से नोंक-झोंक संभव है। नशे की सामग्रियों का सेवन न करें।

**कन्या:** आज दूसरों के ऊपर आप काफी ज्यादा निर्भर रहेंगे। वित्तीय लेन-देन में कुछ सावधानी रखने की आवश्यकता है। अपनी जीवनशैली में काफी धन खर्च कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का आनंद उठाएंगे। कई सारी परेशानियों का समाधान आपको मिलेगा।

**तुला:** आज आपको मित्रों का उत्तम सहयोग मिलेगा। शत्रुओं के कमजोर पड़ने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नया व्यवसाय शुरू करने की योजना पर काम करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। जो आप चाह रहे थे, वह आपको प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। संतान के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। व्यवसाय में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। इसके कारण आप अपने कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की भी अनदेखी कर सकते हैं।


**धनु:** आज आपकी तुलना गलत लोगों के साथ की जा सकती है, लेकिन इस पर आपको धैर्य रखना चाहिए। मन में ज्यादा विचार लाने से बचें। संपत्ति के मामलों में जोरदार विवाद हो सकता है। कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें।

**मकर:** आज नया वाहन खरीद सकते हैं। रुका हुआ धन वापस मिलने के योग बन रहे हैं। आईटी क्षेत्र से जुड़े लोग जॉब बदलने की तैयारी कर सकते हैं। विवाह से जुड़े मामलों को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न होगा।

**कुंभ:** आज व्यवसाय में सहयोगियों के प्रति मन में अविश्वास की भावना उत्पन्न हो सकती है। अभद्र भाषा का प्रयोग आपकी प्रतिष्ठा के लिए खतरा हो सकता है। आप धन को लेकर कुछ चिंता में हो सकते हैं। आपको लोगों पर ज्यादा विश्वास नहीं होगा।

**मीन:** आज बुद्धिमान मित्रों की संगत प्राप्त होगी। फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों को अचानक कोई बड़ा काम मिल सकता है। दूसरों की ज्यादा परवाह न करें। स्वयं में प्रसन्न रहने का प्रयास करें। आप नए उद्यम या कार्यों को लेकर उत्साहित रहेंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 2 जून 03.16 तक तत्पश्चात रेवती।

## आज की फिल्में

B4U Movies: तकदीर का तमाशा सुबह : 10.00; खेल शाम : 05.40

Sony Max: सैटेलाइट शंकर सुबह : 10.10; भूल भूलैया 2 शाम : 06.15

Sony Pix: द रैड 2 सुबह : 12.34; 65 रात : 09.00

Zee Cinema: थैंक गॉड सुबह : 10.44; सूर्यवंशी रात : 08.00

Colors Cineplex: कल हो न हो दोपहर : 02.02; चैन्नई एक्सप्रेस रात : 09.21

### आज की सुपरहिट फिल्म


जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ऑफिस में लेट पहुंचा
बॉस- कहां थे अब तक?
गप्पू- जी वो गर्लफ्रेंड को कॉलेज छोड़ने गया था।
बॉस- शटअप, कल से ऑफिस टाइम से आना, नहीं तो खैर नहीं...
गप्पू-ठीक है तो फिर अपनी बेटी को खुद ही कॉलेज छोड़ देना।

पिता - पेपर कैसा गया?
बेटा - पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था, चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया।
पिता- और सवाल दो?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया।
बेटे की बात सुनकर पिता ने अपना सिर पीट लिया।

## एक नजर

### गोवंशों को हीट वेव से बचाने के लिए करें निगरानी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोवंशों को हीट वेव से बचाने के लिए गोशालाओं की दिन-रात निगरानी करें। आग की घटना रोकने के इंतजाम करने के साथ फायर स्टेशन के नंबर दर्ज कराएं। गोवंशों को छायादार जगह पर रखें। यह निर्देश शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन से सभी खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी को दिए हैं। कहा कि गोवंशों को गर्मी व लू से बचाएं। टीनशेड, तिरपाल, टाटपट्टी, बोरे आदि परिसर में लगाएं और बराबर पानी का छिड़काव करें। ताजा पानी ही पिलाएं। बीमार गोवंश को अलग छायादार जगह पर रखें। रात में चौकीदार लगाकर निगरानी कराएं। आगजनी की घटना को रोकने के इंतजाम करें और गोशालाओं पर फायर स्टेशन के नंबर लिखाएं। बिजली व पानी की आपूर्ति बराबर रहे। फोटो समेत गोशालाओं की तीन दिन में रिपोर्ट दें।

# राजस्व ग्रामों को मॉडल बनाने का सीखा तरीका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीपीआरओ ने 16 गांवों का किया प्रस्तुतिकरण
- जिले के 322 राजस्व ग्रामों को बनाना है मॉडल

**अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत राजस्व ग्राम को मॉडल बनाने का प्रस्तुतिकरण किया गया। वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक व सफाई कर्मियों ने अभियान को जाना और गांवों में कार्य कराने के तौर-तरीके सीखे।

जिले में इस वर्ष 322 राजस्व ग्राम मॉडल बनाए जाने हैं। इनमें शुक्रवार को विकास भवन स्थित कार्यालय से जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से 16 राजस्व ग्राम को मॉडल बनाने का प्रस्तुतिकरण किया। निदेशालय के अधिकारी भी जुड़े। संबंधित गांवों के प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक व सफाई कर्मियों को प्रदेश में मॉडल बने राजस्व ग्रामों की तस्वीर और कार्यों को दर्शाकर जानकारी दी गई। गांव में मनरेगा के तहत अधिक से अधिक जल संरक्षण को लेकर सोखपिट, नाडेफ व वर्मी कंपोस्ट बनाने पर जोर दिया। इससे गांव की आय बढ़ना बताया। जिला समन्वयक अभिनव त्रिपाठी व अभिषेक गुप्ता ने बताया कि तालाब में जो नाली के सहारे गंदा पानी जाता है वहां फिल्टर चैंबर लगाएं।

# जुर्म की कमाई से संपत्ति नहीं बना पाए पांच हजार गैंगस्टर

## पुलिस की छानबीन में सामने आई सच्चाई, अपराधियों पर लगातार हो रही कार्रवाई

विनय सिंह, लखनऊ

- सवा दो वर्षों में 1,555 गैंगस्टर के मामले दर्ज किए गए
- दर्ज मामलों में अपराधियों की कुल संख्या 5,819 है

**658** गैंगस्टर पर लखनऊ जोन की पुलिस ने की कार्रवाई

**911** करोड़ की अवैध संपत्ति की जा चुकी है जब्त

**अमृत विचारः** लखनऊ जोन में पाच हजार ऐसे गिरोहबंद अपराधी हैं जो अपराध के दम पर संपत्ति नही अर्जित कर पाए। गैंगस्टर की सूची में शामिल इन अपराधियों की संपत्ति जब्त करने के लिए पुलिस ने छानबीन की तो यह सच सामने आया। पुलिस अब पता लगा रही कि इन अपराधियों ने जुर्म की कमाई को रिश्तेदारों या करीबियों के जरिए तो नहीं निवेश किया है।

पुलिस की जांच में अब तक सामने आया कि इन अपराधियों ने अलग-अलग गिरोह में शामिल होकर घटनाओं को तो अंजाम दिया, लेकिन किसी तरह की संपत्ति नहीं बना पाए। हालांकि पुलिस ऐसे अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए 911 करोड़ की संपत्तियों को जब्त भी किया है।

लखनऊ जोन के अयोध्या एवं लखनऊ परिक्षेत्र में विगत सवा दो वर्षों में 1,555 गैंगस्टर के मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में अपराधियों की कुल संख्या 5,819 है। दोनों परिक्षेत्रों की पुलिस गैंगस्टर पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई में अब तक गैंगस्टर एक्ट के तहत 658 बदमाशों की संपत्तियों को जब्त किया गया। कार्रवाई में अब तक 911.29 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई। 5,134 अपराधी ऐसे हैं, जिनकी संपत्तियों का पता नहीं चल सका है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इन अपराधियों के पास कोई संपत्ति नहीं पाई गई है। यह सभी गिरोह से जुड़कर घटनाओं को अंजाम तो दे रहे थे, लेकिन संपत्ति नहीं बना सके। इनमें किसी अभियुक्त के खिलाफ चार मुकदमें दर्ज हैं तो किसी के खिलाफ पांच से छह मुकदमें।

### सर्वाधिक गैंगस्टर बाराबंकी में

गैंगस्टर की संख्या पर गौर किया जाए तो सर्वाधिक 1,203 गैंगस्टर बाराबंकी में हैं। यहां की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 308 करोड़ की संपत्तियां जब्त की। अमेठी में गैंगस्टर की संख्या सबसे कम 230 हैं। यहां की पुलिस ने 11.23 करोड़ की संपत्ति जब्त की। इसी तरह हरदोई में 450, खीरी में 823, रायबरेली में 448, सीतापुर में 858, उन्नाव में 530, अयोध्या में 452, सुल्तानपुर में 424 और अंबेडकरनगर में 401 गैंगस्टर एक्ट के अपराधी है। इनमें से अधिकतर अभियुक्त जेलों में बंद हैं।

## ओएचई लाइन टूटी, पांच घंटे तक खड़ी रहीं चार ट्रेनें

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे के मैलानी से बांकेगंज रेलखंड पर गुरुवार की रात करीब 8:30 बजे पेड़ गिरने से ओएचई लाइन टूट गई, जिसकी वजह से इस रेलखंड पर चल रही रही चार ट्रेनें अलग-अलग जगहों पर बीच रास्ते खड़ी हो गई।

जानकारी के मुताबिक रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से ओएचई लाइन टूट गई थी। इस दौरान चार ट्रेनों को विभिन्न स्थानों पर रोकना पड़ा। इस वजह से ट्रेन नंबर 15010 मैलानी-गोरखपुर एक्सप्रेस, 15060 आनंद विहार लालकुआं एक्सप्रेस, 05493 शाहगढ़-डालीगंज एक्सप्रेस पांच-पांच घंटे लेट पहुंची। जबकि ट्रेन नंबर 05492 डालीगंज-शाहगढ़ पैसेंजर ढाई घंटे लेट रही।

# 7वां चरणः मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां पहुंचीं

## भीषण गर्मी और लू से मतदाताओं व मतदान कर्मियों को बचाने के लिए किए गए व्यापक इंतजाम

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ



अंतिम चरण के निर्वाचन की जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

**अमृत विचारः** प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को मतदान केंद्रों पर पहुंच गईं। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं व मतदान कर्मियों को भीषण गर्मी व लू से बचाव के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 13 लोकसभा सीटों व दुद्धी विधानसभा के लिए मतदान होना है। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है।

इस चरण में प्रदेश के महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व रॉबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा क्षेत्रों के साथ ही विधानसभा उपनिर्वाचन क्षेत्र दुद्धी में मतदान होगा। लोकसभा सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से लेकर शाम छह बजे तक चलेगा, जबकि दुद्धी विधानसभा सीट पर मतदान सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा।

राबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्रों में से तीन में मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक, जबकि दो विधानसभा राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र व दुद्धी निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। मतदेय स्थलों पर जो मतदाता मतदान अवधि के अंत में पोलिंग बूथ पर कतार में उपस्थित रहेंगे, वे सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

### दो करोड़ 50 लाख 56 हजार 877 मतदाता

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में लोकसभा सीटों पर कुल दो करोड़ 50 लाख 56 हजार 877 मतदाता हैं, जिसमें एक करोड़ 33 लाख 10 हजार 897 पुरुष व एक करोड़ 17 लाख 44 हजार 922 महिला और 1058 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक 20 लाख 97 हजार 202 मतदाता गोरखपुर व सबसे कम 17 लाख 76 हजार 982 मतदाता सलेमपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 144 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व सबसे कम सात प्रत्याशी देवरिया व वाराणसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।

### निगरानी के लिए प्रेक्षक तैनात

मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर तीन विशेष प्रेक्षक, 13 सामान्य प्रेक्षक, 8 पुलिस प्रेक्षक व 14 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 1861 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 243 जोनल मजिस्ट्रेट, 130 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 2550 माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं।

### उप निर्वाचन में 3.44 लाख से अधिक मतदाता

विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र दुद्धी में कुल 3 लाख 44 हजार 840 मतदाता हैं, जिसमें एक लाख 81 हजार 250 पुरुष, एक लाख 63 हजार 581 महिला व नौ थर्ड जेंडर मतदाता हैं। 361 मतदेय स्थल हैं, जिनमें 80 संवेदनशील हैं। कुल 216 मतदान केन्द्र हैं। कुल छह प्रत्याशी मैदान में हैं।

## मिश्रित आबादी में भेजी गई अतिरिक्त फोर्स

**अमृत विचार, लखनऊः** अंतिम यानी सातवें चरण के चुनाव में पुलिस चौकन्नी हो गई है। पुलिस मुख्यालय को आशंका है कि मिश्रित आबादी होने के कारण कहीं कोई अनहोनी न हो जाए। ऐसे में प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के अलावा चंदौली, गाजीपुर और मिर्जापुर में अतिरिक्त फोर्स भेजी गई है।

डीजीपी मुख्यालय स्तर से भी पुलिस अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी में मुस्तैद किया गया है। प्रचार थमते ही सोशल मीडिया की निगरानी भी बढ़ा दी गई है। भ्रामक व भड़काऊ संदेशों पर नजर रखी जा रही है। डीजीपी मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी जिलों में चल रही गतिविधियों व घटनाओं की जानकारी ली जा रही है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने छोटे विवाद को भी पूरी गंभीरता से लेकर आरोपियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

# ऊंचाहार व सिंगरौली में इकाइयां ठप, बिजली संकट गहराया

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ, रायबरेली

- उप्र समेत कई राज्यों की भी बिजली आपूर्ति प्रभावित

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी में बढ़ी हुई बिजली की मांग के बीच एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में पांच सौ मेगावाट की इकाई व सिंगरौली की पांच सौ मेगावाट की इकाई तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई है। इस कारण प्रदेश समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बिजली संकट गहरा गया है।

ऊंचाहार परियोजना में पांच सौ मेगावाट क्षमता वाली इकाई संख्या छह में शुक्रवार की सुबह खराबी आ गई। इकाई के ब्वायलर ट्यूब में गैस रिसाव हो रहा था। यह रिसाव गुरुवार से शुरू हुआ था, पर शुक्रवार की सुबह रिसाव इतना बढ़ गया कि इकाई को बंद करना पड़ा। इसके बंद होने से उन राज्यों में बिजली आपूर्ति पर असर पड़ा है, जिन राज्यों को ऊंचाहार परियोजना से बिजली आपूर्ति की जाती है। इकाई बंद होने के बाद ब्वायलर के तापमान को सामान्य किया जा रहा है ताकि इसके मरम्मत का काम हो सके।

ऊंचाहार परियोजना में कुल छह इकाइयां स्थापित है। इसमें पांच इकाइयों में प्रत्येक इकाई की उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट है, जबकि छठी यूनिट की उत्पादन क्षमता पांच मेगावाट है। ऊंचाहार परियोजना से देश के उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश समेत कुल नौ राज्यों को बिजली आपूर्ति की जाती है। बंद हुई दोनों इकाइयों के तीन जून तक चालू होने की संभावना जताई जा रही है।

# दो एसीएस, एक कमिश्नर और 25 सचिवालय सेवा के अधिकारी सेवानिवृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र। अमृत विचार

- विदाई समारोह में पहुंचे मुख्य सचिव, नई पारी की दी शुभकामनाएं

**अमृत विचारः** शुक्रवार को तीन आईएएस अधिकारी एवं सचिवालय सेवा के 25 कार्मिक सेवानिवृत्त हो गए। इस दौरान आयोजित विदाई समारोह में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता एवं अनीता सिंह सहित विशेष सचिव राकेश कुमार मिश्रा तथा सचिवालय सेवा के 25 कार्मिकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं देवीपाटन मंडल के कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्रा भी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए।

मुख्य सचिव ने कहा कि रिटायरमेंट का समय निश्चित है, लेकिन व्यक्ति रिटायर कभी नहीं होता है। हमारे शरीर का धर्म है कर्म, इसलिए कर्म जरूर करते रहें। अपने शरीर और मस्तिष्क को क्रियाशील रखें, ताकि चैतन्यता बनी रहे। अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता ने कहा कि लगभग 36 वर्ष 9 माह के सेवाकाल में अनुभव का पिटारा मिला है। समस्या में ही समाधान छिपा होता है। अपर मुख्य सचिव अनीता सिंह ने कहा कि यह हम सभी के लिए विशेष अवसर है। इस सेवा से बेहतर और कोई सेवा नहीं है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के रवीन्द्र नायक, प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### नरेंद्र को प्रमुख सचिव ऊर्जा का अतिरिक्त प्रभार

अपर मुख्य सचिव अनीता सिंह के रिटायर होने के पश्चात आईएएस पी गुरुप्रसाद को एफएसडीए का भी प्रभार दिया गया है जबकि आईएएस नरेंद्र भूषण को प्रमुख सचिव ऊर्जा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### तीन आईपीएस सेवानिवृत डीजीपी ने भेंट किया मोमेंटो

उधर तीन आईपीएस अधिकारी भी शुक्रवार को सेवानिवृत हो गए। पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में डीजीपी प्रशांत कुमार ने सेवानिवृत हो रहे अफसरों को मोमेंटो भेटकर उन्हें नई पारी की शुभकामनाएं दी। रिटायर होने वाले अफसरों में विनोद कुमार मिश्रा डीआईजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन, शफीक अहमद डीआईजी आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन एवं रामयज्ञ पुलिस अधीक्षक विशेष जांच शामिल हैं।

# अवैध निर्माण कर टीले वाली मस्जिद को विस्तार देने का आरोप

विधि संवाददाता, लखनऊ

- याचिका के लम्बित रहने से अवैध निर्माण हटाने के आदेश पर असर नहीं
- जनहित याचिका में अवैध निर्माण हटाने की गई है मांग

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक जनहित याचिका दाखिल कर आरोप लगाया गया है कि लक्ष्मण टीला स्थित टीले वाली मस्जिद के विकास के नाम पर अवैध निर्माण कर के मस्जिद को विस्तार दे दिया गया है। इस सम्बंध में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का आदेश प्रस्तुत कर, उक्त कथित अवैध निर्माण को हटाने की मांग की गई है। याचिका पर न्यायालय ने एएसआई व राज्य सरकार समेत जिलाधिकारी लखनऊ को जवाबी हलफ़नामा प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। साथ ही न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि वर्तमान याचिका के लम्बित होने से अवैध निर्माण हटाने सम्बंधी एएसआई के आदेश पर कोई असर नहीं होगा।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने रिषी कुमार त्रिवेदी व अन्य की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याचियों की ओर से पेश होते हुए, अधिवक्ता हरी शंकर जैन ने दलील दी कि 20 सितंबर 2016 को एएसआई ने उक्त अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण का आदेश पारित कर रखा था, जिसका अनुपालन नहीं किया गया, तत्पश्चात पुनः 6 दिसम्बर 2023 को एएसआई ने आदेश जारी किया, हालांकि इसका भी अनुपालन अब तक नहीं हो सका है। याचिका में एएसआई के आदेश का अनुपालन कराने की मांग की गई है। वहीं राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि एएसआई के आदेश के अनुपालन की जिम्मेदारी जिलाधिकारी, लखनऊ की है, हालांकि इस सम्बंध में कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। इस पर न्यायालय ने विपक्षी पक्षकारों को जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने का आदेश दिया और साथ ही एएसआई से मस्जिद के मौलाना फजलुल मन्नान राहमानी को नोटिस तामीला सम्बंधी साक्ष्य भी देने का आदेश दिया है।


## वर्ग पहेली-87

**बाएं से दाएं**

1. जिसकी आयु सबसे अधिक हो।
3. 1. अवतार ग्रहण करने वाला 2. अवतार या अवतार-ग्रहण से संबंधित 3. ईश्वर या किसी देवता के अवतार के रूप में जिसकी प्रसिद्धि हो 4. अवतार की तरह का चमत्कारी अथवा प्रभाव रखने वाला।
4. बलि देने की जगह, वह स्थल जहां पूजा या यज्ञ आदि में पशु की बलि दी जाती है।
6. रास्ते में पड़ने वाला उतार, ढाल।
7. आंख की पलक के ऊपर होने वाली फुंसी, बिलनी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. प्रकट, स्पष्ट 2. खुला हुआ।
3. जहां प्रकाश न किया गया हो, अंधेरा
4. वन या जंगल में उपजने वाले पेड़-पौधों के फूल।
5. देवताओं का राजा, इंद्र।
6. 1. हिमालय की पुत्री, पार्वती, गौरी, शिव की पत्नी 2. कांति, शोभा।



### वर्ग पहेली -86 का हल




## सुडोकू-166

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| | | | | 3 | | | | |
| 7 | | | | | | | | |
| | | 2 | | 8 | | | | |
| | | | | | | 4 | | |
| | | 9 | | | | | | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 5 | | | | | | | |

### सुडोकू -165 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 |
| 2 | 7 | 8 | 9 | 3 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 7 | 8 | 2 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 9 | 3 | 1 | 2 | 5 |
| 5 | 9 | 3 | 6 | 2 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 4 | 2 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 3 |
| 9 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 7 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 07.24 तक तत्पश्चात दशमी 2 जून 05.04 तक तत्पश्चात एकादशी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 2 जून 03.16 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष:** आज आप अपने इष्ट मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। धन के विषय में सोच-विचारकर ही निर्णय लें। पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपके मन में स्वयं के द्वारा की गयी गलतियों के प्रति आत्मग्लानि का भाव उत्पन्न हो सकता है।

**वृष:** आज व्यवसाय में आपके प्रयास सफल रहेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर दिन शुभ रहेगा। जॉब को लेकर परेशानी दूर होगी। विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होगा। दिन की शुरुआत काफी सुखद रहेगी। अच्छे लोगों से मिलना हो सकता है।

**मिथुन:** आज विदेश यात्रा से आपको काफी अच्छा लाभ होगा। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें। राजनीतिक लोगों का सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। दैनिक कार्यों में काफी व्यस्त रहने वाले है। अधिकारी वर्ग के लोग आपसे काफी संतुष्ट रहेंगे।

**कर्क:** आज ऐसे कार्यों से दूरी बनाकर रखें जो अवैधानिक हों। सरकारी नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन करें। दिन आपके लिए काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। शोधकार्यों से जुड़े लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह:** आज अनावश्यक चर्चाओं में समय बर्बाद होगा। लोगों की बातों में आकर तात्कालिक निर्णय न लें। आपका मन अशांत रहेगा। जीवनसाथी से नोंक-झोंक संभव है। नशे की सामग्रियों का सेवन न करें।

**कन्या:** आज दूसरों के ऊपर आप काफी ज्यादा निर्भर रहेंगे। वित्तीय लेन-देन में कुछ सावधानी रखने की आवश्यकता है। अपनी जीवनशैली में काफी धन खर्च कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का आनंद उठाएंगे। कई सारी परेशानियों का समाधान आपको मिलेगा।

**तुला:** आज आपको मित्रों का उत्तम सहयोग मिलेगा। शत्रुओं के कमजोर पड़ने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नया व्यवसाय शुरू करने की योजना पर काम करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। जो आप चाह रहे थे, वह आपको प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। संतान के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। व्यवसाय में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। इसके कारण आप अपने कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की भी अनदेखी कर सकते हैं।

**धनु:** आज आपकी तुलना गलत लोगों के साथ की जा सकती है, लेकिन इस पर आपको धैर्य रखना चाहिए। मन में ज्यादा विचार लाने से बचें। संपत्ति के मामलों में जोरदार विवाद हो सकता है। कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें।

**मकर:** आज नया वाहन खरीद सकते हैं। रुका हुआ धन वापस मिलने के योग बन रहे हैं। आईटी क्षेत्र से जुड़े लोग जॉब बदलने की तैयारी कर सकते हैं। विवाह से जुड़े मामलों को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न होगा।

**कुंभ:** आज व्यवसाय में सहयोगियों के प्रति मन में अविश्वास की भावना उत्पन्न हो सकती है। अभद्र भाषा का प्रयोग आपकी प्रतिष्ठा के लिए खतरा हो सकता है। आप धन को लेकर कुछ चिंता में हो सकते हैं। आपको लोगों पर ज्यादा विश्वास नहीं होगा।

**मीन:** आज बुद्धिमान मित्रों की संगत प्राप्त होगी। फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों को अचानक कोई बड़ा काम मिल सकता है। दूसरों की ज्यादा परवाह न करें। स्वयं में प्रसन्न रहने का प्रयास करें। आप नए उद्यम या कार्यों को लेकर उत्साहित रहेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- तकदीर का तमाशा — सुबह : 10.00
- खेल — शाम : 05.40

SONY MAX
- सैटेलाइट शंकर — सुबह : 10.10
- भूल भूलैया 2 — शाम : 06.15

SONY PIX
- द रैड 2 — सुबह : 12.34
- 65 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- थैंक गॉड — सुबह : 10.44
- सूर्यवंशी — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- कल हो न हो — दोपहर : 02.02
- चैन्नई एक्सप्रेस — रात : 09.21

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ऑफिस में लेट पहुंचा
बॉस- कहां थे अब तक?
गप्पू- जी वो गर्लफ्रेंड को कॉलेज छोड़ने गया था।
बॉस- शटअप, कल से ऑफिस टाइम से आना, नहीं तो खैर नहीं...
गप्पू-ठीक है तो फिर अपनी बेटी को खुद ही कॉलेज छोड़ देना।

पिता - पेपर कैसा गया?
बेटा - पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था, चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया।
पिता- और सवाल दो?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया।
बेटे की बात सुनकर पिता ने अपना सिर पीट लिया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1080 डीएमओ 850 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 975 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 855।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2450 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफार्म | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6200-6400 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 7900-8000 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 17500-17600 |
| अरहरस्पेशल1 | 14800-14900 |
| चनादाल | 8000-8100 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7300-7350 |
| मसूरदाल | 7500-7550 |
| उड़ददाल | 9000-13000 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूँगदाल | 8600-9500 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# 6.2% रही बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर

## अप्रैल में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से हुई बढ़ोत्तरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल महीने में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अच्छी रही है।

मार्च में इन आठ उद्योगों की वृद्धि दर छह प्रतिशत थी जबकि एक साल पहले अप्रैल, 2023 में यह 4.6 प्रतिशत रही थी। कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली को बुनियादी उद्योगों में गिना जाता है। इनकी देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में सम्मिलित रूप से 40.27 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आंकड़ों से पता चलता है कि उर्वरक क्षेत्र का उत्पादन अप्रैल में गिर गया जबकि कोयला, इस्पात और सीमेंट क्षेत्रों की वृद्धि दर में सुस्ती दर्ज की गई। कोयला उद्योग की वृद्धि दर नरम पड़कर 7.5 प्रतिशत रह गई जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 9.1 प्रतिशत थी। इस्पात उद्योग की वृद्धि दर 16.6 प्रतिशत से घटकर 7.1 प्रतिशत पर आ गई जबकि सीमेंट उद्योग साल भर पहले के 12.4 प्रतिशत से घटकर 0.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा है।

### राजकोषीय घाटा बीते वर्ष 2023-24 में सुधरकर जीडीपी के 5.63 प्रतिशत पर पहुंचा

सरकार का राजकोषीय घाटा बीते वित्त वर्ष में जीडीपी का 5.63 प्रतिशत रहा। यह केंद्रीय बजट में जताए गए 5.8 प्रतिशत के अनुमान से कुछ कम है। वास्तविक रूप से राजकोषीय घाटा यानी व्यय और राजस्व के बीच अंतर 16.53 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार ने एक फरवरी को पेश अंतरिम बजट में 2023-24 के संशोधित अनुमान में राजकोषीय घाटा 17.34 लाख करोड़ रुपये यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। महालेखा नियंत्रक के आंकड़ों के अनुसार, सरकार राजस्व संग्रह के लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब रही है। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 2023-24 में 23.36 लाख करोड़ रुपये जबकि व्यय 44.42 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार द्वारा करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 11,29,494 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1,81,088 करोड़ रुपये अधिक है। सरकार द्वारा किया गया कुल व्यय 44,42,542 करोड़ रुपये रहा है जिसमें से 34,94,036 करोड़ राजस्व खाते से और 9,48,506 करोड़ रुपये पूंजी खाते से व्यय किया गया है। कुल राजस्व व्यय में से 10,63,871 करोड़ ब्याज भुगतान में और 4,13,542 करोड़ प्रमुख सब्सिडी के तौर पर हुआ है।

## टीआईएल और पूर्व अधिकारियों पर लगा 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने टीआईएल लि. और तीन पूर्व अधिकारियों पर बिक्री और राजस्व को बढ़ा-चढ़ाकर बताने के लिए 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। मामला 2019-20 और 2020-21 में कथित फर्जी खरीद-बिक्री से बिक्री और राजस्व को बढ़ा-चढ़ाकर बताने से जुड़ा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि जुर्माना 45 दिन के भीतर चुकाया जाना चाहिए। नियामक ने व्यक्तिगत रूप से टीआईएल और सुमित मजूमदार पर एक-एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। सुमित मजूमदार उल्लंघन के समय कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक थे। इसके अलावा, तत्कालीन मुख्य कार्यपालक अधिकारी रमेश अग्रवाल और पूर्व मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) शिबादित्य घोष पर 25-25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# 2024 में 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- मूडीज रेटिंग्स एजेंसी ने जताई है संभावना




मूडीज रेटिंग्स ने मजबूत आर्थिक वृद्धि और चुनाव के बाद नीतिगत निरंतरता रहने की उम्मीद पर भारत की वृद्धि दर 2024 में 6.8 प्रतिशत और 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वर्ष 2023 में 7.7 प्रतिशत बढ़ी थी, जबकि 2022 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर थी। सरकार के सशक्त पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों के दम पर यह संभव हो पाया।

मूडीज ने वैश्विक व्यापक-आर्थिक परिदृश्य 2024-25 में कहा-हमारा मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को आ सानी से छह-सात प्रतिशत की दर से बढ़ना चाहिए। हम इस साल करीब 6.8 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद नीति निरंतरता होने के साथ मजबूत, व्यापक-आधारित वृद्धि को बनाए रखा जा सकेगा। मूडीज ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में 11.1 लाख करोड़ रुपये यानी जीडीपी का 3.4 प्रतिशत पूंजीगत व्यय आवंटन का लक्ष्य रखा गया है, जो 2023-24 के अनुमान से 16.9 प्रतिशत अधिक है। कहा-हम आम चुनाव के बाद बुनियादी ढांचे के वृद्धि पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद करते हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 94,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,300-55,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,900 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,100 |
| चांदी आभूषण | 91,000। |

## विदेशी मुद्रा भंडार दो अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर

**मुंबई, एजेंसी**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 मई को समाप्त सप्ताह में 2.03 अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशीमुद्रा भंडार 4.55 अरब डॉलर की तेजी के साथ 648.7 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 24 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.51 अरब डॉलर घटकर 567.49 अरब डॉलर रह गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 48.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.71 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.13 अरब डॉलर रहा।

## भारत ने ब्रिटेन से 100 टन सोना घरेलू तिजोरियों में पहुंचाया

**मुंबई।** भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में ब्रिटेन में रखे अपने 100 टन सोने को घरेलू तिजोरियों में पहुंचाया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह 1991 के बाद सोने का सबसे बड़ा स्थानांतरण है। वर्ष 1991 में विदेशी मुद्रा संकट से निपटने के लिए सोने के बड़े हिस्से को गिरवी रखने के लिए तिजोरियों से बाहर निकाला गया था।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में देश के कुल स्वर्ण भंडार में 27.46 टन की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 822 टन हो गया। सूत्रों ने कहा कि सोने का एक बड़ा हिस्सा विदेश में जमा है।

# मोदी सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट कर 10 लाख करोड़ से अधिक डूबा कर्ज वसूला : सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वित्त मंत्री ने बताया-ईडी ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने विभिन्न सुधारों और बेहतर प्रशासन के जरिए बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट किया है। इसके दम पर बैंकों ने 2014 से 2023 के बीच 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबे कर्ज की वसूली की है।

उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की है, जिसके परिणामस्वरूप 64,920 करोड़ रुपये की अपराध आय जब्त की गई है। दिसंबर 2023 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को 15,183 करोड़ रुपये की संपत्ति वापस कर दी गई है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा-हाल ही में, भारत के बैंकिंग क्षेत्र ने तीन लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार करते हुए अपना अब तक का सबसे अधिक शुद्ध लाभ दर्ज करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व के दम पर बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट हुआ। हमारी सरकार ने व्यापक तथा दीर्घकालिक सुधारों के जरिए बैंकिंग क्षेत्र में संप्रग के पापों का प्रायश्चित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने डूब कर्ज (खासकर बड़े डिफॉल्टर से) की वसूली में कोई ढील नहीं बरती और यह प्रक्रिया जारी है।



# देश में जलाशयों का जल स्तर गिरकर 23% रह गया

## केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण में लगातार गिरावट जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में भीषण गर्मी के बीच 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण स्तर में लगातार गिरावट जारी है और यह कुल भंडारण क्षमता का 23 प्रतिशत रह गया है। पिछले वर्ष समान अवधि के दौरान के जल स्तर के मुकाबले मौजूदा जल स्तर में 77 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। सीडब्ल्यूसी के आंकड़ों के मुताबिक जलाशयों का मौजूदा जलस्तर पिछले वर्ष के स्तर का मात्र 77 प्रतिशत तथा सामान्य जलस्तर का 94 प्रतिशत है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने शुक्रवार को देश भर के 150 प्रमुख जलाशयों के ताजा भंडारण स्तर की स्थिति पर अपना साप्ताहिक बुलेटिन जारी करते हुए एक बयान में कहा- इन जलाशयों में कुल उपलब्ध भंडारण 41.705 अरब घन मीटर (बीसीएम) है, जो इन जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता का 23 प्रतिशत है। आयोग ने कहा-यह पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान दर्ज किए गए 53.832 बीसीएम तथा सामान्य भंडारण क्षमता 44.511 बीसीएम से काफी कम है। परिणामस्वरूप, मौजूदा भंडारण पिछले वर्ष के स्तर का केवल 77 प्रतिशत तथा सामान्य भंडारण का 94 प्रतिशत है। सीडब्ल्यूसी द्वारा निगरानी किये जाने वाले 150 मुख्य जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता 178.784 बीसीएम है, जो देश में निर्मित कुल भंडारण क्षमता का लगभग 69.35 प्रतिशत है। देश के 150 जलाशयों में से दस उत्तरी क्षेत्र - हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान - में स्थित हैं और इनकी भंडारण क्षमता 19.663 बीसीएम है।

सीडब्ल्यूसी के मुताबिक पूर्वी क्षेत्र में - असम, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, नागालैंड और बिहार में कुल 23 जलाशय हैं, जिनकी कुल जल भंडारण क्षमता 20.430 बीसीएम है। आयोग ने कहा कि उपलब्ध जल भंडारण 5.645 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 28 प्रतिशत है। पश्चिमी क्षेत्र - गुजरात और महाराष्ट्र - में कुल 49 जलाशय हैं, जिनकी कुल भंडारण क्षमता 37.130 बीसीएम है। इन जलाशयों का मौजूदा भंडारण 8.833 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 24 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष के 28 प्रतिशत से कम है, लेकिन सामान्य भंडारण 23 प्रतिशत से बेहतर है।

वहीं मध्य क्षेत्र-उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़-में 26 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 48.227 बीसीएम है। वर्तमान में उपलब्ध भंडारण क्षमता 14.046 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 29.1 प्रतिशत है। पिछले वर्ष भंडारण क्षमता 37 प्रतिशत थी। इन जलाशयों की सामान्य भंडारण क्षमता 29.4 प्रतिशत होती है।

### 31 मई तक घटकर रही गई 5.864 बीसीएम क्षमता



सीडब्ल्यूसी बुलेटिन के अनुसार 16 मई से 31 मई के सप्ताह के लिए यह घटकर 5.864 बीसीएम (कुल क्षमता का 30 प्रतिशत) रह गई है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जल भंडारण कुल क्षमता का 38 प्रतिशत था। वर्ष के इस समय सामान्य जल संग्रहण 31 प्रतिशत होता है।

## भारी बारिश से मणिपुर के राजभवन परिसर में जलभराव

**इंफाल।** चक्रवात रेमल के प्रभाव से पिछले कुछ दिनों में हुई मूसलाधार बारिश के कारण मणिपुर के राजभवन परिसर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इंफाल घाटी में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से तीन लोगों की मौत हो गई है,जबकि हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंफाल नदी के तटबंध विभिन्न स्थानों पर टूटने के बाद राजभवन परिसर में पानी एकत्र हो गया। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों की तुलना में राजभवन की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। इस बीच, मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के प्रवक्ता निंगोम्बम बुपेंद्र ने 'एक्स' पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा-राजभवन बाढ़ के पानी में डूब रहा है।

# योगी सबसे योग्य मुख्यमंत्री, उन्हें हटाने के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता : नड्डा

**लखनऊ/नई दिल्ली, एजेंसी**



- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने साक्षात्कार में की सीएम की तारीफ

तिहाड़ जेल से बेल पर छूटे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ पर दिए गए विवादित बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने करारा जवाब दिया है। एक निजी टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में जेपी नड्डा ने कहा कि पूरे देश में योगी आदित्यनाथ जैसा मुख्यमंत्री कोई नहीं है। वह सबसे योग्य मुख्यमंत्री हैं। उनकी काबिलियत पर हर किसी को भरोसा है। उन्हें हटाने के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता है।

साक्षात्कार के दौरान जब जेपी नड्डा से केजरीवाल के उस बयान के विषय में पूछा गया कि जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव के बाद सीएम योगी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से हटा देंगे तो इस पर जेपी नड्डा ने कहा कि सीएम योगी का काम पूरे देश में सबसे शानदार रहा है। उन्होंने जिस कुशलता के साथ प्रदेश की बागडोर संभाली है, वह उन्हें सबसे योग्य मुख्यमंत्री साबित करती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि उनके विषय में ऐसी बातें करने वाला व्यक्ति कोई अज्ञानी ही होगा। केजरीवाल पागल हो गए हैं। उनकी कुटिल चालों को देश की जनता अच्छी तरह समझती है।

## एक नजर

### अदालत ने नीरव माल्या व चोकसी को लेकर ईडी की खिंचाई

**मुंबई।** महाराष्ट्र में धन शोधन निवारण अधिनियम की एक विशेष अदालत ने नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी को पकड़ने में विफलता के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की खिंचाई की। सुनवाई के दौरान अदालत ने चार्टर्ड अकाउंट व्योमेश शाह की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें उन्होंने विदेश यात्रा के लिए अदालत की पूर्व अनुमति को खत्म करने की मांग की थी। शाह पर गरवारे इंडस्ट्रीज के निहाल गरवारे के लिए धन शोधन का आरोप है, जिसे पिछले साल जेएंडके बैंक को एक सौ करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### मप्र में सरपंच का पति घूस लेते पकड़ा गया

**इंदौर।** लोकायुक्त पुलिस ने मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में एक गांव की सरपंच के पति को शुक्रवार को 95,000 रुपये की कथित घूस लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आरडी मिश्रा ने बताया,"व्यासखेड़ी गांव की सरपंच सुंदरबाई के पति राहुल रावत (28) को कनाड़िया रोड के एक अस्पताल के बाहर जाल बिछा कर रंगे हाथों पकड़ा गया है।

## ईडी को सात जून तक पूरक आरोप पत्र दाखिल करने का निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### रेलवे में नौकरी के बदले जमीन का मामला



दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भारतीय रेलवे में कथित तौर पर नौकरी के बदले जमीन घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में सात जून तक पूरक आरोप-पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कथित घोटाले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के कई सदस्य शामिल हैं।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि उन्होंने पिछले कुछ महीनों में कार्यवाही के दौरान कई बार ईडी से जांच पूरी होने के बारे में पूछा है। न्यायाधीश ने कहा कि ईडी के वकील ने बार-बार कहा है कि आगे की जांच अग्रिम चरण में है और जल्द ही पूरी होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि 12 अप्रैल को पारित अपने आदेश में अदालत ने ईडी को दो सप्ताह के भीतर किसी भी शेष जांच के निष्कर्ष को अंतिम रूप देने का प्रयास करने का निर्देश दिया था। हालांकि, आज तक कोई और पूरक आरोप-पत्र दायर नहीं किया गया। न्यायाधीश ने कहा-यह अदालत उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार सांसदों/विधायकों से संबंधित सभी मामलों में तेजी लाने के लिए अधिकृत है। न्यायाधीश ने कहा कि सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप धनशोधन की कथित प्रकृति में परस्पर जुड़े तथ्यों और लेन-देन का एक समूह हैं, भले ही ये अब तक आगे बढ़ाए गए हों या नहीं। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए सात जून की तारीख तय करते हुए ईडी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि वह पूरक आरोप-पत्र अगली तारीख तक दाखिल करे। न्यायाधीश ने 29 मई को कथित घोटाले में अंतिम आरोप पत्र दाखिल करने में देरी के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की खिंचाई की थी। विशेष न्यायाधीश ने आरोप-पत्र दाखिल करने के लिए हर तारीख पर सीबीआई द्वारा अतिरिक्त वक्त मांगे जाने पर नाखुशी जताई थी। सीबीआई ने मार्च में तीन आरोपियों-अशोक कुमार, बबीता और भोला यादव के खिलाफ पूरक आरोप-पत्र दाखिल किया था।

# किशोरियों की बिक्री के मुद्दे पर राजस्थान को नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- मानवाधिकार आयोग ने दिए कार्रवाई के निर्देश

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राजस्थान की किशोरियों को दूसरे राज्यों में बेचने की शिकायतों के संबंध में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

आयोग ने राज्य सरकार को बालिकाओं की तस्करी और वेश्यावृत्ति के कृत्यों पर अंकुश लगाने के लिये राज्य स्तरीय मानव तस्करी विरोधी नोडल अधिकारी नियुक्त करने और उसे जिला मानव तस्करी विरोधी इकाइयों (डीएएचटीयू) के सहयोग के साथ मिलकर इस तरह के अपराधों को रोकने के लिये काम करने को कहा है। आयोग की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, उसने राज्य सरकार द्वारा हाल की कुछ ऐसी घटनाओं में मामला दर्ज किये जाने की बात स्वीकार की है लेकिन कहा है कि ऐसा लगता है कि किशोरियों की तस्करी की घटनाएं जारी हैं। आयोग ने मानव तस्करी रोकने और पीड़ितों के पुनर्वास जैसे कार्यों के लिये केन्द्रीय गृह मंत्रालय की व्यापक योजना के तहत गठित की जाने वाली डीएएचटीयू को प्रभावी रूप से लागू करने के लिये सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को नोटिस भेजें हैं।

## अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 3 जुलाई तक बढ़ा दी। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत समाप्त होने के बाद उन्हें जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया और विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी रिमांड बढ़ा दी। न्यायाधीश ने ईडी से हाल में दायर आरोपपत्र की प्रति सिसोदिया और अन्य सह-आरोपियों को देने को भी कहा। न्यायाधीश ने मामले में इन आरोपियों के वकील को ईडी कार्यालय में दस्तावेज देखने के लिए एक महीने का समय दिया। सह-आरोपी और आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की तरफ से पक्ष रख रहे वकील ने अदालत से कहा कि दस्तावेज का अध्ययन करने में 90 से 100 घंटे लग सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में पुनर्मतदान की याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के मुंगेर में कथित तौर पर कई मतदान केंद्रों पर कब्जे और कमजोर वर्ग के लोगों को मतदान नहीं करने देने का आरोप लगाते हुए उन जगहों पर पुनर्मतदान का निर्देश चुनाव आयोग को देने की मांग वाली एक याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की अवकाशकालीन पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए इसे खारिज करने का आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ता कुमारी अनीता की ओर से पहले पटना उच्च न्यायालय से फरियाद करने का विकल्प नहीं अपनाने पर आपत्ति जताई है।

# भाजपा हरियाणा-यूपी सरकारों से पानी उपलब्ध कराने को कहे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- अरविंद केजरीवाल ने आग्रह करते हुए कहा-यह राजनीति करने का समय नहीं है



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को भाजपा से आग्रह किया कि वह हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से राष्ट्रीय राजधानी को एक महीने तक पानी उपलब्ध कराने के लिए कहे। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राजनीति करने का समय नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी गंभीर जल संकट का सामना कर रही है।

वहीं जल संसाधन मंत्री आतिशी ने हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ने का आरोप लगाया है। आप सरकार के खिलाफ भाजपा द्वारा आज प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इससे समस्या का समाधान नहीं होगा। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा-मेरी सभी से हाथ जोड़ कर विनती है कि इस वक़्त राजनीति करने की बजाय, आइये, मिलकर दिल्ली के लोगों को राहत दिलवायें। उन्होंने कहा, "अगर भाजपा हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से बात करके एक महीने के लिए दिल्ली को कुछ पानी दिलवा दे तो दिल्ली वाले भाजपा के इस कदम की खूब सराहना करेंगे। इतनी भीषण गर्मी किसी के हाथ की बात नहीं। लेकिन हम सब मिलकर काम करें तो लोगों को इससे राहत तो दिलवा सकते हैं।

### दिल्ली सरकार ने अधिक पानी की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय का किया रुख

दिल्ली सरकार ने भीषण गर्मी के दौरान जल संकट से जूझ रही राष्ट्रीय राजधानी को अधिक पानी की आपूर्ति करने के लिए हरियाणा को निर्देश देने का अनुरोध करते हुए शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। आम आदमी पार्टी (आप) नीत दिल्ली सरकार ने हरियाणा को हिमाचल से मिलने वाले अतिरिक्त जल को राष्ट्रीय राजधानी को देने की मांग की है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की ओर से दायर याचिका में केंद्र, भाजपा शासित हरियाणा और कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश को पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि पानी बुनियादी मानवाधिकारों में से एक है। याचिका में कहा गया कि पानी की उपलब्धता किसी भी व्यक्ति के बुनियादी मानवाधिकारों में से एक है। पानी न केवल जीने के लिए आवश्यक है, बल्कि पानी तक पहुंच संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमा एवं गुणवत्तापूर्ण जीवन की गारंटी का एक अनिवार्य घटक भी है।

अमृत विचार

# विश्व कप

कानपुर, शनिवार, 1 जून 2024
www.amritvichar.com



# होम रन नहीं, चौके-छक्कों की होगी बारिश

## अमेरिका पहुंचा क्रिकेट, आज से शुरू होगा टी-20 विश्व कप का महासमर, यूएसए और कनाडा के बीच होगा पहला मैच



फाइल फोटो

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

टी-20 विश्व कप के जरिए क्रिकेट का कारवां बेसबॉल के दीवाने देश अमेरिका में दस्तक देगा तो कई नए सितारे चमकेंगे तो कई बेनूर भी होंगे, कुछ प्रबल दावेदार होंगे तो कुछ छिपे रूस्तम निकलेंगे। आज शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के इस महासमर में पहली बार 20 टीमें जोर आजमाइश करेंगी तो इसकी भव्यता देखने लायक होगी।

भारतीय टीम जहां पिछले काफी समय से आईसीसी खिताब नहीं जीत पाने का मलाल मिटाना चाहेगी तो ऑस्ट्रेलिया एक और खिताब जीतकर अपना दबदबा कायम रखने की फिराक में होगा। पाकिस्तान और वेस्टइंडीज का लक्ष्य सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का होगा। गत चैंपियन इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की चुनौती भी कमतर नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के पास हेनरिच क्लासेन, डेविड मिलर, क्विंटोन डिकॉक और कैगिसो रबाडा जैसे मैच विनर हैं और इसका लक्ष्य चोकर्स का तमगा हटाने का होगा।

इस टूर्नामेंट के जरिए अमेरिका में क्रिकेट का पदार्पण होने जा रहा है जहां 29 दिन के भीतर 55 में से 16 मैच खेले जाएंगे। बाकी 39 मैच वेस्टइंडीज में होंगे जिनमें सुपर आठ चरण के मैच, सेमीफाइनल और फाइनल शामिल है। खिताब के प्रबल दावेदारों के अलावा अफगानिस्तान की चुनौती को भी कमतर नहीं आंका जा सकता जो अपना दिन होने पर कोई भी उलटफेर कर सकती है। जहां तक टीम इंडिया का सवाल है तो सबसे मजबूत टीमों में से एक होने के बावजूद यह 2013 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी है। इस बार बतौर कप्तान रोहित की साख भी दाव पर है। रोहित से पहले विराट कोहली भी सबसे सफल टेस्ट कप्तान जरूर रहे लेकिन आईसीसी खिताब नहीं जीत सके।

पिछले 12 महीने में भारतीय टीम दो आईसीसी टूर्नामेंटों में उपविजेता रही और ऑस्ट्रेलिया के हाथों अपनी धरती पर पिछले साल एक दिवसीय विश्व कप का फाइनल हार गई। पिछले दो टी-20 विश्व कप में पुराने ढर्रे पर चलने का उसे खामियाजा भुगतना पड़ा लेकिन इस बार वह गलती दोहराना नहीं चाहेगी। भारत को यहां तीन मैच खेलने हैं जिनमें पाकिस्तान के खिलाफ नौ जून को होने वाला चर्चित मुकाबला शामिल है। भारतीय टीम इसी मैदान पर एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी जबकि टूर्नामेंट का पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से खेलना है।

### वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को 35 रनों से हराया

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** निकोलस पूरन (75), कप्तान रोवमन पॉवेल (52) और शरफेन रदरफोर्ड (47) रनों की तूफानी पारियों तथा उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया को 35 रनों से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन ने जॉनसन चार्ल्स के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट लिए 90 रनों की साझेदारी की। निकोलस पूरन ने 25 गेंद पर सर्वाधिक 75 रन और जॉनसन चार्ल्स ने 31 गेंदों में 40 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 257 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 258 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया लेकिन वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के विकेटों को गिराते हुए उनकी रनों की रफ्तार पर लगाम लगाई। ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 222 रन ही बना सकी और 35 रनों से मुकाबला हार गई।

## अभ्यास मैच आज, भारतीय टीम के पास खुद को परखने का मौका



**न्यूयॉर्क।** भारतीय टीम टी-20 विश्व कप में पांच जून को होने वाले अपने शुरुआती मुकाबले से पहले आज जब बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच के लिए मैदान पर उतरेगी तो उसके सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल प्रभावी योगदान देकर अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे तो वहीं अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह का साथी बनने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विश्व कप के 13 साल के सूखे को खत्म करने के लिए टीम की सबसे बड़ी चुनौती सही संयोजन को ढूंढने की होगी। ऐसे में यह अभ्यास मैच काफी महत्वपूर्ण होगा। विराट कोहली इस मैच के शुरू होने से कुछ समय पहले अमेरिका पहुंचेंगे ऐसे उनके इस मैच को खेलने की संभावना कम है। भारतीय टीम बाकी के सभी 14 खिलाड़ियों को इस मैच में आजमाना चाहेगी क्योंकि इस मुकाबले को आधिकारिक मान्यता नहीं मिली है। यह सभी खिलाड़ियों के लिए लय परखने का अवसर होगा। कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दो ऐसे क्षेत्र है जहां विवेकपूर्ण निर्णय लेने की आवश्यकता होगी।

### हमें हालात को समझना होगा : रोहित

**न्यूयॉर्क।** नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की तारीफ करते हुए भारतीय कप्तान रोहित ने कहा कि पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ मैच से पहले उनकी टीम को पिच और हालात के अनुकूल ढलना होगा। अभ्यास मैच इसलिए भी अहम है क्योंकि भारत के मैच स्थानीय समयानुसार सुबह 10 .30 पर शुरू होंगे । रोहित ने कहा हम हालात को समझने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि हम यहां पहले खेले नहीं हैं। हम कोशिश यही करेंगे कि पांच जून को पहले मैच से पूर्व हालात के अनुकूल ढल सकें।

### लामिछाने को अमेरिका ने नहीं दिया वीजा

**काठमांडू।** नेपाल के शीर्ष लेग स्पिनर संदीप लामिछाने टी-20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि ने अमेरिका ने दूसरी बार उनके वीजा आवेदन को नामंजूर कर दिया। अमेरिका ने पिछले सप्ताह उनका वीजा आवेदन नामंजूर कर दिया था। इसके बाद नेपाल सरकार और नेपाल क्रिकेट संघ ने दोबारा आवेदन किया था। नेपाल क्रिकेट संघ ने बयान ने कहा आवश्यक पहल करने के बावजूद अमेरिकी दूतावास ने राष्ट्रीय खिलाड़ी लामिछाने को वीजा देने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है।

| ग्रुप ए |
|---|
| भारत |
| पाकिस्तान |
| आयरलैंड |
| कनाडा |
| यूएसए |
| **ग्रुप बी** |
| इंग्लैंड |
| ऑस्ट्रेलिया |
| नामीबिया |
| स्कॉटलैंड |
| ओमान |
| **ग्रुप सी** |
| न्यूजीलैंड |
| वेस्टइंडीज |
| अफगानिस्तान |
| युगांडा |
| पापुआ न्यू गिनी |
| **ग्रुप डी** |
| दक्षिण अफ्रीका |
| श्रीलंका |
| बांग्लादेश |
| नीदरलैंड |
| नेपाल |

### टी-20 विश्व कप का कार्यक्रम

| दिनांक | मुकाबले | शहर |
|---|---|---|
| 1 जून | यूएसए बनाम कनाडा | डलास |
| 2 जून | वेस्ट इंडीज बनाम पापुआ न्यू गिनी | गुयाना |
| | नामीबिया बनाम ओमान | बारबाडोस |
| 3 जून | श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीका | न्यूयॉर्क |
| | अफगानिस्तान बनाम युगांडा | गुयाना |
| 4 जून | इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड | बारबाडोस |
| | नीदरलैंड बनाम नेपाल | डलास |
| 5 जून | **भारत बनाम आयरलैंड** | **न्यूयॉर्क** |
| | पापुआ न्यू गिनी बनाम युगांडा | गुयाना |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम ओमान | बारबाडोस |
| 6 जून | यूएसए बनाम पाकिस्तान | डलास |
| | नामीबिया बनाम स्कॉटलैंड | बारबाडोस |
| 7 जून | कनाडा बनाम आयरलैंड | न्यूयॉर्क |
| | न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान | गुयाना |
| | श्रीलंका बनाम बांग्लादेश | डलास |
| 8 जून | नीदरलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका | न्यूयॉर्क |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड | बारबाडोस |
| | वेस्ट इंडीज़ बनाम युगांडा | गुयाना |
| 9 जून | **भारत बनाम पाकिस्तान** | **न्यूयॉर्क** |
| | ओमान बनाम स्कॉटलैंड | एंटीगुआ |
| 10 जून | दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश | न्यूयॉर्क |
| 11 जून | पाकिस्तान बनाम कनाडा | न्यूयॉर्क |
| | श्रीलंका बनाम नेपाल | फ्लोरिडा |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया | एंटीगुआ |
| 12 जून | **यूएसए बनाम भारत** | **न्यूयॉर्क** |
| | वेस्ट इंडीज़ बनाम न्यूज़ीलैंड | त्रिनिदाद |
| 13 जून | इंग्लैंड बनाम ओमान | एंटीगुआ |
| | बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड | सेंट विंसेंट |
| | अफगानिस्तान बनाम पापुआ न्यू गिनी | त्रिनिदाद |
| 14 जून | यूएसए बनाम आयरलैंड | फ्लोरिडा |
| | दक्षिण अफ्रीका बनाम नेपाल | सेंट विंसेंट |
| | न्यूज़ीलैंड बनाम युगांडा | त्रिनिदाद |
| 15 जून | **भारत बनाम कनाडा** | **फ्लोरिडा** |
| | नामीबिया बनाम इंग्लैंड | एंटीगुआ |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम स्कॉटलैंड | सेंट लूसिया |
| 16 जून | पाकिस्तान बनाम आयरलैंड | फ्लोरिडा |
| | बांग्लादेश बनाम नेपाल | सेंट विंसेंट |
| | श्रीलंका बनाम नीदरलैंड | सेंट लूसिया |
| 17 जून | न्यूज़ीलैंड बनाम पापुआ न्यू गिनी | त्रिनिदाद |
| | वेस्ट इंडीज बनाम अफगानिस्तान | सेंट लूसिया |
| 19 जून | ए2 बनाम डी1 | एंटीगुआ |
| | बी1 बनाम सी2 | सेंट लूसिया |
| 20 जून | सी1 बनाम ए1 | बारबाडोस |
| | बी2 बनाम डी2 | एंटीगुआ |
| 21 जून | बी1 बनाम डी1 | सेंट लूसिया |
| | ए2 बनाम सी2 | बारबाडोस |
| 22 जून | ए1 बनाम डी2 | एंटीगुआ |
| | सी1 बनाम बी2 | सेंट विंसेंट |
| 23 जून | ए2 बनाम बी1 | बारबाडोस |
| | सी2 बनाम डी1 | एंटीगुआ |
| 24 जून | बी2 बनाम ए1 | सेंट लूसिया |
| | सी1 बनाम डी2 | सेंट विंसेंट |
| 26 जून | **सेमीफाइनल-1** | गुयाना |
| 27 जून | **सेमीफाइनल-2** | त्रिनिदाद |
| 29 जून | **फाइनल** | **बारबाडोस** |

## इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हराया



**ओवल, एजेंसी**

फिल सॉल्ट (45) और कप्तान जॉस बटलर (39) रनों की शानदार परियों तथा गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने आखिरी टी-20 में पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर चार मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है।

सीरीज के दो मैच बारिश की वजह से रद्द हो गए थे। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के कप्तान बाबर और रिजवान की सलामी जोड़ी ने तेज शुरुआत की, लेकिन पाकिस्तान की पारी 19.5 ओवर में 157 रन पर सिमट गई। 158 रन के जवाब में इंग्लैंड के कप्तान बटलर और फिल सॉल्ट ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 6.2 ओवर में 82 रन जोड़ डाले। जॉनी बेयरस्टो (28) और हैरी ब्रूक (17) रन बनाकर कर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 15.3 ओवर में 158 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

## फ्रेंच ओपन में बारिश, हार से भीगे दिग्गज

- 17 वर्ष की मीरा एंड्रीवा ने विक्टोरिया अजारेंका को हराया
- रूबलेव उलटफेर का शिकार चौथे दौर में पहुंची कोको गॉफ
- गैर वरीयता प्राप्त पीटन स्टर्न्स ने डारिया कसाटकिना को दी मात

**पेरिस, एजेंसी**

छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव को शुक्रवार को यहां फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में माटियो अर्नाल्डी से हारकर उलटफेर का सामना करना पड़ा जबकि महिलाओं के वर्ग में मौजूदा अमेरिकी ओपन चैम्पियन कोको गॉफ ने चौथे दौर में प्रवेश किया।

रूबलेव को 35वीं रैंकिंग पर काबिज अर्नाल्डी से 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा जिसमें उन्होंने 37 'अनफोर्स्ड' और चार डबल फॉल्ट किये। रूबलेव को अब अगले दौर में अर्नाल्डी का सामना स्टेफानोस सिटसिपास और झिनझेन झांग के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ना है। यानिक सिनर ने पावेल कोतोव को शिकस्त दी। महिलाओं के वर्ग में गॉफ ने डायना यास्त्रेमस्का को 38 'अनफोर्स्ड' गलतियां करने पर मजबूर किया और 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। बारिश के कारण देर रात तक चले टूर्नामेंट के मैचों में कई उलटफेर देखने को मिले कई दिग्गजों को हार का सामना करना पड़ा। जिसमें अमेरिका की गैर वरीयता प्राप्त पीटन स्टर्न्स की 10वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना पर जीत भी शामिल है। इटली की एलिजाबेटा कोसियारेटो (51 रैंकिंग) ने लियूडमिला सैमसोनोवा (17 रैंकिंग) पर 7-6, 6-2 की जीत से एक और उलटफेर किया। अब कोसियारेटो की भिड़ंत गॉफ से होगी। बारिश के कारण लगातार तीसरे दिन खेल प्रभावित रहा। शुक्रवार को अभी तक दो बार खेल रोका जा चुका है।



आंद्रे रुबलेव के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते इटली के माटेओ अर्नाल्डी।



यूक्रेन की दयाना यास्त्रेमस्का के खिलाफ शॉट खेलती अमेरिका की कोको गौफ।

वहीं स्टर्न्स को अपनी बारी के लिए पूरे दिन इंतजार करना पड़ा लेकिन यह मैच जब बीती रात नौ बजे के बाद शुरू हुआ तो इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 17 फोरहैंड विनर्स लगाकर कसाटकिना को 7-5, 6-2 से हराया। रूस की 17 वर्ष की खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और यहां 19वीं वरीयता प्राप्त विक्टोरिया अजारेंका को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया। एंड्रीवा का अगला मुकाबला स्टर्न्स से होगा। वह पहली बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचेगी।

## खेल डायरी

### नीरज को यूरोप में दो माह की ट्रेनिंग की मिली मंजूरी



**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा की पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए यूरोप में 60 दिन की ट्रेनिंग लेने की योजना को मंजूरी दे दी जिसमें उनके साथ कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो ईशान मारवाह भी होंगे। खेल मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) ने एशियाड स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट के हंगरी में 10 से 21 जून तक होने वाले अंतर्राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर में स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच वेन पैट्रिक लोम्बार्ड को शामिल करने का प्रस्ताव भी स्वीकार कर लिया। वह 29 मई से 28 जुलाई तक यूरोप में अलग अलग स्थानों पर ट्रेनिंग करेंगे। वहीं, पहलवान विनेश छह से नौ जून तक बुडापेस्ट में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की दूसरी रैंकिंग सीरीज पोलयाक इमरे एवं वरगा जानोस मेमोरियल में हिस्सा लेंगी। इनके साथ ही एमओसी ने लंबी कूद एथलीट शैली सिंह के यूरोप में ट्रेनिंग शिविर को 23 जून तक बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

### अदिति अमेरिकी महिला ओपन के पहले दौर में संयुक्त 35वें स्थान पर

**लैंकेस्टर (पेंसिल्वेनिया)।** मेजर टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने की कवायद में लगी भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने अमेरिकी महिला ओपन के पहले दौर में तीन ओवर 73 का कार्ड खेला। अदिति पहले दौर के बाद संयुक्त 35वें स्थान पर हैं। पहले दौर में केवल चार खिलाड़ियों ने अंडर पार का स्कोर बनाया। जापान की युका सासो पहले दौर के बाद दो शॉट की बढ़त पर हैं। उनके बाद एमेच्योर एडेला सेर्नोसेक, थाईलैंड की विचानी मीचाई और एंड्रिया ली का नंबर आता है जिन्होंने एक अंडर 69 का स्कोर बनाया। इस भारतीय खिलाड़ी ने अपने दूसरे नौ होल में दूसरे और नौवें होल में बोगी और इस बीच पार चार वाले चौथे होल में डबल बोगी की।

### विश्व जूनियर चैंपियनशिप में प्रणव और दिव्या करेंगे भारत की अगुवाई

**गांधीनगर।** अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा, भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रणव आनंद और अंतर्राष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख शनिवार को यहां शुरू होने वाली फिडे विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में खिताब के बड़े दावेदार होंगे। चौदह जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 46 देशों के 230 खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें कई ग्रैंडमास्टर है। गुजरात राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित की जा रही चैंपियनशिप का उद्देश्य खेल को बढ़ावा देना और युवा प्रतिभाओं को अपनी चमक बिखरने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। सचिव देव पटेल ने कहा यह आयोजन केवल दुनिया भर के युवा शतरंज खिलाड़ियों की अविश्वसनीय प्रतिभा को प्रदर्शन का मौका देगा।

### आईबीए से अलग हुआ भारत, विश्व मुक्केबाजी से जुड़ा



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने शुक्रवार को निलंबित आईबीए से नाता तोड़ लिया और ओलंपिक में खेल के भविष्य को लेकर खतरे से निपटने के लिए विश्व मुक्केबाजी से जुड़ गया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने महीनों पहले चेताया था कि अगर राष्ट्रीय महासंघ अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से जुड़े रहे तो 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से इस खेल को हटाया जा सकता है। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा मुक्केबाजी का ओलंपिक दर्जा बरकरार रहना खेल के लिए जरूरी है लिहाजा हम विश्व मुक्केबाजी से जुड़कर खुश हैं। विश्व मुक्केबाजी का गठन अप्रैल 2023 में किया गया। इसके अध्यक्ष आईबीए अध्यक्ष पद के पूर्व दावेदार बोरिस वान डेर वोर्स्ट हैं। वान डेर वोर्स्ट ने कहा अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण देश है और हम बीएफआई का विश्व मुक्केबाजी परिवार में स्वागत करते हैं। यह बेहद रोमांचक कदम है जिससे एशिया में हमारी मौजूदगी बढ़ेगी।

## सेमीफाइनल में पहुंची त्रिशा-गायत्री

**सिंगापुर ओपन**

**कल्लांग, एजेंसी**

त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय बैडमिंटन जोड़ी शुक्रवार को दक्षिण कोरिया की कित सो यंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में आज यहां भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया की किम सो यंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को 79 मिनट तक चले बेहद ही रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 18-21, 21-19, 24-22 से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय महिला युगल की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कोरिया की किम-कोंग की जोड़ी ने पहले गेम में बढ़त के साथ त्रिशा-गायत्री की जोड़ी पर दबाव बनाया। इसके बाद कोरियाई जोड़ी ने बढ़त के साथ पहले गेम में अपनी पकड़ मजबूत की। मैच के दूसरे गेम में कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस गेम में काफी उतार चढ़ाव देखा गया पहले भारतीय जोड़ी ने 7-3 की बढ़त के साथ शानदार शुरुआत की। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों 19-19 की बराबरी पर पहुंचा कर मैच में वापसी की। तीसरे और निर्णायक गेम में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली। मैच का सबसे रोमांचक पल तब आया जब दोनों टीम 20-20 की बराबरी पर पहुंच गई। फिर खेल 22-22 तक पहुंच गया लेकिन अंत में भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार दो अंक हासिल करके गेम को 24-22 से अपने नाम करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।




## पेरिस ओलंपिक में निशांत देव ने पक्का किया स्थान

- निकहत, प्रीत पवार और लवलीना पहले कर चुकीं टिकट पक्कता
- क्वार्टर फाइनल में निशांत ने वासिल सेबोटारी को हराया

**बैंकॉक, एजेंसी**

निशांत देव (71 किग्रा) मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर्स के सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस में होने वाले खेलों का कोटा हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पिछले क्वालीफायर्स में मामूली अंतर से ओलंपिक का टिकट कटाने से चुके निशांत ने क्वार्टर फाइनल में मोल्दोवा के वासिल सेबोटारी को 5-0 से हराकर कोटा हासिल किया।

भारत ने इस तरह से मुक्केबाजी में ओलंपिक के लिए चौथा कोटा स्थान हासिल किया। निशांत से पहले महिला मुक्केबाज निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीत पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पेरिस के लिए अपना टिकट पक्का कर चुकी हैं। पुरुषों के 71 किग्रा भार वर्ग में पांच कोटा स्थान दांव पर लगे थे और इस तरह से निशांत ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर पेरिस ओलंपिक में अपना स्थान पक्का किया। टूर्नामेंट में अभी तक अपना दबदबा बनाए रखने वाले निशांत ने फिर से आक्रामक शुरुआत की और शुरू से ही दनादन मुक्के जड़कर अपने प्रतिद्वंद्वी को पस्त कर दिया।

## क्वालीफायर्स के क्वार्टर फाइनल में हारी अंकुशिता

**बैंकॉक।** अंकुशिता बोरो की विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर्स में स्वीडन की एग्नेस एलेक्सियसन से 2-3 से हार के साथ ही भारत की महिलाओं के 60 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने की उम्मीदें भी समाप्त हो गई।

भारत की 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी स्वीडिश प्रतिद्वंदी के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन यूरोपीय खेलों की पूर्व पदक विजेता खिलाड़ी ने अपने अनुभव के दम पर बोरो को बाहर का रास्ता दिखा दिया। भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत की लेकिन वह इसे बरकरार नहीं रख पाई। अरुंधति चौधरी (66 किग्रा) और अमित पंघाल (51 किग्रा) को भी आज अपने मुकाबले खेलने हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# चेन्नई में मां का दूध बेचने वाली दुकान की गई सील

चेन्नई, एजेंसी



- 500 रुपये में बेची जा रही थी 50 मिलीलीटर वाली दूध की बोतल
- दुकान मालिक प्रोटीन पाउडर के लाइसेंस पर बेच रहा था मां का दूध

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के माधवरम में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने मां के दूध की बिक्री करने के आरोप में प्रोटीन पाउडर की एक दुकान को सील कर दिया।

अधिकारी के मुताबिक दुकान के मालिक ने प्रोटीन पाउडर बेचने का लाइसेंस लिया था, लेकिन वह मां का दूध बेच रहा था। इस दुकान से 500 रुपये में 50 मिलीलीटर मां के दूध वाली बोतल बेची जा रही थी। छापेमारी में दुकान से मां के दूध से भरी 50 बोतलें मिलीं। पिछले सप्ताह केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण को शिकायत मिली थी कि माधवरम में मां का दूध बेचने के लिए स्टॉक किया गया है। अधिकारी ने कहा कि हमें बोतलों में बंद मां का दूध मिला। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। छापेमारी के दौरान मां के दूध का दान करने वालों के मोबाइल फोन नंबर मिले। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि हमने दुकान सील कर दिया है और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की। यह पहला मौका है जब चेन्नई में मां का दूध बेचा जा रहा है और यह घटना कर्नाटक में मां के दूध की बिक्री पर लगे प्रतिबंध के बाद हुई है। देश के खाद्य नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 24 मई को जारी एक परामर्श में मां के दूध के अनधिकृत व्यावसायीकरण के खिलाफ चेतावनी दी थी। दुकान के मालिक ने बताया कि वह सेवा भावना से माताओं का दूध खरीद रहा है।

## कंसास से चुनाव लड़ रहे भारतीय मूल के अमेरिकी डाक्टर रेड्डी

**वाशिंगटन।** भारत में जन्मे अमेरिकी चिकित्सक डॉ. प्रशांत रेड्डी रिपब्लिकन पार्टी से कंसास के तीसरे कांग्रेसशल जिले से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ रहे हैं।



डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता शैरिस डेविड्स वर्तमान में इस सीट से सांसद हैं। डेविड्स 2018 से तीन बार निर्वाचित हुए हैं। कंसास में छह अगस्त को प्राइमरी चुनाव होगा। चेन्नई में जन्मे रेड्डी को माइक जॉनसन सहित रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का समर्थन है। डॉ. रेड्डी ने कहा कि एक प्रवासी के रूप में मैंने अमेरिका सपने को जिया है और उस देश के लिए योगदान देने की जीवनपर्यंत कोशिश की है जिसने मुझे सब कुछ दिया है। चेन्नई में जन्मे डॉ. रेड्डी का परिवार जब कंसास आकर बसा था, तब उनकी आयु पांच साल थी।

# बूंद-बूंद पानी को तरसा मानव कंठ

पेयजल की समस्या आज दुनिया भर में एक गंभीर चिंता का विषय है। स्वच्छ पेयजल तक पहुंच न होना कई देशों में स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का कारण बनता जा रहा है। यह समस्या विकासशील देशों में अधिक गंभीर है, लेकिन विकसित देशों में भी जल प्रदूषण और जल स्रोतों की कमी एक चिंता का विषय बना हुआ है... आईए जानते है इसके कारण और निवारण के विषय में...



### मुख्य समस्याएं



- **जल की कमी :** शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में जल की प्राकृतिक उपलब्धता कम होती है। जलवायु परिवर्तन से बारिश के क्रम में बदलाव आ रहा है, जिससे दबाव बढ़ रहा है।
- **जल प्रदूषण :** उद्योगों के अपशिष्ट, उर्वरक व कीटनाशकों का उपयोग और सीवेज का जल स्रोतों में मिलना मुख्य कारण है।
- **अपर्याप्त जल आपूर्ति :** कई स्थानों पर जल आपूर्ति की प्रणाली काफी पुरानी और खराब है। जल आपूर्ति और जल शोधन में निवेश की कमी से पेयजल की गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है।
- **स्वच्छता और स्वास्थ्य :** दूषित जल से हैजा, डायरिया, व टाइफॉइड जैसे रोग होते हैं। लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ रही है।

### समाधान

- **जल संरक्षण :** हमें बारिश के पानी को तकनीक का प्रयोग कर संग्रहित करना चाहिए। ड्रिप इरिगेशन और अपशिष्ट जल का शोधन और पुन: उपयोग करना चाहिए।
- **प्रदूषण पर नियंत्रण** : उद्योगों के अपशिष्ट जल का शोधन, उचित सीवेज प्रणाली और संयंत्रों की स्थापना, कीटनाशकों का संयमित उपयोग कर जल बचाया जा सकता हैं।
- जल आपूर्ति प्रणाली में सुधार : उन्नत तकनीक, जल आपूर्ति और शोधन प्रणालियों में निवेश और सख्त नीतियों से आपूर्ति प्रणाली में सुधार लाया जा सकता है।
- जन जागरूकता : लोगों को जल संरक्षण के महत्व और तरीकों के बारे में शिक्षित और जागरूक करने की जरूरत है। स्थानीय समुदायों को जल प्रबंधन में शामिल करने से जल संरक्षण के कार्य में सुधार हो सकता है।

### संकटग्रस्त क्षेत्र

- महाराष्ट्र के मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्र में अनियमित बारिश, और जल प्रबंधन की कमी से सूखा पड़ता है ।
- तमिलनाडु के चेन्नई में भूजल स्तर में गिरावट और जल निकायों का अपर्याप्त संरक्षण।
- राजस्थान का बड़ा हिस्सा शुष्क और अर्ध-शुष्क है, जहां प्राकृतिक जल स्रोतों की कमी, उच्च तापमान, और अपर्याप्त वर्षा से पानी की कमी।
- उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड क्षेत्र अपर्याप्त बारिश, जल संचयन की कमी और भूजल के दोहन से जल संकट से परेशान है।
- आंध्र प्रदेश और तेलंगाना व गुजरात भी भूजल में गिरावट से प्रभावित हैं।
- पंजाब-हरियाणा में अत्यधिक कृषि से भूजल स्तर में गिरावट आई है।
- भूजल स्तर में गिरावट और जल प्रदूषण से देश की राजधानी दिल्ली भी पेयजल संकट से परेशान है।

## एक नजर

### मिनियापोलिस में गोलीबारी बंदूकधारी समेत 3 की मौत

**मिनियापोलिस (अमेरिका)।** अमेरिका के मिनियापोलिस में एक अपार्टमेंट परिसर में गोलीबारी की घटना में संदिग्ध बंदूकधारी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। दक्षिण मिनियापोलिस में हुई गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारी भी घायल हुए हैं। अभी इस मामले में विस्तार से जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस की ओर से जारी एक बयान में बताया गया कि गोलीबारी में दो अधिकारियों के अलावा चार आम नागरिक भी घायल हुए हैं।

### स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको की अस्पताल से छुट्टी

**ब्रातीस्लावा।** स्लोवाकिया के लोकप्रिय प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। कुछ दिन पहले एक कार्यक्रम के दौरान एक हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बैंस्का बिस्ट्रिका शहर के अस्पताल की निदेशक मिरियम लापुनिकोवा ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री फिको को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उनके घर ले जाया गया है। फिको का अब उनके घर में ही इलाज चलेगा। वह राजधानी ब्रातीस्लावा में रहते हैं। लापुनिकोवा ने बयान में फिको को एक अनुशासित मरीज बताया और उनके जल्द से जल्द ठीक होने की कामना की।

### झूठ बोलने पर केस का सामना करेंगे प्रीतम

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के नेता प्रतिपक्ष और वर्कर्स पार्टी के प्रमुख प्रीतम सिंह संसद की विशेषाधिकार समिति के समक्ष झूठ बोलने को लेकर लगाए गए दो आरोपों के सिलसिले में मुकदमे का सामना करने वाले हैं। मीडिया में आई एक खबर यह जानकारी दी गई है। खबर के मुताबिक, प्रीतम सिंह पर पूर्व साथी सांसद रईसा खान के मामले को लेकर झूठ बोलने का आरोप है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, शुक्रवार सुबह हुई सुनवाई पूर्व बैठक में, उप प्रधान जिला न्यायाधीश ल्यूक तैन के समक्ष उनके लिए 16 दिन की सुनवाई निर्धारित की गई।

### हूती विद्रोहियों के 13 ठिकानों पर अमेरिका, ब्रिटेन का हमला

**वाशिंगटन।** लाल सागर और अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हाल में हूती विद्रोहियों के हमलों में वृद्धि के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में ईरान समर्थित विद्रोही समूह के 13 ठिकानों पर हमला किया। अमेरिका के तीन अधिकारियों के मुताबिक अमेरिका एवं ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों और अमेरिकी जहाजों ने कई भूमिगत ठिकानों, मिसाइल दागने वाले स्थलों, हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले स्थल, एक हूती जहाज और अन्य ठिकानों को निशाना बनाया।

# रूस से रक्षा को हमारे दिए हथियार का प्रयोग करेगा यूक्रेन : जर्मनी

## यूक्रेन को अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत इन हमलों से खुद को बचाने का अधिकार

कीव, एजेंसी

जर्मनी की सरकार ने कहा है कि यूक्रेन रूसी सीमा पर स्थित स्थानों से होने वाले हमलों के खिलाफ उसकी ओर से भेजे गए हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। सरकार ने कहा कि जर्मनी के करीबी देशों और यूक्रेन के साथ चर्चा करते हुए वह युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर निरंतर सहयोग प्रदान कर रही है।

सरकार के दिए गए बयान के अनुसार हाल ही में रूस ने खारकीव क्षेत्र, विशेष रूप से सीमा के निकट स्थित ठिकानों से हमले किए हैं। हमारा मानना है कि यूक्रेन को अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत इन हमलों से खुद को बचाने का अधिकार है। बयान में कहा कि इसके लिए, वह अपनी अंतर्राष्ट्रीय कानूनी प्रतिबद्धताओं के अनुसार, हमारी ओर से दिए गए हथियारों का भी इस्तेमाल कर सकता है।

यूक्रेन अमरीका के नेतृत्व में अपने समर्थकों पर दबाव डाल रहा है कि वह रूस के खिलाफ उन्हें लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने की अनुमति दें। वहीं रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भी यूक्रेन की मदद करने और हथियार मुहैया करने वाले देशों को चेतावनी दी थी कि युद्ध में यूक्रेन को हथियार देने वाले देशों को इसका परिणाम गंभीर परिणाम भुगतना हो गया। रूस 24 फरवरी, 2022 से यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान चला रहा है।



- रूस ने खारकीव क्षेत्र, सीमा के निकट स्थित ठिकानों से किए हैं हमले

### ईयू ने रूस को समर्थन देने के लिए नए प्रतिबंध लगाए

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने बैलिस्टिक और परमाणु मिसाइलों के विकास के निरंतर प्रयासों तथा रूस को समर्थन देने के कारण उत्तर कोरिया पर और अधिक प्रतिबंध लगा दिए हैं। ईयू ने कहा कि यात्रा और संपत्ति संबंधी इन पाबंदियों से नौ और लोग तथा संस्थान प्रभावित होंगे। इस संगठन ने उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल परीक्षणों पर संयुक्त राष्ट्र की पाबंदियों पर 2006 में इस पर पाबंदियां लगाना शुरू किया था।

### जर्मनी पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की कमी 2026 से करेगा पूरी

**बर्लिन।** जर्मनी सतह से हवा में मार करने वाली पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की कमी को 2026 से पूरा करना शुरू कर देगा। जर्मनी ने यूक्रेन को ये मिसाइल प्रणाली भेजी हैं और आगे भी इनकी आपूर्ति करते रहने का वादा किया है। जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने वायु रक्षा सैनिकों के निरीक्षण के दौरान कहा कि अप्रैल के मध्य में, हमने यूक्रेन को तीसरा पैट्रियट सिस्टम भेजने का फैसला किया। यह जानते हुए कि हम अपनी पैट्रियट क्षमता का एक चौथाई हिस्सा दे देंगे, लेकिन यह सही और आवश्यक है। इससे हमारे अपने भंडार में कमी क्यों न आ जाए? उन्होंने कहा कि कुछ सप्ताह पहले मंत्रालय ने जर्मन सैन्य बल 'बुंडेसवेहर' को चार प्रणालियों की आपूर्ति के लिए एक नये अनुबंध पर हस्ताक्षर किये, जिसमें 2028 से चार और प्रणालियों की आपूर्ति के लिए एक रूपरेखा समझौता भी तैयार किया जा रहा है। पिस्टोरियस ने कहा कि इस प्रकार, जब 2026 से डिलीवरी शुरू होगी, हम धीरे-धीरे स्टॉक की भरपाई कर लेंगे।

## सैन फ्रांसिस्को के लिए एयर इंडिया के विमान ने 30 घंटे बाद भरी उड़ान

**नई दिल्ली।** सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एयर इंडिया के विमान के 200 से अधिक यात्रियों को दिल्ली हवाई अड्डे पर परेशानी हुई। तकनीकी खराबी, वातानुकूलन के काम न करने और पेलोड संबंधी समस्याओं के कारण उड़ान ने 30 घंटे से अधिक समय की देरी के बाद उड़ान भरी।

सूत्रों के अनुसार गुरुवार शाम में कई बार विमान के समय में बदलाव किया गया, जिससे बुजुर्ग और बच्चे सहित सभी यात्रियों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। रात 9:55 बजे विमान संख्या एआई 1183 ने उड़ान भरी। सूत्रों ने बताया कि विमान में 200 से अधिक यात्री सवार थे, लेकिन इनमें से 21 यात्री शुक्रवार रात को विमान से उतर गए थे। चूंकि सैन फ्रांसिस्को में रात में विमान उतारने पर प्रतिबंध है, इसलिए एयर इंडिया के अधिकारियों ने वहां विमान उतारने के लिए आवश्यक अनुमति ली है। विमान को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जाने में 16 घंटे का समय लगेगा और जब तक यह अमेरिकी में उतरेगा तब तक वहां रात होगी। सैन फ्रांसिस्को जाने वाले विमान को गुरुवार दोपहर बाद 3:30 बजे उड़ान भरनी थी, लेकिन इसे 6 घंटे की देरी के बाद शुक्रवार के लिए पुनर्निर्धारित किया गया।

## पुणे कार दुर्घटना

# बिल्डर अग्रवाल और उनके पिता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

मुंबई, एजेंसी

पुणे की एक अदालत ने एक नाबालिग के तेज रफ्तार लक्जरी कार से टक्कर मारकर दो लोगों की जान लेने से संबंधित मामले में शुक्रवार को उसके पिता विशाल अग्रवाल और दादा सुरेंद्रकुमार बी. अग्रवाल को उनके ड्राइवर को कथित तौर पर धमकाने और उसका अपहरण करने तथा अन्य आरोपों में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

नाबालिग वर्तमान में सुधार गृह में हिरासत में है। उसने तेज रफ्तार लग्जरी कार से मध्य प्रदेश के दो आईटी पेशेवरों - अश्विनी कोष्ठा और अनीश अवधिया को टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गयी। विशाल अग्रवाल (50) को 27 मई को देर रात गिरफ्तार किया गया, जबकि उनके पिता सुरेंद्रकुमार बी. अग्रवाल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और दोनों को 31 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। इसके साथ ही नाबालिग आरोपी की मां शिवानी वी. अग्रवाल भी अब अपने बेटे के खून की रिपोर्ट की अदला-बदली की जांच के सिलसिले में पुलिस की रडार पर आ गई हैं, जिसे जाहिर तौर पर गंभीर अपराध के आरोप से उसे बचाने के लिए बदला गया था।



### पुलिस ने नाबालिग के खिलाफ जांच के लिए किशोर न्याय बोर्ड से अनुमति मांगी

**पुणे।** पुणे पुलिस ने रक्त नमूनों को लेकर आए नये मोड़ के बीच इस दुर्घटना में कथित रूप से शामिल नाबालिग के खिलाफ जांच की अनुमति लेने के लिए किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) को पत्र लिखा है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस हादसे में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई थी। पुलिस का दावा है कि पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को हादसे के वक्त 'पोर्श' कार को 17 वर्षीय लड़का नशे की हालत में चला रहा था। आरोपी को पांच जून तक संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) शैलेश बलकवडे ने कहा कि हमने जेजेबी को पत्र लिखकर इस मामले में नाबालिग के खिलाफ जांच करने की अनुमति मांगी है। किशोर न्याय अधिनियम के मुताबिक, एक नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में की जाएगी।

# ट्रम्प के दोषी ठहराए जाने पर बाईडेन टीम ने कहा- कोई कानून से ऊपर नहीं

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- अमेरिका में पहली बार किसी पूर्व राष्ट्रपति को अपराधिक मुकदमें में ठहराया गया दोषी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को आपराधिक मुकदमे में व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी के सभी मामलों में दोषी ठहराया गया है। ट्रम्प को दोषी ठहराए जाने के बाद राष्ट्रपति जो बाईडेन की टीम ने कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। यह पहला मौका है कि किसी पूर्व राष्ट्रपति को किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है। ट्रम्प को 11 जुलाई को सजा सुनाई जाएगी।

कानूनी विशेषज्ञों ने बताया कि 10 मामलों में जुर्माना होना संभावित है। अदालती घटनाक्रम के बाद ट्रम्प मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप के शेयर 6 फीसदी से अधिक गिरकर 48.66 डॉलर प्रति शेयर पर आ गए। अदालत ने छह सप्ताह में 22 गवाहों को सुना। इनमें स्टॉर्मी डेनियल भी हैं, जो ट्रम्प के साथ यौन संबंध पर इस मामले के केंद्र में थी।

### ट्रंप ने मुकदमे को धांधलीपूर्ण बताया



पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने आपराधिक मुकदमे में न्यायाधीश पर हमला करते हुए और न्यूयॉर्क की आपराधिक न्याय प्रणाली की आलोचना करते हुए शुक्रवार को दोषसिद्धि को अपने व्हाइट हाउस पहुंचने के प्रयास में बाधा नहीं, बल्कि ईंधन के रूप में पेश करने का प्रयास किया। मैनहट्टन में ट्रंप ने कोर्ट के फैसले को राजनीति से प्रेरित बताया और आरोपों को कमतर करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यह हश मनी नहीं है। गोपनीय समझौता था, ये कानूनी और सामान्य है। उनके साथ बेटे एरिक और पुत्रवधू लारा थीं लेकिन उनकी पत्नी मेलानिया नहीं थीं जो फैसला आने के बाद से कुछ नहीं बोलीं।

## दिल्ली के अस्पताल में आग से झुलसी बच्ची की इलाज के दौरान मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शिशु अस्पताल में आग लगने के बाद बचाई गई 50 दिन की बच्ची की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, 50 दिन की बच्ची का इलाज किया जा रहा था। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। जांच शुरू कर दी गई है। बच्ची के परिवार के एक सदस्य ने भी मौत की पुष्टि की है। परिवार के एक सदस्य ने कहा, चिकित्सकों ने शुक्रवार सुबह हमें उसकी मौत के बारे में बताया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब बच्ची को अस्पताल से निकाला गया तब उसके जलने का कोई घाव नहीं था। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बेबी केयर न्यू बॉर्न हॉस्पिटल में 26 मई को आग लगने की घटना में छह नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी और पांच बच्चे घायल हो गए थे।

# सातवीं कक्षा के भारतीय-अमेरिकी छात्र ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी का खिताब जीता

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में फ्लोरिडा के सातवीं कक्षा के 12 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी छात्र बृहत सोमा ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी के टाईब्रेकर में 29 शब्दों का सही उच्चारण कर यह खिताब अपने नाम कर लिया और इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छोटे नस्ली समूह के बच्चों का दबदबा कायम रखा।

बृहत को 'स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी' में विजयी हुए और उन्होंने 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद एवं अन्य पुरस्कार अर्जित किए। इस साल की प्रतियोगिता टाईब्रेकर तक पहुंची, जिसमें बृहत ने 90 सेकंड में 29 शब्दों का सही उच्चारण करके फैजान जकी को हराया। फैजान 'लाइटनिंग राउंड' में 20 शब्दों का सही उच्चारण कर पाये। बृहत का चैम्पियनशिप शब्द एब्सिल था, जिसे पर्वतारोहण के दौरान ऊपर एक आगे निकले हुए हिस्से पर रस्सी के सहारे उतरना के रूप में परिभाषित किया गया है। टाईब्रेकर में बृहत पहले स्थान पर रहे और 30 शब्द पूरे करने के बाद ऐसा लगा कि उन्हें हराना असंभव होगा। शुरुआत में फैजान की गति अधिक असमान थी। उन्होंने 25 शब्दों का उच्चारण किया, लेकिन उनमें से चार गलत हो गए। आयोजकों ने कहा कि बृहत सोम की शब्दों पर अद्भुत पकड़ है। 2024 स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी का चैंपियन। अविश्वसनीय याददाश्त वाला यह लड़का एक भी शब्द नहीं चूका और स्क्रिप्स कप घर ले जा रहा है। बृहत सोमा ने 30 में से 29 शब्दों का सही उच्चारण किया और प्रतिष्ठित चैंपियन का खिताब हासिल करने एवं 2022 में हरिनी लोगन द्वारा बनाए गए स्थायी स्पेल-ऑफ रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास किया।




- बृहत सोमा ने 50,000 डॉलर से अधिक नकद एवं अन्य पुरस्कार किए अर्जित

# 50 लोगों और 150 बंदरों की लू से मौत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** प्रचंड गर्मी से संयुक्त राज्य अमेरिका के मैक्सिको में 50 लोगों की मौत हो गई है और 150 बंदर लू से जान गवां बैठे हैं। मैक्सिको में मई माह में तापमान ने सारे रिकार्ड तोड़ डाले हैं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मैक्सिको में हीट डोम बनने से तापमान में भारी उछाल आया है।

भीषण गर्मी भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों को झुलसा रही है। उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में गर्मी पड़ना स्वाभाविक है, लेकिन ठंडी जलवायु वाले शीतोष्ण प्रदेशों में भी तापमान पैर पसारने लगा है। इन क्षेत्रों में मई माह में तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस ऊपर जाने लगा है। ग्लोबल वार्मिंग इसकी मुख्य वजह है, जिसकी बढ़ोतरी में वायु प्रदूषण अहम भूमिका निभा रहा है और जलवायु में तेजी से परिवर्तन आ रहा है, जिससे पश्चिमी देशों में बवंडर की संख्या बढ़ रही है और भारत जैसे एशियाई देशों में तूफानों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। यह आपदा आने वाले सालों और अधिक विकराल रूप धारण करेगी। वर्तमान में तेजी से बढ़ता तापमान यही संकेत दे रहा है। मैक्सिको एसोसिएटेड प्रेस द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार हीट डोम क्षेत्र बन जाने के कारण गर्म हवा ने मैक्सिको को तपा दिया है। यह हवा एक गुम्बद के रूप में सीमित क्षेत्र में सिमट कर रह गई है। गर्म हवा का यह गुम्बद मई के दूसरे पखवाड़े में मेक्सिको, मध्य अमेरिका और टेक्सास और फ्लोरिडा के क्षेत्रों में खड़ा हो गया। क्रूर गर्मी ने मेक्सिको को विशेष रूप से बुरी तरह प्रभावित किया, जिसमें लगभग 50 लोग हीट स्ट्रोक से मर गए और 150 बंदर मारे गए। एसोसिएटेड प्रेस ने बताया कि उत्तरी मेक्सिको के पशु पार्क में निर्जलीकरण के कारण कम से कम 100 तोते, चमगादड़ और अन्य जानवर मर गए हैं।




- मैक्सिको में तापमान ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले

### समय रहते ग्लोबल वार्मिंग पर अंकुश जरूरी

नैनीताल : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह के अनुसार ग्लोबल वार्मिंग पर अंकुश लगाए बिना मौसमी आपदाओं से निजात पाना आसान नही है। जिसे लेकर वैज्ञानिक बेहद चिंतित है। इस संदर्भ में दुनियाभर के मौसम विशेसज्ञ व पर्यवारणविद्द चेताते आ रहे हैं। मगर इस दिशा में हालात सुधरने की जगह बिगड़ अधिक रहे हैं।

## बॉलीवुड हलचल



### अविर्भव 8 वां अजूबा: नेहा

**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो 'सुपरस्टार सिंगर 3' की जज नेहा कक्कड़ ने प्रतिभागी अविर्भव की तारीफ करते हुए उसे 8वां अजूबा बताया है। इस रविवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के होमग्रोन फॉर्मेट 'सुपरस्टार सिंगर 3' में मेलोडी किंग उदित नारायण और उनकी पत्नी दीपा नारायण का 'उदित नारायण की मास्टरक्लास' नामक विशेष एपिसोड में स्वागत किया जाएगा। इस दिग्गज का सम्मान करते हुए, शो की अविश्वसनीय युवा प्रतिभाएं उदित नारायण के उन कालजयी गानों को गाकर उन्हें नमन करेंगी जिन्हें आज भी पसंद किया जाता है। कोच्चि, केरल के प्रतिभाशाली सात वर्षीय अविर्भव एस. ने फिल्म हम दिल दे चुके सनम के गीत चांद छुपा बादल मेंकी भावपूर्ण प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### केडी-द डेविल्स की शूटिंग शिल्पा ने की पूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपनी आने वाली फिल्म केडी - द डेविल्स की शूटिंग पूरी कर ली है। शिल्पा शेट्टी, केडी - द डेविल में सत्यवती के रूप में सभी का दिल जीतने के लिए तैयार है। शिल्पा शेट्टी ने मैसूर में ध्रुव सरजा और संजय दत्त स्टारर इस फिल्म का आखिरी शेड्यूल पूरा कर लिया है। 1970 के दशक की बैंगलोर की सच्ची घटनाओं पर आधारित पीरियड एक्शन एंटरटेनर, केडी - द डेविल में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, संजय दत्त और वी रविचंद्रन भी हैं। केवीएन प्रोडक्शंस प्रस्तुत केडी-द डेविल, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। पैन-इंडिया बहुभाषी तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### दिलजीत-नीरू का गाना जे मैं रब्ब हुंदा रिलीज

**मुंबई।** पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की जानीमानी जोड़ी नीरू बाजवा और दिलजीत दोसांझ की फिल्म जट्ट एंड जूलियट 3 का गाना 'जे मैं रब्ब हुंदा' रिलीज हो गया है। बिलाल सईद द्वारा गाए जे मैं रब्ब हुंदा के बोल जानी ने लिखे हैं।जगदीप सिद्धू द्वारा निर्देशित, बनी द्वारा रचित और तुषार कालिया द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना प्यार और भक्ति की भव्यता के साथ खूबसूरती से पेश किया है, जो दर्शकों को 90 के दशक में वापस ले जाता है।